जबलपुर
बुधवार, 23 अप्रैल 2025
- वैशाख मास कृष्ण पक्ष-11
- वर्ष : 19, अंक : 346
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 43
न्यून. 22

# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



8 अदालत का सम्मान करे कांग्रेस


मैट्रो
14 गौ हत्या होती रहे ये सहिष्णुता नहीं ...


मोहन कैबिनेट का बड़ा फैसला

### योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संशोधनों को मंजूरी

# अब 11 से 200 जोड़ों के ही मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के सामूहिक विवाह होंगे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सामूहिक विवाह, निकाह के लिए जोड़ों की सीमा तय कर दी गई। अब कम से कम 11 और अधिकतम 200 जोड़ों के ही सामूहिक विवाह और निकाह होंगे।

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से मंत्रिमंडल ने संशोधनों को मंजूरी दे दी। कन्या विवाह तथा निकाह सम्मेलन के लिए संभागवार वार्षिक चक्रीय रूप से कैलेंडर जारी कर सामूहिक विवाह, निकाह कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## कैलेंडर बनाकर संभागवार होंगे सामूहिक विवाह सम्मेलन

### वधू के खाते में जाएगी 49 हजार रुपए की राशि

मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना अंतर्गत पात्रता के लिए कन्या तथा कन्या के अभिभावक का गरीबी रेखा के नीचे जीवन निर्वाह करना अनिवार्य होगा। इनका बीपीएल पोर्टल पर सत्यापन भी अनिवार्य होगा। योजना में प्रति कन्या राशि 55 हजार रूपए में से वधू को 49 हजार रुपए का चेक और शेष 6 हजार रुपए सामूहिक विवाह समारोह आयोजन के लिए संबंधित निकाय को प्रदान किया जाएगा।



## 2022 के बाद.... अब तबादले 1 से 31 मई तक

प्रदेश में करीब ढाई साल बाद 1 से 31 मई तक सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों के तबादले होंगे। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रिमंडल बैठक की ब्रीफिंग के दौरान यह जानकारी दी। इससे पहले मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी तबादलों से रोक हटाने के संकेत दिए थे। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश रहेगी कि तबादला नीति मंत्रिमंडल की अगली बैठक तक आ जाए। बता दें, प्रदेश में 2022 के बाद अब तबादले होंगे। तब जून 2021 की तबादला नीति के आधार पर तबादले हुए थे। प्रदेश में 7.50 लाख कर्मचारी हैं।

### ◆ *टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्रों के लिए 145 करोड़ स्वीकृत*

*राज्य मंत्रिमंडल द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2027-28 के लिए नवीन योजना 'टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्रों के विकास' के लिए 145 करोड़ रूपए की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। इस योजना में बफर क्षेत्रों में संवेदनशील क्षेत्रों में विभिन्न कार्य किए जाएंगे। यह राशि वन्य प्राणियों की सुरक्षा, चारागाह एवं जल स्त्रोत, उपचार एवं स्वास्थ्य परीक्षण पर खर्च की जाएगी।*


2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
74411 61485
Website : ssscn.ac.in

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल न. 1155
airtel चैनल न. 366

IPL आज का मुकाबला
हैदराबाद मुंबई
शाम 7.30 बजे से


### पहलगाम के बेसरण में आतंकियों ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों पर अंधाधुंध करीब 50 राउंड फायरिंग की, 20 पर्यटक घायल

अमरनाथ यात्रा से पहले बड़ा आतंकी हमला

# आतंकियों ने पूछा नाम और मजहब फिर मारी गोली, 27 पर्यटकों को भूना

### *सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस मौके पर पहुंचकर सर्च ऑपरेशन चला रही है। आतंकियों की तलाश की जा रही है। सेना उन दरिंदों को ढूंढकर मारेगी*

1. *पीएम मोदी ने गृहमंत्री शाह को मौके पर जाने को कहा, शाह पहुंचे*
2. *सेना की वर्दी में आए थे 3 से 4 आतंकी, पर्यटकों से की थी बात*
3. *मरने वाले एक इजराइल और इटली के नागरिक, पर पुष्टि नहीं*
4. *हमले में आतंकी संगठन टीआरएफ का हाथ होने की आशंका*

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर/ नई दिल्ली

कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी हमले ने लोगों के दिलों को दहला दिया है। यहां पहलगाम के बेसराण में आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की।

करीब 50 राउंड फायरिंग की। इस हमले में करीब 27 पर्यटकों के मारे जाने की खबर है। करीब 20 पर्यटकों के घायल होने की खबर है। 2 से 3 आतंकी सेना की वर्दी में आए थे। वहीं, इस घटना की चश्मदीद महिला पर्यटक ने एक हैरान कर देने वाली बात बताई है। महिला ने बताया है कि आतंकियों ने पहले लोगों से उनका नाम और धर्म पूछा और उसके बाद उन्हें गोली मारी है।

**यह हमला** अमरनाथ यात्रा शुरू होने से कुछ महीने पहले हुआ है, जिससे सुरक्षा चिंताएं बढ़ गई हैं

**मुख्यमंत्री उमर** अब्दुल्ला ने हमले की निंदा की और कहा कि मेहमानों पर हमला बेहद घृणित काम







### पीएम बोले-आतंकियों को करारा जवाब दें

आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से फोन पर बातचीत की और निर्देश दिया कि उचित कदम उठाएं।



आतंकियों को करारा जवाब दे। पीएम मोदी ने कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं। इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। उन्हें बख्शा नहीं जाएगा! उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा।

### 3 से 5 मिनट तक गोलीबारी

आतंकवादियों ने पहलगाम में पर्यटकों के ऊपर 3 से 5 मिनट तक गोलीबारी की है। इसके बाद आतंकी वहां से भाग गए। सभी घायलों को अनंतनाग के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद भारतीय सेना विक्टर फोर्स और स्पेशल फोर्स, जम्मू-कश्मीर पुलिस की एसओजी और सीआरपीएफ द्वारा आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है।

### पत्नी के हाथ में चूड़ा देखा और गोली मार दी

एक महिला ने पीसीआर को फ़ोन किया। उसने बताया कि 6-7 सैलानियों को गोली लगी... उसने बताया कि एक आतंकी ने गोली चलाई। आतंकियों ने मज़हब पूछकर शख़्स को गोली मारी। पत्नी के हाथ में चूड़ा देखा.. फिर मज़हब पूछकर पति को गोली मार दी गई है। महिला ने बताया- मैं वहां पर थी..क्या बोलते हैं भेलपूड़ी खा रही थी और मेरा पति साइड में थे। सेना की वर्दी में एक आदमी आया और उसने उनको गोली मार दी। उसने बोला कि शायद मुस्लिम नहीं है। उसने उसको गोली मार दी। महिला ने पीसीआर कॉल पर रोते पति को बचाने के लिए मदद मांगी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हमले की घोर निंदा की



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की घोर निंदा की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हमले में हुए सभी दिवंगत नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इस घृणित कृत्य में अपने प्रिय जन खोने वाले शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पहलगाम में हुआ आतंकी हमला कायराना और अमानवीय कृत्य है। इसमें कई निर्दोष लोगों की जान चली गई है।

### पर्यटकों के लिए हेल्पलाइन नंबर

अनंतनाग पुलिस ने पर्यटकों के लिए 24/7 इमजेंसी हेल्प डेस्क बनाया है। सहायता या जानकारी की आवश्यकता वाले पर्यटकों की सहायता के लिए पुलिस नियंत्रण कक्ष अनंतनाग में एक समर्पित सहायता डेस्क स्थापित की गई है। ये दो नंबर जारी किए गए हैं - 9596777669, 01932225870, वॉट्सएप के लिए - 9419051940

## खबर संक्षेप

### एम. रेवती को निदेशक पद के लिए बनाया उम्मीदवार



**नई दिल्ली।** भारत ने दूरसंचार विभाग में संयुक्त बेतार सलाहकार एम. रेवती को अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) में रेडियो संचार ब्यूरो के निदेशक पद के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है। संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वैश्विक रेडियो स्पेक्ट्रम शासन में प्रभावशाली भूमिका के लिए कई दशकों में पहली बार किया गया।

### कोरोना से 1 महिला की मौत, एक नाजुक



**इंदौर।** मध्य प्रदेश में कोरोना वायरस ने एक बार फिर दस्तक दे दी है। राज्य के इंदौर में कोरोना के दो नए मामले सामने आए हैं। इनमें से एक की मौत हो गई। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से बीमार है। अरविंदो अस्पताल में बीते दिनों 74 वर्ष की एक महिला इन्फ्लूएंजा और गले में दर्द समेत कई स्वास्थ्य समस्याओं की वजह से एडमिट हुई थी।

### अब सुबह 4 बजे से होगी प्रेमानंद की पदयात्रा



**मथुरा।** वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज की रात्रि पदयात्रा का समय बदल दिया गया है। इसके पीछे की वजह प्रेमानंद महाराज का खराब स्वास्थ्य बताया जा रहा है। पहले जहां यह पदयात्रा रात 2 बजे शुरू होती थी। अब इसे सुबह 4 बजे निकाला जाएगा। बताया जा रहा है कि कुछ दिनों से प्रेमानंद महाराज की तबीयत सही नहीं चल रही है।

दुबे विवाद के बीच उपराष्ट्रपति धनखड़ का बड़ा बयान

## *संसद ही 'सुप्रीम' इससे ऊपर कोई नहीं, चुने प्रतिनिधि ही कर सकते हैं संविधान में बदलाव*

संविधान कहता है हम, भारत के लोग। इसका मतलब है कि सबसे बड़ी शक्ति लोगों के पास



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिल्ली विश्वविद्यालय में कहा कि संसद सर्वोच्च है और चुने हुए प्रतिनिधि ही असली मालिक हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि संविधान में संसद से ऊपर कोई नहीं है, और लोगों द्वारा चुने गए प्रतिनिधि ही संविधान में बदलाव कर सकते हैं।हाल ही में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि अगर सुप्रीम कोर्ट को ही कानून बनाना है तो संसद को बंद कर देना चाहिए। अब इस मुद्दे को लेकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक बार फिर टिप्पणी की है।

### हर व्यक्ति लोकतंत्र का एक परमाणु

धनखड़ ने जोर देकर कहा कि संविधान में संसद से ऊपर कोई नहीं है। संसद उतनी ही सर्वोच्च है, जितना कि देश का हर व्यक्ति। हम, भारत के लोग में हर व्यक्ति लोकतंत्र का एक परमाणु है। इस परमाणु में शक्ति है। यह शक्ति चुनावों में दिखती है। इसलिए हम एक लोकतांत्रिक देश हैं।

कपिल सिब्बल ने कहा..

### कोर्ट कर सकता है संविधान की व्याख्या



*राज्यसभा सांसद और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने भी धनखड़ से असहमति जताई। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जो कुछ भी कहा है, वह देश के संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप है। यह राष्ट्रीय हित में है। सिब्बल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि संसद के पास कानून बनाने की पूरी शक्ति है। सुप्रीम कोर्ट का कर्तव्य है कि वह संविधान की व्याख्या करे और पूरी तरह से न्याय करे।*

दमोह में दर्दनाक सड़क हादसा

## महादेव घाट के पुल से अनियंत्रित बोलेरो नदी में गिरी, आठ की मौत

**दमोह।** जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनवार चौकी के महादेव घाट पुल के पास मंगलवार दोपहर एक बोलेरो अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गई। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की हालत गंभीर होने पर इलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया। मृतक जबलपुर जिले के पौड़ी व आसपास गांव के निवासी हैं। यह लोग बांदकपुर से दर्शन कर घर वापस जा रहे थे। मरने वालों में एक ही परिवार की 5 बहनें भी हैं। सूचना मिलने के बाद कलेक्टर सुधीर कोचर और एसपी श्रुतिकीर्ति सोमवंशी घटना स्थल पहुंचे।

- बांदकपुर से दर्शन कर घर वापस जा रहे थे

*मरने वालों में एक परिवार की 5 बहनें*



**सीएम ने दुख व्यक्त किया, आर्थिक मदद भी दी:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दमोह जिले में हुई भीषण सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के 8 नागरिकों के असामयिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रूपए एवं घायलों को 50-50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

ट्रक रांग साइड जा रहा था

## ट्रक और मारुति वैन की टक्कर में तीन की मौत



- स्कूटी सवार भी चपेट में आया

**सागर।** सागर-बीना सड़क मार्ग पर नरयावली रोड पर ग्राम जेरई के ब्रिज के पास मंगलवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रक और वैन की भिडंत हो गई। टक्कर के समय वाहनों की चपेट में स्कूटी सवार भी आ गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है। जानकारी के अनुसार, ग्राम जेरई के पास नए ब्रिज से अनाज से भरा ट्रक रांग साइड जा रहा था। सामने से आ रही वैन से भिड़ंत हो गई। इसी दौरान स्कूटी सवार ट्रक और वैन की चपेट में आ गया।

सुहागरात से पहले सजी चिता

## दुल्हन लेकर लौटे दूल्हे की चार घंटे बाद मौत



- दहेज में मिली मोटर साइकिल से हादसा

**शहडोल।** यहां दिल को झकझोर देने वाली घटना सामने आई हैं, जहां सड़क हादसे में दूल्हा समेत एक अन्य युवक की मौत हो गई। दुल्हन की विदाई के बाद दूल्हा अपनी नई नवेली दुल्हन के लिए गिफ्ट लेने दोस्त के साथ बाजार निकला था। दहेज में मिली मोटर साइकिल से हादसा हुआ है। जिले के ब्यौहारी के झिरिया गांव में रहने वाले दूल्हे दीपेंद्र साकेत (22) की सीधी जिले के मगरोहर गांव में शादी हुई थी।

### इंदौर, रीवा, ग्वालियर-चंबल संभाग में लू का अलर्ट, भोपाल-उज्जैन भी तपेंगे

# खजुराहो में पारा 44.4 पर, 27 शहरों में गर्म हवाओं की मार

### खजुराहो के बाद सीधी सबसे गर्म, यहां पारा 43.4 डिग्री रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के पूर्वी हिस्सा सीधी, सतना, टीकमगढ़, छतरपुर, खजुराहो सबसे गर्म है। मंगलवार को खजुराहो में पारा 44.4 डिग्री के पार रहा। वहीं, 27 शहरों में पारा 40 डिग्री या इससे अधिक रहा। बुधवार को भी प्रदेश में तेज गर्मी रहेगी। इंदौर, रीवा, ग्वालियर और चंबल संभाग के 9 जिलों में लू चल सकती है। इनमें अलीराजपुर, बड़वानी, शिवपुरी, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ सीधी और सिंगरौली शामिल हैं।

भोपाल में दिन का तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस



### *सीजन में बीस दिन चलेगी लू*

*मौसम विभाग ने मई तक 15 से 20 दिन लू चलने का अनुमान जताया है। अप्रैल-मई में 30 से 35 दिन तक गर्म हवा चल सकती है। अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में अलग-अलग जिलों में लू का असर देखने को मिलेगा। अप्रैल के पहले और दूसरे सप्ताह में तेज गर्मी और बारिश का दौर बना रहा। पहले सप्ताह में सभी संभागों में सामान्य से 2-3 डिग्री ज्यादा 21-24 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, दिन में पश्चिमी गर्म हवाओं के कारण अधिकतम तापमान इंदौर, सागर और नर्मदापुरम संभागों में सामान्य से ज्यादा 39 से 44 डिग्री तक पहुंच गया। उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर समेत बाकी संभागों में यह 41 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।*

# 2 घंटे में 65 लाख वोटिंग औसत प्रति घंटे के वोटिंग ट्रेंड से काफी कम

## राहुल के दावे को ईसी ने बताया बेबुनियाद

### बोस्टन में नेता प्रतिपक्ष के दावे पर ईसी ने कहा उतने समय में डाले जा सकते थे 116 लाख वोट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की ओर से महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर उठाए सवालों का इलेक्शन कमीशन ने जवाब दिया है। ईसीआई सूत्रों के हवाले से मंगलवार को यह जानकारी दी। इसमें कहा गया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 6,40,87,588 मतदाताओं ने सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान केंद्रों पर पहुंचकर वोट डाला। औसतन प्रति घंटे लगभग 58 लाख वोट पड़े। इस एवरेज ट्रेंड के अनुसार आखिरी 2घंटों में करीब 116 लाख मतदाता वोट डाले जा सकते थे। इसलिए, दो घंटों में 65 लाख मतदाताओं की ओर से वोट डालना औसत प्रति घंटे के वोटिंग ट्रेंड से काफी कम है।



**राहुल ने महाराष्ट्र में मतदान पर खड़े किए थे सवाल**

*राहुल ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का हवाला देते हुए भारत की चुनावी प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग की सरकार के साथ मिलीभगत है। उन्होंने अमेरिका के बोस्टन में दावा किया कि भारत की चुनावी प्रणाली में कुछ न कुछ गड़बड़ है। राहुल ने रविवार को एक कार्यक्रम में कहा कि सरल शब्दों में कहें तो महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में राज्य में वयस्कों की संख्या से ज्यादा लोगों ने मतदान किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग ने हमें शाम 5:30 बजे तक के मतदान के आंकड़े दिए और शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे के बीच 65 लाख मतदाताओं ने मतदान कर दिया।'*

**आयोग को बदनाम करना गलत**

*चुनाव आयोग ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की ओर से गलत सूचना फैलाना न केवल कानून के प्रति अनादर का संकेत है। यह उन हजारों प्रतिनिधियों को भी बदनाम करता है जो अपनी राजनीतिक पार्टी से नियुक्त किए जाते हैं। हमें बदनाम करने की कोशिश पूरी तरह से बेतुकी है। चुनाव से ठीक पहले या हर साल एक बार वोटिंग लिस्ट में संशोधन किया जाता है। मतदाता सूची की अंतिम कॉपी सभी राष्ट्रीय/राज्य राजनीतिक दलों (जिसमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस भी शामिल है) को सौंपी जाती है। उन्होंने बताया, 'देश में सभी चुनाव कानून के अनुसार कराए जाते हैं। भारत में जिस पैमाने और सटीकता के साथ चुनाव आयोजित किए जाते हैं, उसकी विश्व भर में प्रशंसा होती है। येबयान लाखों चुनाव कर्मचारियों का मनोबल तोड़ते हैं जो पारदर्शी रूप से काम करते हैं।*

**राहुल ने बताया था असंभव**



राहुल ने कहा कि इतने समय में इतने अधिक लोगों का मतदान केंद्र तक पहुंच कर वोट डालना संभव नहीं है। एक मतदाता को मतदान करने में लगभग 3 मिनट लगते हैं और अगर हिसाब लगाएं तो इसका मतलब है कि मतदाताओं की कतारें देर रात 2 बजे तक लगी रही होंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब हमने उनसे वीडियोग्रॉफी के लिए कहा तो उन्होंने न केवल इनकार कर दिया, बल्कि उन्होंने कानून भी बदल दिया।

## श्रीनगर में अनुराग का ऐलान- 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' देश के लिए फायदेमंद होगा



श्रीनगर। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' फॉर्मूला लागू करना देश के लिए फायदेमंद साबित होगा क्योंकि यह न केवल विभिन्न चुनावों पर होने वाले खर्चों में कटौती करेगा, बल्कि इससे काफी समय भी बचेगा। ठाकुर ने कहा कि हरियाणा और जम्मू कश्मीर में (विधानसभा) चुनाव पिछले साल लोकसभा चुनाव के कुछ महीनों के भीतर हुए थे। इसके बाद महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली में (विधानसभा) चुनाव हुए। इस प्रकार, साल भर में कम से कम पांच विधानसभाओं के चुनाव हुए। संवाददाताओं से कहा कि यदि सभी चुनाव एक साथ कराए जाते हैं तो इससे खर्च में कमी आएगी, समय की बचत होगी और मतदान प्रतिशत भी बढ़ेगा। पू एक साथ चुनाव कराने से उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों का खर्च कम होगा और देश को धन की बचत करने में मदद मिलेगी। राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों, अन्य संस्थानों और केंद्र द्वारा (2024) लोकसभा चुनावों में लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपए खर्च किए गए थे, जिसे बचाया जा सकता है। यह भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 1.5 प्रतिशत जोड़ सकता है।

## खबर संक्षेप

### मैं मर्यादा भूल गया था कश्यप का माफीनामा



**मुंबई।** फिल्म निर्माता-निर्देशन अनुराग कश्यप ने बीते दिनों एक जाति समुदाय पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। उनकी इस टिप्पणी पर जमकर विवाद हो रहा है और कश्यप की आलोचना हो रही है। कश्यप को भी अब अपनी गलती का एहसास हो गया है, जिसके बाद उन्होंने माफी मांगी है। कश्यप ने पोस्ट साझा कर लिखा है, मैं गुस्से में मर्यादा भूल गया'। कश्यप ने माफीनामा दिया है।

### आतिशी की घटी सुरक्षा वाई कैटेगरी मिलेगी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी की सुरक्षा को 'जेड' कैटेगरी से घटाकर 'वाई' कैटेगरी किया जाएगा। गृह मंत्रालय ने इसके लिए दिल्ली पुलिस को निर्देश दे दिया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह फैसला केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों द्वारा आतिशी की सुरक्षा और खतरे की समीक्षा के बाद लिया गया है।

### पूर्व खुफिया प्रमुख अंजनेयुलु गिरफ्तार



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सीआईडी ने मुंबई स्थित एक्ट्रेस-मॉडल कादंबरी जेठवानी उत्पीड़न केस में कथित भूमिका के लिएनिलंबित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और पूर्व खुफिया प्रमुख पीएसआर अंजनेयुलु को हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। वे 3आईपीएस अधिकारियों में से एक हैं, जिन्हें एक मामले में उचित जांच के बिना गिरफ्तार करने निलंबित किया गया है।

### शहीद पुलिसकर्मी की विधवा को बनाया डीएसपी



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने 26/11 के आतंकवादी हमलों में शहीद हुए पुलिस कांस्टेबल अंबादास पवार की विधवा कल्पना पवार को मंगलवार को परिवीक्षाधीन पुलिस उपाधीक्षक नियुक्त किया गया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कल्पना की सीधी नियुक्ति को लेकर यह आदेश जारी किया। कल्पना ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

### रमानी को बरी किया सितंबर में फिर सुनवाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री एम. जे. अकबर की उस अपील की सुनवाई 19 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी, जिसमें पत्रकार प्रिया रमानी को आपराधिक मानहानि मामले में बरी किए जाने को चुनौती दी गई है। रमानी के एक वकील ने वरिष्ठ अधिवक्ता की अनुपलब्धता का हवाला देते हुए सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया।

## वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में बंगाल जल रहा

**हुजूर आते आते बहुत देर कर दी**

# मई के पहले सप्ताह में मुर्शिदाबाद जाएंगी ममता, हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेंगी

### मुर्शिदाबाद, मालदा, दक्षिण 24 परगना और हुगली जिलों में लोग बेघर

एजेंसी ▶▶ कोलकाता


पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी मई के पहले सप्ताह में मुर्शिदाबाद जिले का दौरा करेंगी। यह दौरा हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने के लिए होगा। एक सरकारी कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने यह जानकारी दी। वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में मुर्शिदाबाद में हिंसा हुई थी। हिंसा में 3लोगों की जान चली गई थी और कई घर छोड़कर भाग गए। विरोध प्रदर्शन मालदा, दक्षिण 24 परगना और हुगली जैसे कई अन्य जिलों में भी फैल गया। इन इलाकों से आगजनी, पत्थरबाजी और सड़क जाम की खबरें आईं।

पिछले हफ्ते, राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने ममता के अनुरोध को दरकिनार करते हुए मुर्शिदाबाद का दौरा किया था। राज्यपाल बोस शनिवार को मुर्शिदाबाद पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को सुरक्षा की भावना चाहिए। उन्होंने यह भी वादा किया कि वे उनकी चिंताओं को केंद्र और राज्य सरकारों के सामने उठाएंगे। बोस ने कहा था कि वे (पीड़ित) सुरक्षा की भावना चाहते हैं और निश्चित रूप से कुछ अन्य मांगें या जो भी सुझाव उनके द्वारा दिए गए हैं, उन सभी पर विचार किया जाएगा... हम उनके संपर्क में रहेंगे। निश्चित रूप से, बहुत प्रभावी सक्रिय कदम उठाए जाएंगे।



**हिंदुओं को मुस्लिम-बहुल मुर्शिदाबाद से भगाया**

मुर्शिदाबाद हिंसा को लेकर राजनीति गरमाई हुई है। विपक्षी दलों ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखे हमले किए हैं। उन्होंने सत्ता में आने पर कार्रवाई करने का वादा किया है। बीजेपी ने ममता बनर्जी की आलोचना तेज कर दी है। सुवेंदु अधिकारी ने हिंसा के पीछे के लोगों के खिलाफ बुलडोजर चलाने की धमकी दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि हिंदुओं को मुस्लिम-बहुल मुर्शिदाबाद से भगाया जा रहा है। उन्होंने हिंदुओं से एकजुट होने का आह्वान किया। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने बेनर्जी पर स्थिति को संभालने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने उन पर जनता को गुमराह करने का भी आरोप लगाया।



**सीपीआईएम ने न्यायिक जांच की मांग**

*सीपीआईएम ने इस मामले में न्यायिक जांच की मांग की है। उसने भाजपा और टीएमसी दोनों पर बेरोजगारी और महंगाई जैसे गंभीर मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए प्रतिस्पर्धी सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। कोलकाता में एक रैली को संबोधित करते हुए सीबीआईएम के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने दावा किया कि दोनों पार्टियां 2026 के राज्य चुनावों से पहले मतदाताओं को ध्रुवीकृत करने के लिए मिलीभगत कर रही हैं। लेफ्ट पार्टी ने ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक बड़ी रैली के साथ अपने अभियान की शुरुआत की।*



**वेतन की व्यवस्था हम करेंगे, आप स्कूल आएं: ममता**

यहां शिक्षक भर्ती विवाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया और 26 हजार शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्तियां रद्द हो गई। अब सभी शिक्षक प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच सीएम ममताने शिक्षकों को वेतन का आश्वासन दिया है। पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग मुख्यालय के बाहर शिक्षकों का प्रदर्शन जारी है। इस बीच ममता ने शिक्षकों से कहा कि आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। कौन दागी और कौन नहीं? उन्होंने कहा कि दागी और बेदाग शिक्षकों की पहचान करने वाली सूची सरकार और अदालतों के पास है।

**बंगाल में मुस्लिम भी मारे गए: सिन्हा**



*शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि आप 100 करोड़ हैं, यहां 25 करोड़ मुस्लिम रहते हैं। उनका तो सुनते रहते थे कि इस्लाम खतरे में है। अब ये कह रहे हैं कि हिंदू खतरे में हैं। हिंदू- मुस्लिम नहीं मारे गए। भारत माता की संतान मारे गए। दो मौत हिंदुओं की हुई तो एक मुस्लिम भी मारा गया। आप कितनी जगह सुन रहे हैं कि एक मुस्लिम भी मारा गया? जो लोग पकड़े जाते हैं, उनको बंगाली भी नहीं आती.। क्या इसके पीछे साजिश नहीं थी?*

## कर्नाटक उच्च न्यायालय का फैसला

# आरक्षण के लिए किसी जाति को अलग अलग श्रेणियों में नहीं रखा जा सकता



**याची का जाति प्रमाण पत्र हो गया था अमान्य**

*उन्हें 1996 में एक नोटिस मिला जिसमें कहा गया था कि उनके समुदाय को रोजगार के लिए समूह 'डी' के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है, जिससे नौकरी से संबंधित आरक्षण के लिए उनका जाति प्रमाण पत्र अमान्य हो गया। विभागीय अपीलों और कर्नाटक प्रशासनिक न्यायाधिकरण के माध्यम से निवारण के कई असफल प्रयासों के बाद, सुमित्रा को 1986 की एक सरकारी अधिसूचना मिली, जिसमें यह दोहरा वर्गीकरण किया गया था। उन्होंने तर्क दिया कि अनुच्छेद 15(4) और 16(4) के पीछे संवैधानिक मंशा सुसंगत है और इसका उद्देश्य समान वंचित समूहों के लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना है। उन्होंने राज्य के वर्गीकरण को चुनौती दी और इसे विरोधाभासी बताया।*

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने फैसला दिया है कि एक ही समुदाय को शिक्षा और रोजगार के लिए दो अलग-अलग आरक्षण श्रेणियों के अंतर्गत नहीं रखा जा सकता। यह निर्णय पूर्ववर्ती मैसूरु जिले के कोल्लेगल तालुक की निवासी वी. सुमित्रा द्वारा दायर याचिका पर आया। उन्होंने राज्य द्वारा बालाजिगा/बनाजिगा समुदाय के वर्गीकरण को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति सूरज गोविंदराज ने कर्नाटक सरकार को निर्देश दिया कि वह समुदाय को शिक्षा और रोजगार उद्देश्यों के लिए समान रूप से समूह 'बी' के अंतर्गत वर्गीकृत करे। समुदाय को शिक्षा के लिए समूह 'बी' (अनुच्छेद 15(4) के तहत) और रोजगार के लिए समूह 'डी' (अनुच्छेद 16(4) के तहत) के अंतर्गत रखने वाला राज्य का मौजूदा वर्गीकरण भेदभावपूर्ण और असंवैधानिक है।

**राज ठाकरे की पार्टी 26 को कुछ नया करेगी**

# उद्धव गुट, कांग्रेस समेत कई दलों को भेजा न्योता, जनता की आवाज उठाएं

### 'प्रतिपालिका सभागृह' में होगा कार्यक्रम का आयोजन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राज्य के प्रशासनिक कामकाज पर नजर रखने के लिए महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने राज ठाकरे के नेतृत्व में पहले 'शैडो कैबिनेट' की स्थापना की थी। हालांकि वह प्रयोग ज्यादा सफल नहीं रहा। अब मनसे ने एक नया प्रयोग करते हुए 'प्रतिपालिका सभागृह' आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह विशेष सभा 26 अप्रैल को मुंबई महानगरपालिका मुख्यालय के सामने स्थित पत्रकार भवन में होगी। इस समय बृहन्मुंबई महानगरपालिक का संचालन प्रशासकीय अधिकारियों के माध्यम से हो रहा है, क्योंकि3 वर्षों से कोई निर्वाचित जनप्रतिनिधि नहीं है। मनसे का कहना है कि इसी कारण आम जनता की समस्याएं उपेक्षित रह जा रही हैं। इसी के विरोध में और जनता की आवाज उठाने के उद्देश्य से यह 'प्रतिपालिका सभागृह' आयोजित किया जा रहा है।

**कई मुद्दों पर होगी खुली चर्चा**



*इस सभा में 'प्रतिमा महापौर' की भी नियुक्ति की जाएगी और मुंबई से जुड़ी अहम समस्याओं जैसे सड़कों की हालत, स्वास्थ्य सेवाएं और आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर खुली चर्चा होगी।*

**इन दलों को भेजा आमंत्रण**

महासचिव संदीप देशपांडे ने भाजपा मुंबई अध्यक्ष आशिष शेलार, राकांपा के सिद्धार्थ कांबळे,सपा सईदभाई शेख, कांग्रेस की वर्षा गायकवाड़,उद्धव ठाकरे गुट के आदित्य ठाकरे, (शिंदे गुट) के मंत्री उदय सामंत आमंत्रण भेजा है।

## मणिपुर स्पीकर दिल्ली पहुंचे

# मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे, नियुक्ति की सुगबुगाहट

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर विधानसभा के अध्यक्ष थोकचोम सत्यब्रत केंद्र सरकार के अधिकारियों के बुलावे पर मंगलवार को दोपहर में दिल्ली के लिए रवाना हो गए। एक अधिकारी ने यहां यह जानकारी दी। भाजपा की राज्य इकाई के नेताओं ने पहले बताया था कि अध्यक्ष जातीय हिंसा प्रभावित राज्य के मुख्यमंत्री पद की दौड़ में आगे हैं। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू है। अधिकारी ने बताया कि थोकचोम दोपहर करीब एक बजे वाणिज्यिक उड़ान में सवार होकर इंफाल से रवाना हुए और रात में केंद्रीय नेताओं से मुलाकात कर



सकते हैं। बीरेन सिंह ने 9फरवरी को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद सत्यब्रत ने इंफाल में भाजपा के पूर्वोत्तर प्रभारी संबित पात्रा के साथ बंद कमरे में बैठक की थी। बीरेन सिंह के इस्तीफा देने के बाद 13 फरवरी को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था।

### 'नेशनल हेराल्ड की लूट' मुद्दे को अब हम जनता के सामने लाएंगे

**नई दिल्ली।** एक देश एक चुनाव' के मुद्दे पर जेपीसी की बैठक होने जा रही है। प्रस्ताव वाले विधेयकों पर समिति की बैठक के लिए भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज एक बैग लेकर संसद भवन पहुंचीं। उनके काले बैग पर लाल रंग से 'नेशनल हेराल्ड की लूट' लिखा हुआ था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की कार्यशैली को अब जनता के सामने लाया जाना चाहिए। नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। कांग्रेस ने इसे भाजपा द्वारा अपने शीर्ष नेताओं के खिलाफ बदले की कार्रवाई करार दिया है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश हेमंत गुप्ता, भारतीय विधि आयोग के पूर्व अध्यक्ष बीएस चौहान और जाने-माने वकील और कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी उन हस्तियों में शामिल हैं, जो एक साथ चुनाव कराने पर संसद की संयुक्त समिति को अपने विचार देंगे।



# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | जबलपुर, बुधवार 23 अप्रैल 2025


**112 दिन में 23,838 रु. महंगा हुआ सोना**

## गोल्ड का नया रिकॉर्ड, 1 लाख हुआ



**नई दिल्ली।** 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम मंगलवार 22 अप्रैल को सर्राफा बाजार में पहली बार 1 लाख रुपए पर पहुंच गया। भोपाल में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 रुपए है। जबकि दिल्ली में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,500 रुपए है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जेद्दा में भव्य स्वागत

# 21 तोपों की दी गई सलामी... 'ए वतन, मेरे वतन आबाद रहे तू' गाना गाया गया

### पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा-दोनों देशों के बीच दोस्ती होगी और अधिक मजबूत



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंगलवार दोपहर जेद्दा हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया। पीएम मोदी सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे हैं। उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई और इस अवसर पर सऊदी अरब के एक शख्स ने उन्हें बॉलीवुड फिल्म 'राजी' का गाना 'ए वतन, मेरे वतन आबाद रहे तू' गाकर सुनाया।

### प्रधानमंत्री मोदी की ऐतिहासिक शहर जेद्दा की यह पहली यात्रा

विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा- ऐतिहासिक बंदरगाह शहर जेद्दा में 21 तोपों की सलामी और औपचारिक स्वागत। मक्का के उप-राज्यपाल एचआरएच प्रिंस सऊद बिन मिशाल बिन अब्दुलअजीज अल सऊद, वाणिज्य मंत्री एचई माजिद बिन अब्दुल्ला अल कसाबी और जेद्दा के मेयर एचई सालेह अली अल-तुर्की की तरफ से गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पीएम मोदी ने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया कि सऊदी अरब के जेद्दाहमें उतरा।



### पीएम के प्लेन को लड़ाकू विमानों ने एस्कॉर्ट किया

वहीं, प्रधानमंत्री मोदी के प्लेन की जेद्दा में लैंडिंग से पहले सऊदी एयर स्पेस में एक अनोखा नजारा देखने को मिला। पीएम मोदी के प्लेन को रॉयल सऊदी वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने एस्कॉर्ट किया।



**यह प्रधानमंत्री की तीसरी सऊदी अरब यात्रा इससे पहले वह 2016 और 2019 में सऊदी अरब का दौरा कर चुके**

### भारत का व्यापारिक संबंध लगभग 43 अरब डॉलर का

सऊदी अरब के साथ भारत का व्यापारिक संबंध लगभग 43 अरब डॉलर का है, और इस यात्रा में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को भी और मजबूत करने की योजना है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने पहले ही संकेत दिया था कि भारत और सऊदी अरब के बीच रक्षा और आर्थिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण समझौते संभव हैं।

## खबर संक्षेप

### प्रेमजी के अस्पताल में मुफ्त होगा इलाज

**रांची।** झारखंड में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा बनाए जा रहे अस्पताल में गरीबों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। अस्पताल का परियोजना के जनवरी 2027 तक पूरा होने की उम्मीद है।



एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। देशभर में 15 और इसी तरह के अस्पताल तैयार किए जाएंगे। फाउंडेशन में स्वास्थ्य परियोजना का नेतृत्व कर रहे आनंद स्वामीनाथन ने कहा कि रांची के इटकी प्रखंड में लगभग 150 एकड़ के अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय परिसर में 230 बिस्तरों वाले सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है।

### कविता कृष्णमूर्ति, रिकी केज सम्मानित होंगे

**बेंगलुरु।** प्रसिद्ध गायिका कविता कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यम और संगीतकार रिकी केज को संगीत की दुनिया में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 25 अप्रैल को 12वें लोकमत सुर ज्योत्स्ना राष्ट्रीय संगीत पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया जाएगा। 'प्रेस्टीज सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स' में समारोह आयोजित होगा।



### कर्नाटक में जातीय जनगणना रिपोर्ट गायब

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में भाजपा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि राज्य सरकार द्वारा तैयार की गई मूल जातीय जनगणना रिपोर्ट गायब है। साथ ही पार्टी ने यह दावा भी किया कि रिपोर्ट फिलहाल मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के पास है। भाजपा और राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी के कुछ विधायकों ने मूल सामाजिक-आर्थिक और रिपोर्ट में कथित खामियों पर चिंता जताई।



## 2845 उम्मीदवारों के इंटरव्यू, वैकेंसी 1132.... 1,009 उम्मीदवारों को नियुक्ति दी गई

### यूपीएससी के परिणाम घोषित

**शक्ति के पिता यूपी पुलिस में हवलदार**

# यूपीएससी में 'मातृ-शक्ति'

प्रयागराज की शक्ति दुबे टॉपर दूसरे स्थान पर हर्षिता व तीसरे पर अर्चित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा का रिजल्ट घोषित हो गया है। इस साल शक्ति दुबे ने टॉप कर देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। शक्ति दुबे ने अपनी ग्रेजुएशन की डिग्री इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बायोकैमिस्ट्री में की है। ग्रेजुएशन करने के बाद बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से बायोकैमेस्ट्री में एमएससी की है। 2018 में पोस्ट ग्रेजुएट होने के बाद शक्ति दुबे ने सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर दी। आयोग द्वारा जारी एक बयान में बताया गया कि दुबे ने इस परीक्षा में राजनीतिक विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को अपने वैकल्पिक विषय के रूप में चुना और सफलता हासिल की। उन्होंने 2018 से ही सिविल सर्विसेज की तैयारी शुरू कर दी थी।

दूसरे स्थान पर हर्षिता गोयल और तीसरे स्थान पर डोंगरे अर्चित पराग हैं। पिता देवेंद्र दुबे बताते हैं कि पिछले वर्ष दो नंबर से सफलता न मिलने के बाद शक्ति थोड़ा परेशान थीं, लेकिन हार नहीं मानीं, तैयारी में लगी रहीं और सफलता प्राप्त की। शक्ति दुबे के पिता देवेंद्र कुमार दुबे पुलिस विभाग में हवलदार हैं। उनकी माता प्रेमा दुबे गृहिणी हैं। नंबर 2 पर हर्षिता गोयल रही हैं। हर्षिता मूल रूप से हरियाणा की हैं और कई वर्षों से गुजरात के वडोदरा में रह रही हैं।


**पिछले वर्ष दो नंबर से सफलता न मिलने के बाद शक्ति थोड़ा परेशान थीं, लेकिन हार नहीं मानीं, तैयारी में लगी रहीं और सफलता प्राप्त की**



शक्ति दुबे
प्रथम
प्रयागराज



हर्षिता गोयल
द्वितीय
हरियाणा



अर्चित पराग
तृतीय
पुणे

**टॉप-10 टॉपर्स**

1. शक्ति दुबे
2. हर्षिता गोयल
3. डोंगरे अर्चित पराग
4. शाह मर्गी चिराग
5. आकाश गर्ग
6. कोमल पूनिया
7. आयुषी बंसल
8. राज कृष्ण झा
9. आदित्य विक्रम अग्रवाल
10. मयंक त्रिपाठी

### 7 जनवरी से 17 अप्रैल तक चले इंटरव्यू

इंटरव्यू राउंड की शुरुआत 7 जनवरी 2025 से हुई थी, जोकि 17 अप्रैल 2025 तक चले थे। मुख्य परीक्षा में सफल होने वाले लगभग 2845 उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था। सिविल सेवा परीक्षा 2024 के तहत आईएएस, आईपीएस समेत सर्विसेज में 1132 पदों पर भर्ती निकाली थी। पहले अधिसूचना में भी 1056 वैकेंसी ही थी लेकिन बाद में इसे बढ़ाकर 1132 कर दिया गया।

#### कैंसर व थैलेसीमिया पीड़ितों के लिए काम कर चुकी हैं हर्षिता

हर्षिता सीए हैं। हर्षिता थैलेसीमिया और कैंसर से पीड़ित बच्चों के लिए अहमदाबाद के बीलीफ फाउंडेशन के साथ काम कर चुकी हैं। परीक्षा में राजनीति विज्ञान और इंटरनेशनल रिलेशंस उनके वैकल्पिक विषय थे। हर्षिता की माता नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सफलता में उनके पिता और परिवार का बहुत बड़ा योगदान है। अर्चित पुणे (महाराष्ट्र) के रहने वाले हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा मुंबई से प्राप्त की और 12वीं की पढ़ाई पुणे से की। उन्होंने ने वीआईटी, वेल्लोर से इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बी.टेक) की डिग्री ली है। उनका एक ऑप्शनल सब्जेक्ट फिलॉसफी (दर्शनशास्त्र) था।

**मप्र से 30 से अधिक युवाओं का चयन**

## ग्वालियर की आयुषी को 7 वीं रैंक भोपाल के क्षितिज को 58 वां स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इस बार मप्र के 30 से अधिक युवाओं का चयन हुआ है। इसमें ग्वालियर की आयुषी बंसल ने 7वीं रैंक हासिल की है। ग्वालियर के माधव अग्रवाल ने 16वीं रैंक, रीवा के रोमिल द्विवेदी ने 27वीं रैंक, मंदसौर जिले के गरोठ के रहने वाले ऋषभ चौधरी ने 28 रैंक,क्षितिज आदित्य शर्मा 58 रैंक, दिव्यांशी अग्रवाल 249वीं रैंक, स्वर्णिम चौधरी 258वीं रैंक, इटारसी के मोनू शर्मा ने 359वी रैंक, आशीष रघुवंशी 202वीं रैंक, भोपाल के क्षितिज आदित्य शर्मा ने 58वां स्थान हासिल किया है।



आयुषी बंसल
7वीं रैंक
ग्वालियर

**सीएम डॉ.यादव ने दी बधाई**

**यह अथक परिश्रम, धैर्य एवं समर्पण का प्रतिफल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यूपीएससी की परीक्षा में चयनित मप्र सहित देशभर के सभी प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के अथक परिश्रम, धैर्य एवं समर्पण का प्रतिफल है। यह परिणाम बताते हैं कि युवाओं ने शासकीय सेवा के माध्यम से राष्ट्र की सेवा करने का संकल्प लिया है।

**ग्वालियर की आयुषी बंसल**

### कम उम्र में पिता को खोया, अभी आईपीएस की ले रही हैं ट्रेनिंग

ग्वालियर की आयुषी बंसल को 7वीं रैंक मिली है। इससे पहले आयुषी ने यूपीएससी -2023 में 97वीं और 2022 में 188वीं रैंक हासिल की थी। आयुषी के माता-पिता दोनों एलआईसी में काम करते थे। उन्होंने बहुत कही कम उम्र में अपने पिता को खो दिया था। आईआईटी की तैयारी के लिए वे दिल्ली आ गईं। यहां मैकेंजी एंड कंपनी में काम किया। 2022 में जॉब क्विट करके यूपीएससी प्रिपरेशन शुरू की। आयुषी बोलीं कि मुझे ऑनलाइन कोचिंग से फायदा फायदा मिला है। इससे आपके टॉपिक को लेकर कॉन्सेप्ट क्लीयर होते हैं। ग्वालियर के विनय नगर निवासी आयुषी ने कहा कि मैंने 10वीं ग्वालियर से की थी। इसके बाद 12वीं दिल्ली से की। इसके बाद इंजीनियरिंग के लिए कानपुर गई। इंजीनियरिंग करने के बाद मैंने 10 महीने तक प्राइवेट सेक्टर में जॉब किया। आयुषी ने कहा कि मैंने ठान लिया था कि यूपीएससी फाइट करूंगी और अच्छी प्रशासनिक अधिकारी बनूंगी। पहले प्रयास में ही मैं आईपीएस बनी और कर्नाटक कैडर मिला।

शरबत जिहाद बयान पर हाईकोर्ट नाराज

### कहा-यह अक्षम्य, कोर्ट की अंतरात्मा पर यह है आघात

**नई दिल्ली।** बाबा रामदेव के शरबत जिहाद वाले बयान पर दिल्ली हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी। न्यायमूर्ति अमित बंसल ने कड़ा आदेश जारी करने की चेतावनी देते हुए कहा इससे न्यायालय की अंतरात्मा को आघात पहुंचा है, इसका कोई औचित्य नहीं था। अदालत ने रामदेव का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील से निर्देश प्राप्त कर अगली सुनवाई में मौजूद रहने का आदेश दिया है।



■ सांप्रदायिक विभाजन पैदा करने का यह मामला

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद बोले

### हिंदू राष्ट्र बनाने चले थे, गांव बना रहे

**जबलपुर।** ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पर तंज कसते हुए कहा कि जो व्यक्ति हिंदू राष्ट्र बनाने चला था, अब वही हिंदू गांव बना रहा है। यह तो वही बात हुई कि बनाने चले थे हाथी, और अब बना रहे हैं चूहा। एक दिवसीय दौरे पर जबलपुर पहुंचे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने अपनी बातों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी जिक्र किया।




■ ऐसा क्या हुआ ...हाथी बनाना था, चूहा बना रहे

वकीलों को भी मिल रही है चुनौती


### नौकरियां चली जाएंगी एआई पर कोर्ट चिंतित

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के तेजी से हो रहे आविष्कार से तमाम सुविधाएं मिल रही हैं तो रोजगार से जुड़ी चिंताएं भी लोगों को सता रही हैं। इस चिंता में अब सुप्रीम कोर्ट भी शामिल हो गया है। अदालत ने मंगलवार को एक केस की सुनवाई के दौरान कहा कि भविष्य में ड्राइवर का काम एआई से होगा। इसके खतरनाक परिणाम होंगे और बड़े पैमाने पर लोग बेरोजगार हो सकते हैं।



■ केस की अगली सुनवाई 14 मई को होगी

### पेपर कलाकार गुरप्रीत ने बनाई वेटिकन की प्रतिकृति




*अमृतसर। पेपर कलाकार गुरप्रीत सिंह ने मंगलवार को अमृतसर में पोप फ्रांसिस की तस्वीर के साथ वेटिकन के सेंट पीटर बेसिलिका की एक प्रतिकृति बनाई।*

## 1 इधर, मुंबई में भाजपा का 'वक्फ बिल समझाओ' अभियान

# गरीब मुसलमानों को लाभ और संपत्तियों की लूट रोकना वक्फ बिल का मुख्य उद्देश्य : किरेन रिजिजू

भारत में दुनिया की सबसे ज्यादा करीब 9 लाख 72 हजार वक्फ संपत्तियां

एजेंसी ▶▶ मुंबई

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम का मुख्य उद्देश्य गरीब मुसलमानों को लाभ पहुंचाना और वक्फ संपत्तियों की लूट व दुरुपयोग को रोकना है। उन्होंने यह बात मुंबई में 'वक्फ सुधार जनजागरूकता अभियान' के तहत लोगों को संबोधित करते हुए कही। रिजिजू ने कहा कि भारत एक बड़ा देश है और यहां की हर इंच जमीन का सही उपयोग होना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत में दुनिया की सबसे ज्यादा करीब 9 लाख 72 हजार वक्फ संपत्तियां हैं, लेकिन इसका लाभ गरीब मुसलमानों को नहीं मिल पा रहा। उन्होंने चिंता जताई कि कई संपत्तियां बाहुबलियों द्वारा कब्जा कर ली गई हैं।




#### वक्फ कानून पर अफवाह फैला रहे कुछ लोग: मेघवाल

*वक्फ कानून पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि जनता को इस तरह के लोगों से सावधान रहना चाहिए जो गुमराह करने की कोशिश करते हैं। ये सभी लोग अफवाह फैला रहे हैं। भाजपा के नेताओं ने जनता को यह समझाने का जिम्मा उठाया है कि यह कानून क्या है और हमारी पार्टी के लोग इसके बारे में जनता को विस्तार से बताने का काम कर रहे हैं।*

## 2 उधर, दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में 'वक्फ बचाओ सम्मेलन'

# ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा-यह बिल इस्लामी मूल्यों, शरीयत, धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ

पहला फेज 11 अप्रैल से शुरू हुआ, जो 7 जुलाई यानी 87 दिन तक चलेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नए वक्फ कानून के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) मंगलवार को दिल्ली में प्रदर्शन किया। वक्फ बचाओ अभियान के तहत तालकटोरा स्टेडियम में तहफ्फुज-ए-औकाफ कारवां (वक्फ की हिफाजत) नाम से आयोजन हुआ है। कार्यक्रम में जमात-ए-इस्लामी हिंद समेत देशभर के मुस्लिम संगठनों के अध्यक्ष और प्रतिनिधि पहुंचे हैं। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी भी शामिल हुए हैं। बैठक में वक्फ कानून के खिलाफ आगे की कानून लड़ाई लड़ने को लेकर चर्चा हुई। सुबह 10 बजे से शुरू हुई बैठक करीब 2 बजे तक चली।



#### एआईएमपीएलबी ने वीडियो जारी किया

*एआईएमपीएलबी महासचिव मौलाना फजलुर रहीम मुजद्दिदी ने वीडियो मैसेज जारी किया। वीडियो में मुजद्दिदी ने सरकार पर सांप्रदायिक एजेंडा चलाने और धर्मनिरपेक्षता को कमजोर करने का आरोप लगाया है। उन्होंने वीडियो में कहा- यह अभियान वक्फ संपत्तियों की रक्षा और विधेयक को निरस्त करने की मांग को लेकर चलाया जा रहा है।*

सीएम ने प्रदेश के सिविल सेवकों को दी लोक सेवा दिवस की बधाई

# सिविल सेवा सिर्फ एक पेशा नहीं, यह जनसेवा का एक प्रभावी माध्यम

## प्रशासन अकादमी में किया सिविल सर्विस डे का शुभारंभ

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिविल सेवा सिर्फ़ एक पेशा नहीं, यह जनसेवा का प्रभावी माध्यम है। सिविल सेवकों का दायित्व है कि वे अपने अधिकारों का सदुपयोग करें, लेकिन अपने कर्तव्यों से कदापि विमुख न हों। उन्होंने कहा कि लोक प्रशासन एक वृहद विषय है। इसका मूल मंत्र है- 'लोगों की हर संभव तरीके से सेवा'। मुख्यमंत्री सोमवार को राष्ट्रीय लोक सेवा दिवस (नेशनल सिविल सर्विस डे) के अवसर पर प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने प्रदेश के सभी सिविल सेवकों को लोक सेवा दिवस की बधाई दी और सभी से अपने उत्तरदायित्वों के प्रति संकल्पबद्ध रहने का आह्वान किया।



### कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बेहद जरूरी

सीएम ने कहा कि कुशल सिविल सेवक वह होता है, जो न केवल शासन के नियमों, उपनियमों का पालन करे, बल्कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनता की समस्याओं को समझे और उनका समुचित समाधान भी प्रदान करे। उन्होंने सभी सिविल सेवकों से अपेक्षा की कि वे नागरिकों की तत्पर सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और शासन को जनकल्याण की दिशा में अधिक प्रभावी बनाने की ओर अग्रसर करें। कार्यक्रम में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन संजय दुबे, नरोन्हा व्याख्यान श्रृंखला के मुख्य वक्ता डॉ दीपक बागला, राज्य शासन के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव एवं अन्य सभी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

### करप्शन फ्री और गुड गवर्नेंस के लिए करें कार्य

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि हर साल 21 अप्रैल अधिकारी, कर्मचारियों के लिए आत्ममंथन करने का दिन है। लोक सेवकों को सोचना चाहिए कि सालभर में उन्होंने प्रशासन की मजबूती के लिए क्या अच्छा किया और इसके आगे क्या बेहतर किया जा सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री को विश्वास दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के मिशन को पूरा करने में प्रदेश की भूमिका और विकसित मध्यप्रदेश के लिए सभी लोकसेवक कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### साझा किए सुशासन से जुड़े अनुभव

सिविल सेवा दिवस समारोह 2025 के अवसर पर प्रशासन अकादमी में नरोन्हा व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रदेश भर के अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए। व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ दीपक बागला ने सभागार में उपस्थित अधिकारियों को विकसित भारत के लिए सुशासन से जुड़े अनुभव साझा किए। प्रशासन अकादमी के संचालक मुजीबुर्रहमान ने सभी अथितियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

---

सीएम ने घाटों की सफाई कर जल गंगा संवर्धन अभियान में दी सहभागिता

## सीएम ने किया पंच कोशी यात्रियों और ननि स्वच्छता मित्रों का सम्मान

# दो वर्ष में तैयार होंगे क्षिप्रा के 29 किमी घाट, परिक्रमावासियों को होगी सुविधा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पूरे विश्व में हमारे प्रदेश की मां नर्मदा ऐसी नदी है जिसकी परिक्रमा की जाती है, मध्यप्रदेश सरकार नर्मदा नदी के परिक्रमा स्थल को सुव्यवस्थित कर तीर्थ यात्रियों के लिए सुविधाजनक व्यवस्थाएं बनाएंगे। मां क्षिप्रा के 29 किलोमीटर घाटों को दो साल में बना दिया जाएगा, इससे मां क्षिप्रा के परिक्रमा करने वाले यात्रियों को भी सुविधा होगी। डॉ. यादव ने सोमवार को उज्जैन में क्षिप्रा के रामघाट पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत क्षिप्रा नदी में उतरकर घाटों की सफाई की। उन्होंने क्षिप्रा में स्नान कर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। डॉ यादव द्वारा सलामतपुर से आए पंचकोशी यात्रियों का सम्मान किया गया और उनकी यात्रा का शुभारंभ कराया गया। उन्होंने नगर निगम के स्वच्छता मित्रों का भी सम्मान किया।

### क्षिप्रा को प्रवहमान, स्वच्छ रखने कई योजनाएं



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में मां क्षिप्रा को प्रवहमान बनाने के लिए सिलारखेड़ी सेवरखेड़ी जलाशय योजना, मां क्षिप्रा की स्वच्छता बनाए रखने के लिए खान डायवर्सन नदी परियोजना भी चल रही है। इसका लगभग 50 फीसदी काम पूरा हो चुका है, आने वाले 2 वर्षों में मां क्षिप्रा कल-कल होकर बहेगी, इसी संकल्प के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भोपाल के पास बेतवा नदी के उद्गम स्थल को पुनर्जीवित कर दिया गया है, इस अभियान की यह विशेषता है कि हम अपनी ऐतिहासिक, पुरानी बावड़ी, कुएं, तालाब, जल स्त्रोत को पुनर्जीवित कर रहे हैं।

### उज्जैन पौराणिक नगरी के साथ काल गणना का केंद्र



मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन ऐतिहासिक पौराणिक नगरी के साथ-साथ काल गणना का प्रमुख केंद्र रहा है। अकबर, शाहजहां, जहांगीर ने भी उज्जैन में प्रवास किया था और भर्तहरी गुफा पहुंचकर काल गणना के ज्ञान को समझा था। यहां उन्होंने टकसाल भी स्थापित कराई थी। उज्जैन एक वैज्ञानिक नगरी भी है। हम इसके वैभव को पुनः स्थापित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। राजा भृतहरि, सम्राट विक्रमादित्य, सम्राट अशोक के साथ-साथ अन्य महान राजाओं के द्वारा उज्जैन के लिए अनेक प्रकार के प्रमाणिक कार्य किए गए हैं। श्रीमंत महाद जी सिंधिया ने पानीपत के युद्ध के बाद इसके गौरव को पुनर्स्थापित किया।

जल गंगा संवर्धन अभियान एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय पहल

### जल संरक्षण सामूहिक की जिम्मेदारी एकजुट हो अभियान को बनाएं सफल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय पहल है, जिसका उद्देश्य जल स्त्रोतों का संरक्षण और पुनर्जीवन करना है। इस अभियान में नदियों को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इनमें नदी तटों की सफाई, पौधरोपण, जल संचयन और औद्योगिक कचरे पर नियंत्रण की पहल की जा रही है। साथ ही नागरिकों को जल की महत्ता और उसके संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया है। कि जल संरक्षण एवं संवर्धन हम सभी की जिम्मेदारी है, एकजुट होकर अभियान को सफल बनाएं।

### राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने की सहभागिता

नगरीय प्रशासन एवं शहरी विकास राज्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री प्रतिमा बागरी डिण्डोरी जिले की शहपुरा जनपद पंचायत के ग्राम बरगांव में जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम में शामिल हुईं। श्रीमती बागरी ने कहा कि जल संरक्षण केवल अभियान तक सीमित प्रक्रिया नहीं है, यह एक सतत प्रक्रिया है। इसमें शासन प्रशासन की भूमिका के साथ ही हम सभी का सहयोग आवश्यक है।

### केन्द्रीय मंत्री एल मुरुगन ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्यमंत्री एल. मुरुगन ने सोमवार को मंत्रालय में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर एवं अंग वस्त्रम ओढ़ाकर केंद्रीय मंत्री मुरुगन का स्वागत किया। मुख्यमंत्री और केंद्रीय राज्य मंत्री ने मध्यप्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की।

### मुख्यमंत्री से मिले श्री आनंदपुर धाम के पदाधिकारी



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सोमवार को स्टेट हैंगर पर अशोकनगर जिले के श्री आनंदपुर धाम के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को गुरु महाराज का श्रीप्रसाद प्रदान किया और श्री आनंदपुर धाम पधारने के लिए आभार व्यक्त कर पुनः पधारने का आग्रह भी किया।

---

# बेझिझक निवेश कीजिए, आपके हितों की चिंता सरकार करेगी

- सीएम ने टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग के संबंध में बैठक कर निवेशकों से चर्चा
- प्रदेश में टेलीकॉम सेक्टर के विकास में पूरे सहयोग का किया वादा



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार टेलीकॉम सेक्टर के विकास के लिए निवेशकों को हर संभव सहयोग करेगी। बेझिझक निवेश कीजिए, आपके हितों की चिंता सरकार करेगी। डॉ. यादव ने बताया कि आगामी 27 अप्रैल को इंदौर में आईटी कॉन्क्लेव होने जा रही है। इच्छुक निवेशक इसमें अपना प्रस्ताव दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन के निर्माण के लिए बड़े लैण्ड बैंक की आवश्यकता होगी। निवेशकों से कहा कि कम जमीन में ज्यादा निर्माण इकाईयां स्थापित करने से लागत भी कम होगी और प्रबंधन में भी आसानी होगी।

### निवेशक राज्य की केन्द्रीय नीतियों का लाभ उठाएं

सीएम ने कहा है कि दूरसंचार सुविधाओं का विकास एवं विस्तार आज की बड़ी जरूरत है। टेली कम्यूनिकेशन फेसिलिटीज को बेहतर बनाकर हम प्रदेश के हर क्षेत्र व केन्द्रीय दुर्गम इलाकों में कनेक्टिविटी बढ़ाना चाहते हैं। मप्र देश का हृदय स्थल है। निवेशक राज्य की देश में केन्द्रीय स्थिति का भरपूर लाभ उठाएं। टेलीकॉम सेक्टर में इन्वेस्ट करने के लिए प्रदेश आने वाले हर निवेशक के हितों का सरकार पूरा ध्यान रखेगी। उन्होंने कहा कि मप्र में ग्वालियर, जबलपुर जैसे क्षेत्रों में टेलीकॉम सेक्टर के विकास की असीम संभावनाएं हैं। डॉ यादव ने निवेशकों के साथ टेलीकॉम सेक्टर के उत्तरोत्तर विकास के लिए विस्तार से चर्चा की।

### दी जाएगी साडा की 271 हेक्टेयर भूमि

ग्वालियर आईटी पार्क में लगभग 70 एकड़ एवं साडा ग्वालियर क्षेत्र में 300 एकड़ भूमि की मांग निवेशकों द्वारा की गई है। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार साडा ग्वालियर की 271 हेक्टेयर भूमि औद्योगिक नीति एवं प्रोत्साहन विभाग को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया है। साडा के समीपवर्ती क्षेत्र से ग्रीन कॉरिडोर एक्सप्रेस वे भी बनाया जाना संभावित है। इससे आगरा-दिल्ली की दूरी कम हो जाएगी और लगभग 50 मिनट की अवधि में ग्वालियर से आगरा की दूरी तय की जा सकेगी। इससे कम्पनियों को लॉजिस्टिक का व्यय कम से कम होगा।

---

## राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर कपड़ा कारोबारी की गई जान

# कोंडागांव में सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंडागांव

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर मंगलवार दोपहर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई, एक अन्य गंभीर रूप से घायल हुआ। पुलिस के मुताबिक दुर्घटना में कार चालक रोशन कोठरिया उम्र 45 वर्ष की मौत हुई। शेषमल सुराणा उम्र 57 वर्ष घायल हुए। दोनों कोंडागांव निवासी है। घायल को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। उसका उपचार जारी है।

पुलिस के मुताबिक लौह अयस्क से भरी हाइवा रायपुर की ओर जा रही थी। बलेनो कार सीजी 27एन 2733 कांकेर से कोंडागांव की और तरफ आ रही थी। जैसे ही दोनों वाहन लंजोडा कोसापारा के पास पहुंचे, हाइवा चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और गलत साइड में जाकर कार को जोरदार टक्कर मार दी।




### *टक्कर से कार के परखच्चे उड़ गए*

*टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। घटना के तुरंत बाद हाइवा चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पुलिस ने हाइवा वाहन को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं। सड़क दुर्घटना में जिसकी मौत हुई, वह नगर का कपड़ा कारोबारी था, वही घायल व्यक्ति नगर का प्रतिष्ठित सोना चांदी कारोबारी था। व्यवसायियों के सड़क हादसे का शिकार होने के बाद नगर के व्यवसायियों में शोक का माहौल है।*

## अमेरिका में दिए बयान पर साधा निशाना

# राहुल गांधी विदेश में जाकर देश की छवि को धूमिल करते हैं: मंत्री सारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अमेरिका की बॉस्टन युनिवर्सिटी में दिए बयान पर ऐतराज जताया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत निर्वाचन आयोग पर बयान देना शर्मनाक है। मंत्री सारंग ने कहा कि राहुल गांधी विदेश में जाकर देश की छवि को धूमिल करते हैं, जो देशद्रोह की श्रेणी में आता है। राहुल का बयान देश के मान-सम्मान को कम करने वाला है। राहुल गांधी को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलने का अवसर इसलिए मिलता है, क्योंकि वे भारत के सांसद और विपक्ष के नेता हैं। लेकिन विदेश में जाकर वे राजनीतिक बयानबाजी करते हैं, जो शर्मनाक है।



### अगर चुनाव आयोग पर भरोसा नहीं तो सांसद कैसे बने

मंत्री सारंग ने कहा कि हमारी परंपरा गौरवशाली रही है। विपक्ष में रहकर सरकार की आलोचना देश में करना स्वतंत्रता है, लेकिन विदेश की धरती पर भारत के सम्मान को ठेस पहुंचाना गलत है। उन्होंने नेहरू-गांधी परिवार और कांग्रेस पर भी निशाना साधा। मंत्री सारंग ने कहा कि नेहरू परिवार और कांग्रेस हमेशा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के सम्मान को कम करने का काम करते हैं। अगर राहुल गांधी को चुनाव आयोग पर भरोसा नहीं है, तो वे खुद सांसद कैसे बने? उनकी बहन प्रियंका गांधी और मां सोनिया गांधी सांसद कैसे चुनी गईं?

## सीधी भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित

- गंभीर आरोपों के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की कार्रवाई

**भोपाल।** सीधी जिले के भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह चौहान को भाजपा द्वारा पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया है। यह कार्यवाही सुरेश सिंह पर एक युवती द्वारा छेड़छाड़ के आरोप लगाने के बाद की गई है। घटना बीते शुक्रवार की बताई जा रही है। हालांकि मामले की फिलहाल थाने में शिकायत नहीं की गई है, लेकिन सुरेश सिंह का नाम बीते दो दिनों से सोशल मीडिया पर काफी तेजी से उछला। जिसके बाद यह कार्रवाई भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा की ओर से की गई है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं कार्यालय प्रभारी भगवानदास सबनानी की ओर से जारी निष्कासन पत्र में कहा गया है कि सुरेश सिंह द्वारा अशोभनीय कृत्य किया गया है, उससे पार्टी की छवि धूविल हुई है।

## 35 जनपद पंचायत सीईओ का तबादला

# भोपाल-जबलपुर-ग्वालियर से 22 अफसर हटे, मैदानी जिलों में भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने 35 जनपद पंचायत सीईओ (मुख्य कार्यपालन अधिकारी) के तबादले किए हैं। इनमें से 22 अधिकारी ऐसे हैं जो भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, सागर जैसे बड़े शहरों में पदस्थ थे। इन्हें अब मैदानी जिलों में भेजा गया है। इनमें रंजीत सिंह रघुवंशी भोपाल से जीरापुर, केके रैकवार भोपाल से जैतहरी, हेमेन्द्र सिंह चौहान इंदौर से धरमपुरी, वंदना गंगल ग्वालियर से रौन, उदय प्रताप सिंह भदौरिया जबलपुर से बिरसा, प्रतिमा उईके जबलपुर से मंडला, शिवानी जैन जबलपुर से जयसिंह नगर, अभिषेक गुप्ता भोपाल से बाबई चिचली, नरसिंहपुर, राजीव लघाटे जबलपुर से बुढ़ार, रानू जैन सागर से सोहावल, सतना, आयुषी गोयल भोपाल से मनासा, दिव्या त्रिपाठी रीवा से सोहागपुर, शहडोल, तपस्या जैन भोपाल से गंजबासौदा, मोना सक्सेना (क्षे.ग्रा.वि. एवं भोपाल से निवाली, बड़वानी, विशाल सोनी भोपाल से साईंखेड़ा, नरसिंहपुर, ईश्वर सिंह वर्मा भोपाल से बड़ामलहरा, पूजा गुप्ता भोपाल से आलोट, रतलाम, ममता मिश्रा शहडोल से कोतमा, दीपा कोटस्थाने उज्जैन से गौरिहार, आशा देवी पटले जबलपुर से सिहोरा, रोहित पचौरी इंदौर से उमरबन, धार, प्रवीण बंसोड भोपाल से त्योंथर, रीवा भेजे गए हैं।

89 जनपद पंचायत में लंबे समय से सीईओ के पद रिक्त थे यह मामला विधानसभा में उठा था और सरकार ने अब कुछ जनपदों में सीईओ की पोस्टिंग की है।

---

## तेल चोरी के शक में की दसवीं पत्नी की हत्या

# महिलाएं मिलती गईं और विवाह करता गया, 9 साल में 10 पत्नियां कर लीं, हत्याकांड से खुली आरोपी की पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जशपुरनगर के 45 साल के ढुलू राम की चर्चा जमकर हो रही है। उसने अपनी पत्नी बसंती बाई की हत्या की। पकड़ा गया तो पता चला कि इससे पहले 9 शादियां और कर चुका है। पहले पत्नी की मौत हो गई थी। उसके बाद की पत्नियां छोड़कर चली गईं। घर से कपड़ा और खाने का तेल चोरी कर भागने के संदेह में आरोपी पति ने पत्थर से वार कर पत्नी की हत्या कर दी। महिला आरोपी की दसवीं पत्नी थी। इससे पहले एक पत्नी की बीमारी से मौत हो चुकी है, जबकि दूसरी पत्नी आरोपी के शराब के नशे और मारपीट किए जाने से डर कर भाग चुकी है। मामला जिले के बगीचा थाना क्षेत्र के सुलेशा गांव का है। थाना प्रभारी संत लाल आयाम ने बताया कि 20 अप्रैल को पुलिस को सुलेशा के कोटवार सर्वनाथ राम से सूचना मिली थी कि गांव के रोपाक्यारी नदी के किनारे के जंगल में एक महिला की सड़ी हुई लाश मिली है। सूचना पर बगीचा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। महिला की पहचान बसंती बाई के रूप में हई। शार्ट पीएम रिपोर्ट में मृतका के सिर में गहरे चोट के निशान पाएं जाने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध बीएनएस की धार 103 (2) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को आरोपी पति के कई विवाह करने और पत्नी बसंती के साथ विवाद की बात पता चली। संदेह के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति ढुलु राम (45) को हिरासत में लेकर पूछताछ की।



### *शक था पत्नी छोड़कर भाग रही है*

*कुछ देर मामले को घुमाते रहने के बाद आरोपी ढुलू राम ने पत्नी की हत्या का अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि 17 अप्रैल को वह पत्नी बसंती बाई के साथ गांव में अपने भतीजे के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया हुआ था। यहां से घर लौटा तो पता चला कि शादी घर से उससे पहले आ कर पत्नी कपड़ा, चावल और खाने का तेल लेकर घर से निकली है। पत्नी के घर छोड़ कर भागने की आशंका पर आरोपी पत्नी का पीछा करते हुए रोपाक्यारी नदी के किनारे के जंगल में पहुंच गया। यहां घर छोड़ने को लेकर आरोपी और बसंती बाई के बीच विवाद हुआ। गुस्से में आकर आरोपी ने पास में पड़े पत्थर के टुकड़े से बसंती पर वार कर दिया। सिर में आए गंभीर चोट की वजह से बसंती की मौके पर ही मौत हो गई। शव को जंगल में पत्ते से ढंक कर आरोपी चुपचाप घर आ गया।*

### *9 साल में 10 शादी*

*आरोपी ढुलू राम का कहना है कि उसने नौ साल के भीतर 10 शादियां की हैं। उसकी पहली पत्नी का निधन लगभग दो साल पूर्व हुआ है। बसंती उसकी 10 वीं पत्नी थी और उसने लगभग तीन साल पूर्व बसंती से विवाह किया था। एक पत्नी के रहते हुए इतने सारी महिलाओं से विवाह रचाने के संबंध में पूछे जाने पर आरोपी ढुलू राम का कहना है कि महिला से उसका संपर्क होता गया और वह एक के बाद एक विवाह करता गया। किसी महिला से तीन माह तो किसी के साथ छह माह रह कर उन्हें छोड़ दिया करता था।*

रायपुर व कोरबा जिले में हुई कार्रवाई

# रिश्वत लेते बिजली कंपनी के अभियंता और पटवारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर





एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने सोमवार को दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए रायपुर और कोरबा जिलों में दो सरकारी कर्मचारियों को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

दोनों मामलों में शिकायतकर्ताओं की रिपोर्ट के आधार पर एसीबी की टीमों ने ट्रैप की कार्रवाई की। रायपुर जिले के छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी चंगोराभाठा जोन में पदस्थ सहायक अभियंता प्रवीण साहू को 25,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। शिकायतकर्ता शिवाजी राव, निवासी चरोदा, भिलाई ने बताया कि वह एसी सर्विस का व्यवसाय शुरू करना चाहता था और इसके लिए 12 किलोवाट थ्री-फेस बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। अभियंता ने कनेक्शन देने के बदले रिश्वत की मांग की थी। एसीबी रायपुर द्वारा शिकायत के सत्यापन के बाद सोमवार को अभियंता प्रवीण साहू को रिश्वत की रकम लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया।

### *पटवारी ने मांगी थी जमीन के रिकार्ड के लिए रिश्वत*

*कोरबा जिले के पाली तहसील में पदस्थ पटवारी सुल्तान सिंह बंजारा को 10,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए एसीबी बिलासपुर की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता समर सिंह, निवासी दुल्लापुर ने बताया कि वह पिछले 40 वर्षों से सवा तीन एकड़ भूमि पर काबिज है। उसका नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज कराने के लिए पटवारी ने 25 हजार रुपए की मांग की थी। एसीबी बिलासपुर की टीम ने प्रथम किश्त के रूप में दी जा रही रकम के साथ पटवारी को गिरफ्तार किया।*

### बजट में प्रावधान आवंटन पर विपक्ष ने उठाए सवाल

# सीवर प्रोजेक्ट और अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम पर गूंजा सदन





**जबलपुर। नगर निगम की बजट बैठक में सीवर लाईन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम नगर निगम की स्कूलों को लेकर कांग्रेस पार्षद दल के उपसचेतक आयोध्या तिवारी जमकर मुखर रहे, उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर लगातार 2.5 घंटे बैठक में हिस्सा लिया। इस दौरान्यक्ष ने उन्हें 6 बार बैठने के लिये कहा, देर शाम तक चली बैठक सोमवार तक के लिये स्थगित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि 2007 में जन्मा बच्चा अब व्यस्क हो गया, लेकिन सीवर प्रोजेक्ट आज भी अव्यस्क ही है।”**

पार्षद तिवारी ने बताया कि सीवर प्रोजेक्ट का महज 30 प्रतिशत काम ही अब तक हो पाया है। शेष परियोजना अब भी योजनाओं और कागज़ों में उलझी हुई है। उन्होंने सवाल उठाया की बजट में एक हजार करोड़ रुपया का प्रावधान किया गया है। क्या नगर निगम के पास इतना फंड है, या 1000 करोड़ रुपए आवंटित हुआ है, यह भी स्पष्ट किया जाए। राशी का प्रबंधन है नहीं और सब्ज बाग दिखाए जा रहे हैं।

#### शहर नियोजन का अधिकार निगम को देने की मांग

पार्षद तिवारी ने सदन में यह भी आरोप लगाया कि शहर नियोजन का कार्य ऐसे अधिकारियों के हाथ में है जो भोपाल में बैठे हैं और जिन्हें शहर की भौगोलिक व सामाजिक संरचना की पूरी जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि यह शहर के साथ अन्याय है और नियोजन की जिम्मेदारी स्थानीय निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और निगम को दी जानी चाहिए।

#### बजट पर बीजेपी पार्षदों की नाराज़गी

बजट पर चर्चा के दौरान पार्षद तिवारी ने यह भी आरोप लगाया कि मेयर ने बजट तैयार करने से पूर्व बीजेपी पार्षदों से कोई चर्चा नहीं की। इसपर सत्ता पक्ष के पार्षदों ने विरोध जताया और सदन में जमकर नोकझोंक हुई। स्थिति को बिगड़ते देख अध्यक्ष को हस्तक्षेप करना पड़ा।नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा ने सत्ता पक्ष के एक एमआईसी सदस्य को फटकारते हुए कहा, “जहां बोलना चाहिए वहां महापौर बोलते हैं, इसलिए आप यहां बीच में मत बोलिए।”

#### अंतरार्ष्ट्रीय स्टेडियम पर दिया सुझाव

पार्षद आयोध्या तिवारी ने अंतरार्ष्ट्रीय स्टेडियम के लिये नगर सत्ता पर गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शहर से 20 किलोमीटर दूर जाने की आवश्यकता नहीं है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को यह काम सौंप देना चाहिये। रानीताल में सबकुछ अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम की पात्रता है, सिर्फ दर्शक दीर्घा की आवश्यकता है। यहां 35 हजार लोगों के बैठने की क्षमता है। नगर निगम की स्कूलों पर भी उन्होंने सवाल उठाया की स्कूलों में व्यवस्था नहीं है और इन संपत्तियों का उपयोग दूसरे लोग कर रहे हैं और नगर निगम उसका शुल्क भी नहीं वसूल कर पा रहा है। नगर निगम पूरे 79 वार्डों में शिक्षा उपकर वसूल रहा है। जबकी निगम के कुल 5 स्कूल चल रहे हैं। जिन वार्डों में स्कूल नहीं है वहां के लोगों से क्यो शिक्षा उपकर लिया जा रहा है।

#### स्लाटर हाउस शहर में ही रहने दिया जाए

कांग्रेस पार्षद मुकीमा अंसारी ने सदन में यह मामला उठाया कि स्लाटर हाउस को शहर के बाहर करने का प्रावधान किया गया है। बेशक इसमें आपकी नियत अच्छी हो सकती है, लेकिन यह मुद्दा शहर की शांति व्यवस्था से भी जुड़ा है, इस पर भी विचार करना होगा। यदि शहर के बाहर से मांस लाने ले जाने में मांस गिर गया या ट्रांस्पोर्टिंग के दौरान वाहन खराब हुआ यह जाम में फंसा तो किसी भी तरह की गलत अफवाह शहर की फिजा को बिगाड़ सकती है। लिहाजा ऐसी व्यवस्था की जाए की स्लाटर हाउस से निकलने वाली गंदगी और लोगों के रोजगार की व्यवस्था का इंतजाम हो सके।

## सड़कों में स्कूल की पार्किंग से मासूमों की जान से खिलवाड़ क्यों

### हाई कोर्ट ने जनहित याचिका पर मांगा जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सड़कों में स्कूल की पार्किंग के जरिए मासूमों की जान से खिलवाड़ को चुनौती के प्रकरण में जवाब-तलब किया है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी की युगलपीठ ने जबलपुर के संभागायुक्त, कलेक्टर, निगमायुक्त, पुलिस अधीक्षक यातायात व मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग सहित अन्य को नोटिस जारी किए। सभी को चार सप्ताह में जवाब प्रस्तुत करने को कहा गया।



जनहित याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी अधिवक्ता जसबीन गुजराल सहित अन्य ने अपना पक्ष स्वयं रखा। उन्होंने दलील दी कि बचपन बचाओ आंदोलन विरुद्ध भारत सरकार के संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों की सुरक्षा व उनकी देखभाल के संबंध में आवश्यक गाइडलाइन जारी की थी। यह गाइडलाइन देश के सभी प्रदेशों के लिए जारी की गई थी। इसके अलावा वर्ष-2022 में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा भी गाइडलाइन जारी की गई थी। जिसके अनुसार जिन वाहनों से छात्र आते हैं, उनकी पार्किंग स्कूल के अंदर होनी चाहिए। इस संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टर को निर्देश भी जारी किए गए थे। इसके बावजूद आलम यह है कि जबलपुर के अधिकतर स्कूलों की पार्किंग सड़क में होती है। बच्चों को स्कूल के बाहर सड़कों पर उतार दिया जाता है। जिसके कारण सड़क में जाम की स्थिति निर्मित होती है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और स्कूल आने वाले बच्चों के साथ कोई हादसा घटित हो सकता है।

## जलगंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक 24 को

**जबलपुर।** जिले में चलाये जा रहे जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के लिए गुरूवार 24 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को वांछित जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत ने दिये है।

## हाई कोर्ट ने ब्लैक लिस्टेड समितियों को गेहूं खरीदी की जिम्मेदारी देने पर लगाई रोक

### राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

जबलपुर।

हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने ब्लैक लिस्टेड समितियों को गेहूं खरीदी की जिम्मेदारी देने पर रोक लगा दी है। इस अंतरिम आदेश के साथ ही राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया है। मामले की अगली सुनवाई छह सप्ताह बाद नियत की गई है, इस बीच जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जनहित याचिकाकर्ता सिवनी अंतर्गत ग्राम बरेली पार निवासी अनीता उईके की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि प्रतिवर्ष समर्थन मूल्य पर खरीदे जाने वाले गेहूं में होने वाले भ्रष्टाचार को रोकने के लिये राज्य सरकार ने कड़ा कदम उठाया था। इसके अंतर्गत उपार्जन नीति के तहत समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी करने की जिम्मेदारी महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपी गई थी। इस वर्ष भी स्व सहायता समूहों के जरिए भी समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की जा रही है।



हाई कोर्ट को अवगत कराया गया कि इस वर्ष 20 ब्लैक लिस्टेड स्व-सहायता समितियों को गेहूं खरीदी की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। याचिका में 25 मार्च, 2025 को जारी आवंटन आदेश का हवाला दिया गया है। इस बारे में संबंधितों को शिकायतें देने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर याचिका दायर की गई। याचिका में राज्य सरकार के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, सिवनी कलेक्टर और जिला आपूर्ति अधिकारी को पक्षकार बनाया गया है। हाई कोर्ट ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद अहम अंतरिम आदेश पारित कर दिया।

## जनसुनवाई में आये 143 आवेदन

**जबलपुर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर दीपक सक्सेना, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड और अन्य अधिकारियों को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 143 आवेदन दिये। जिसमें 102 नये आवेदन हैं तथा 41 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अतिक्रमण, लड़ाई-झगड़ा, छात्रवृत्ति भुगतान, पानी, नाली निर्माण, आर्थिक सहायता, पीएम किसान योजना में नाम जोड़ने, अभिलेख दुरूस्त करने, किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, शिक्षा, समग्र आईडी, चिकित्सा सहायता, पेंशन, संबल राशि दिलाने, आवास योजना का लाभ दिलाने, बीपीएल कार्ड बनवाने आदि से संबंधित आवेदन थे। इस दौरान कलेक्टर सक्सेना ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित कि लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता में लेकर निराकरण करें।

## बाल विवाह रोकने अनुभाग स्तर पर निगरानी समितियां गठित

### संवेदनशील क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर बनेंगी समितियां

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने एक आदेश जारी कर 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया तथा वर्ष भर विभिन्न विवाह मुहुर्तो पर बाल विवाह होने की संभावनाओं एवं उनकी रोकथाम के मद्देनज़र जिले में अनुभाग स्तर पर संबंधित अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों की अध्यक्षता में सात सदस्यों की निगरानी समितियां गठित की है। अनुभाग स्तर पर गठित निगरानी समितियों में संबंधित जनपद पंचायत के सीईओ, तहसीलदार, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं पुलिस थाना प्रभारी को सदस्य नियुक्त किया गया है। आदेश में कलेक्टर ने अनुभाग स्तरीय समितियों को ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित करने की जिम्मेदारी दी है, जहां बाल विवाह होने की संभावना हो। समिति ऐसे चिन्हित क्षेत्रों की सूची बनाकर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास तथा संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों को सौंपेंगी। इन क्षेत्रों एवं ग्रामों में बाल विवाह की रोकथाम हेतु विभिन्न जनजागरण के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे तथा बाल विवाह न हो पाये इस हेतु विशेष निगरानी रखी जायेगी। अनुभाग स्तर पर गठित निगरानी समितियां बाल विवाह की रोकथाम हेतु संवेदनशील ग्रामों में ग्राम स्तरीय समितियां भी गठित करेंगी। इन समितियों में सरपंच, पंच, बीडीएस, ग्राम शिक्षक, ग्राम कोटवार, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता को शामिल किया जायेगा। ग्राम स्तरीय ये समितियां जहां बाल विवाह को रोकने के लिए प्रचार-प्रसार में सहायता करेंगी, वहीं ग्राम में बाल विवाह के आयोजनों की पूर्व तैयारियों पर नजर रखते हुए इसकी सूचना समय पूर्व तहसील स्तरीय समिति, थाना प्रभारी अथवा अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों को देकर ऐसे आयोजनों को रोकने का प्रयास करेंगी। अनुभाग स्तर पर गठित समितियों को बाल विवाह की रोकथाम के लिये प्रभावी सूचना तंत्र विकसित करने, कण्ट्रोल रूम बनाने तथा कंट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने कहा गया है। इन समितियों को ग्राम स्तरीय समितियों के कार्य दायित्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। अनुभाग स्तरीय समितियां चिन्हांकित क्षेत्रों में इनके कार्यक्रमों का अनुश्रवण करेंगी तथा तहसील एवं विकासखंड स्तर पर बाल विवाह रोकथाम हेतु अलग से सेल गठित करेंगी। गठित सेल के प्रभारी अधिकारी का नाम एवं दूरभाष क्रमांक ग्राम स्तरीय समितियों तथा अन्य जिम्मेदार लोगों को उपलब्ध करायेंगी। अनुभाग स्तरीय समितियां किसी भी स्तर से किसी क्षेत्र अथवा गांव में बाल विवाह होने की जानकारी मिलते ही तत्काल प्रभावी कदम उठाकर ऐसे आयोजनों को रोकेंगी। आदेश में कलेक्टर ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी को अनुभाग स्तर पर उड़नदस्ता दल का गठन करने के निर्देश दिये हैं। उड़नदस्ता दल द्वारा बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार कार्यवाही की जायेगी। ज्ञात हो कि राज्य शासन द्वारा जुलाई 2023 में जारी की गई अधिसूचना के माध्यम से तहसील स्तर पर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, विकासखंड स्तर पर जनपद पंचायत के सीईओ एवं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी नामांकित किया गया है। कलेक्टर द्वारा अनुभाग स्तरीय समितियों के गठन के जारी आदेश में कहा गया है कि ये समितियां खण्ड स्तर पर वैवाहिक समारोहों में सेवा देने वाले सेवा प्रदाताओं, जनप्रतिनिधियों एवं अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों का लाडो अभियान के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन कर उनका संवेदीकरण करेंगी। अनुभाग स्तरीय निगरानी समितियों को संबंधित क्षेत्र के प्रिंटिंग प्रेस, हलवाई, केटरर, धर्मगुरू, बैण्ड पार्टी, ट्रॉसपोर्ट एवं समाज के मुखियाओं को कार्यशालाओं का आयोजन कर बाल विवाह अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराने तथा वर-वधु की आयु संबंधी प्रमाण पत्र प्राप्त कर परीक्षण उपरांत ही सेवायें देने का अनुरोध की करेगी। आदेश के अनुसार अनुविभागीय दण्डाधिकारी इस शर्त पर सामूहिक विवाह समारोह के आयोजन की अनुमति जारी करेंगे कि ऐसे आयोजनों में वर की आयु 21 वर्ष तथा वधु की आयु 18 वर्ष से कम न हो। सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन करने वाले संयोजक को अनुमति के लिये दिये जाने वाले आवेदन के साथ वर-वधु की सूची छाया चित्र एवं आयु प्रमाण पत्र संलग्न करने होंगे। अन्यथा सामूहिक विवाह आयोजित करने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी। कलेक्टर श्री सक्सेना ने आदेश में बाल विवाह के रोकथाम के प्रयासों एवं रोके गये बाल विवाहो की जानकारी का प्रतिवेदन निर्धारित प्रारूप में कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 107 स्थित जिला कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं।



कलेक्टर ने जारी किया आदेश

## स्वस्थ जीवन शैली अपनाने आयोजित की गतिविधियां

**जबलपुर।** पोषण पखवाड़ा के समापन दिवस पर मंगलवार को महिला बाल विकास विभाग द्वारा परियोजना एवं आंगनबाड़ी केंद्र स्तर पर जिले के समस्त 2 हजार 486 आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने तथा जीवन के प्रथम एक हजार दिवस के महत्व की थीम पर आधारित अनेक गतिविधियां आयोजित की गई। आंगनबाड़ी केन्द्रों में मोटे अनाज एवं स्थानीय स्तर पर पोषक तत्वों से युक्त अनाज से निर्मित पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा “मोटे अनाज एवं पोषक तत्व युक्त अनाज” विषय पर चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं, महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र तथा क्षेत्र अंतर्गत स्थित स्कूलों में स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए सरल योगाभ्यास एवं प्राणायाम संबंधित सत्रों का आयोजन किया गया और जीवन में योग के महत्व पर चर्चा भी की गई। केंद्र स्तर पर स्व-सहायता समूह की महिला सदस्यों के सहयोग से एनीमिया के लक्षण, प्रभाव, कारण एवं इससे बचाव विषय पर चर्चा की गई। आंगनबाड़ी केंद्र में सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया गया तथा आंगनबाड़ी के आसपास के प्लास्टिक कचरा को एकत्र कर श्रमदान किया गया। साथ ही जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में केन्द्रो में पोषण शपथ दिलाई गई एवं जन समुदाय में पौष्टिक आहार, स्वस्थ जीवन शैली अपनाये जाने पर जोर दिया गया।

### भेड़ाघाट स्थित वैभव होटल में धांय-धांय, वीडियो वायरल

# रेत कारोबारी के बर्थडे पार्टी में हर्ष फायरिंग!

जबलपुर।

भेड़ाघाट स्थित वैभव होटल में जन्मदिन का जश्न मनाने के दौरान हर्ष फायरिंग हुई जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें रेत कारोबारी पुष्पराज सिंह लोधी के गुर्गे गोलियां चला रहे है। रेत कारोबारी एक विधायक का करीबी बताया जा रहा है जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर लीक हो गया। घटना 16 फरवरी की रात 12 बजे की बताई जा रही है।

#### क्या है मामला

सूत्रों के मुताबिक पुष्पराज सिंह लोधी निवासी ग्राम कूरन का 16 फरवरी को जन्मदिन था। जिसे मनाने के लिए 16 फरवरी की रात को उसके गुर्गो ने वैभव होटल में जुटे थे। जहां पर रात को केक काटने के बाद हर्ष फायरिंग की घटना हुई। हर्ष फायरिंग का वीडियो इंस्ट्राग्राम समेत सोशल मीडिया में अब वायरल हुआ है। वीडियो में गुर्गे लायसेंसी 12 बोर, पिस्टल बदमाश द्वारा चलाए जा रहे तमंचे को अवैध बताया जा रहा है। पुलिस वीडियो की जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है।



#### वायरल वीडियो में साफ दिख रहे चेहरे

सूत्रों के मुताबिक बताया जाता हैं कि पुष्पराज रेत खनन के काम से जुड़ा है। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में गोटेगांव निवासी रेत माफिया राजेश राजपूत उर्फ शूटर, विमलेश महाराज, अवधेश राजपूत भी गुर्गो द्वारा की जा रही हवाई फायरिंग में साफ देखे जा रहे है।

#### खुद को बताता है भाजयुमो नेता

पुष्पराज सिंह खुद को भाजयुमो नेता और एक विधायक का करीबी बताता है। अंधमूक बायपास स्थित एक यार्ड में अवैध भंडारण से लेकर गोटेगांव तक रेत सप्लाई में कई बार सुर्खियों में आ चुका है।

#### इनका कहना है

वायरल वीडियो संज्ञान में आ चुका है मामले की जांच चल रही है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

**-समर वर्मा, एएसपी**

## 20 मई से 6 जून के मध्य जिम्मेदार राजनेताओं के घर बजाएंगे शंख और घंटा

लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति का बड़ा ऐलान

# 6 जून को सिहोरा जिला के लिए आंदोलन का ऐलान

हरिभूमि सिहोरा।

प्रदेश सरकार और राजनेताओं को सिहोरा जिला का उनका चुनावी वचन स्मरण कराने के लिए लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने एक बार फिर क्रमबद्ध व्यापक आंदोलन की घोषणा कर दी है।समिति ने आगामी 6 जून को सिहोरा में एक बड़े धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।समिति के सदस्य इससे पहले 20 मई से जिम्मेदार राजनेताओं के घर के बाहर शंख और घंटा बजाकर उन्हें उनका चुनावी वादा भी स्मरण कराएंगे।




### 6 जून ही क्यों चुना

लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने बताया कि 21 वर्ष पहले 6 जून 2004 को मुख्यमंत्री रहते सुश्री उमा भारती शासकीय दौरे पर सिहोरा आई थी।यहां आयोजित सभा में सुश्री उमा भारती ने सिहोरा जिला की घोषणा करते हुए नवंबर 2004 से विधिवत लागू करने की सार्वजनिक घोषणा की थी।समिति इसी तिथि को आंदोलन करते हुए सत्तारूढ़ भाजपा सरकार से पूंछेगी कि भाजपा व्यक्तिवादी पार्टी है या सिद्धांतवादी? यदि उमा भारती भाजपा की मुख्यमंत्री थी तो उनके बाद के सभी भाजपा मुख्यमंत्रियों ने सिहोरा को जिला क्यों नहीं बनाया?

### घर घर बजाएंगे शंख और घंटा

समिति के सदस्यों ने कहा कि सिहोरा के साथ हुए अन्याय की जितनी दोषी पदस्थ सरकारें रहीं उतनी ही स्थानीय नेता भी है।इन राजनेताओं ने अपने आकाओं के समक्ष इन 21 वर्षो में कभी सिहोरा जिला बनाए जाने का दवाब नही बनाया।समिति के सदस्य ऐसे ही सिहोरा के स्थानीय राजनेताओं के घर के बाहर शंख और घंटा बजाकर उनकी आत्मा को जगाने का काम करेंगे।।यह मुहिम 20 मई से 6 जून के मध्य आयोजित की जाएगी।सर्वप्रथम उन राजनेताओं को चिन्हित किया जाएगा जो 6 जून 2004 को उमा भारती और 15.11.2023 को स्मृति ईरानी की सभा में मौजूद थे।

### जिला बनने तक मुहिम जारी रहेगी

लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के अनिल जैन, विकास दुबे,कृष्ण कुमार कुररिया,संतोष पांडे, सुशील जैन, अमित बक्शी, मानस तिवारी,नत्थू पटेल, राजेश कुररिया,नंदू परोहा, राजभान मिश्रा,प्रदीप दुबे, रामजी शुक्ला, नागेंद्र कुररिया,नवीन शुक्ला,नरेंद्र गर्ग,गुड्डा विश्वकर्मा, एम एल गौतम,संतोष वर्मा,मोहन सोंधिया आदि ने सभी सिहोरा वासियों से एकजुट होने का आह्वान किया है।

## विधायक अजय विश्नोई एवं प्रणय पांडे ने किया यज्ञ स्थल का निरीक्षण

# श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञ होगा सिहोरा के ग्राम रिंवझा में 3 से 9 मई तक

**सिहोरा।** सिहोरा के निकटवर्ती ग्राम रिंवझा में 3 से 9 मई तक आयोजित सप्त दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा की तैयारियों का जायजा लेने मंगलवार को पाटन विधायक अजय विश्नोई एंव बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडे आयोजन स्थल पहुंचे।



### यज्ञ मंडप, परिक्रमा पथ का लिया जायजा

विधायक द्वय ने यज्ञ मंडप, परिक्रमा पथ, भागवत कथा स्थल, पार्किंग स्थल, भोजन शाला आदि का निरीक्षण कर कार्य में लगे लोगों से मुलाकात कर कहा की क्षेत्र के लिए बडे ही सौभाग्य की बात है की इस बड़े आयोजन के हम सब साक्षी बनने जा रहे हैं इसलिए किसी भी कार्य में कोई कमी न रहे तथा उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को तैयारी से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

### धार्मिक आयोजन में पहुंचेंगे लाखों भक्त

भारत के महान कथा वाचक संत अनिरुद्धाचार्य जी की जन्मभूमि में यह विशाल आयोजन पहली बार हो रहा है इसलिए जहां इसको लेकर सिहोरा, मझौली, पाटन, बहोरीबंद सहित अनेक छोटे बड़े शहरों सहित ग्रामीण क्षेत्र को लोगों में अपार उत्साह देखा जा रहा है और हर कोई इस आयोजन में सहभागी बनने आतुर नजर आ रहा है। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि एंव क्षेत्रीय जन उपस्थित थे।

### यज्ञ स्थल को सजाने का कार्य अंतिम चरण में

पाटन एंव बहोरीबंद क्षेत्र के विधायकों के मार्गदर्शन एंव महाराज जी के सानिध्य में हो रहे य यज्ञ एंव कथा स्थल सहित सम्पूर्ण ग्रामीण क्षेत्र तथा सिहोरा मझौली आदि को फ्लेक्स बैनर सहित अनेक अनेक सामग्री से सजाया जा रहा है साथ ही इस बात का भी ध्यान रखा जा रहा की बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और वो अच्छे से धार्मिक लाभ ले सकें।

## जैन समाज ने की मुनिश्री की भव्य आगवानी

# सिहोरा नगर हुआ सुधासागरमय

**सिहोरा।** निर्यापक श्रमण, मुनिपुंगव मुनिश्री 108 सुधा सागर जी महाराज का ससंघ आगमन सिहोरा नगर हुआ। सकल जैन समाज सिहोरा ने बैंड, डीजे, मंगल कलश और ध्वजाओं के साथ मुनिश्री की भव्य अगवानी की। पंचायती जैन मंदिर में मुनिश्री ने अपने प्रवचनों में उपस्थित लोगों से सदैव धर्म के मंगल पथ पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सिहोरा इतना भाग्यशाली है कि यहाँ के जन्में, हमारे संघ में मुनि प्रसाद सागर जी महाराज हैं, जो निरंतर धर्म प्रभावना कर रहे हैं। नगर का मार्ग ऐसा है कि यहाँ निरंतर संतों का आवागमन होता रहता है, संतों का आशीर्वाद जिस स्थान को मिल जाता है, वहाँ की जनता धन्य हो जाती है। मुनि सुधासागर जी की आहारचर्या प्रसाद सागर जी महाराज के गृहस्थ जीवन के भाई सन्मति जैन के घर पर संपन्न हुई जहाँ श्रेयांश, संभव जैन, राखी जैन और अन्य लोगों ने मुनि श्री को नवधाभक्ति पूर्वक आहार दिए। कार्यक्रम का संचालन ऋषभ जैन द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि मुनिश्री के सानिध्य में सिहोरा मंदिर में यागमंडल विधान और लघु पंचकल्याणक का आयोजन किया जा रहा है। शाम को 6 बजे महाराज जी द्वारा जिज्ञासा समाधान कार्यक्रम संचालित होगा, जो जिनवाणी चैनल पर लाइव प्रसारित होगा। सिहोरा में इस भव्य आयोजन में बचैया, गोसलपुर, मझौली, खितौला, जबलपुर, पनागर, दर्शनी और लमकना जैन समाज के लोगों की भी भागीदारी रही।

# सीएम राइज स्कूल में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

हरिभूमि सिहोरा।

सी एम राइस विद्यालय सिहोरा में विश्व वसुंधरा दिवस बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया इस कार्यक्रम का आयोजन शाला प्राचार्य अशोक उपाध्याय की अध्यक्षता में किया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने पृथ्वी संरक्षण,जल संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण विषय को ध्यान में रखते हुए विभिन्न रोचक पोस्टर्स बनाकर प्रतियोगिता में भाग लिया एवं छात्रों ने विभिन्न नारे बोलकर बैनर और स्लोगन के साथ पृथ्वी संरक्षण रैली निकाली।



### बच्चों को किया प्रोत्साहित

इस कार्यक्रम में शिक्षको एवं प्राचार्य द्वारा बच्चों को पृथ्वी संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया गया छोटे-छोटे बहुत से उपाय बताए गए जिसके अंतर्गत दैनिक जीवन में जल को कैसे बचाना है पेड़ पौधों की रक्षा कैसे करना है जीव जंतुओं को संरक्षित करना है आदि के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में उप प्राचार्य शैलेंद्र मिश्रा, सत्यनारायण तिवारी, हर्षिता मिश्रा, अपूर्वा कुटार, मंजूश्री राणा, सरस्वती सिंह राणा, इंदिरा सोनी, अभिषेक प्यासी आदि शिक्षक एंव स्कूल के बच्चे उपस्थित थे।

# जूडोः आत्मरक्षा का सबसे अच्छा साधन

**जबलपुर।** जबलपुर जिला जूडो संघ के अध्यक्ष रवि गुप्ता द्वारा दी गई जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के मार्गदर्शन में खेल एवम् युवा कल्याण विभाग तथा शालेय शिक्षा विभाग एवम् क्रीड़ा भारती महानगर व जिला जूडो संघ के संयुक्त तत्वाधान में 24 अप्रैल से ग्रीष्मकालीन जूडो प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शहर के विभिन्न क्षेत्र में किया जा रहा है। जिला जूडो संघ के सचिव व वरिष्ठ जूडो कोच आबिद हुसैन खान ने बताया कि इस ग्रीष्मकालीन जूडो प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य जूडो के विकास के लिए नई-नई प्रतिभाओं की खोज करना उन्हें जूडो की नवीनतम तकनीक तथा बारीकियों से अवगत कराना है। श्री खान ने आगे बताया कि शिविर के दौरान अंतरराष्ट्रीय जूडो खिलाड़ियों को लाने का प्रयास किया जाएगा, जिससे हमारे नवोदित खिलाड़ी कुछ नया सीखने का प्रयास करें। जूडो की अहम भूमिका को आत्मरक्षा एवं आत्मविश्वास की दृष्टि से एक आवश्यक खेल कला मानते हुए प्रत्येक विद्यार्थी विशेष कर छात्रों को आवश्यक रूप से इस खेल का प्रशिक्षण लेना समाज एवं स्वयं उनके लिए लाभप्रद है। यह जूडो प्रशिक्षण शिविर शहर के श्री त्रिभुवनदास मालपानी हायर सेकेंडरी स्कूल मिलोनीगंज, पी.एम. श्री रानी दुर्गावती शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंगानगर गढ़ा (कोच नौशीन अंजुम), कछपुरा स्कूल गुलौआ चौक रेलवे क्रॉसिंग (कोच मनीष श्रीवास्तव) तथा होली लाइट चिल्ड्रेंस एकेडमी जयप्रकाश नगर अधारताल जबलपुर (कोच तावेज़ अली) में एक साथ आयोजित किए जा रहे हैं। जो भी छात्र एवं छात्राएं उक्त शिविर में भाग लेना चाहते हैं वह संघ के सचिव आबिद खान से संपर्क कर अपना पंजीयन करवा सकते हैं।

# पेंशनर्स एसोसिएशन ने 4 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।** पेंशनर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में जबलपुर जिले के पेंशनर्स पदाधिकारियों ने संभागीय आयुक्त कार्यालय के समक्ष उपस्थित होकर अपनी चार सूत्रीय लंबित मांगों के संबंध में प्रदर्शन करते हुए मांग पत्र संभागीय उपायुक्त माननीय श्रीमती बाटला जी को सौंपकर बताया है कि म.प्र. के पेंशनर्स की लंबित मांगो के संबंध में निरंतर आंदोलन किए जाने के पश्चात भी राज्य शासन के द्वारा कोई भी निर्णय नहीं लिया जा रहा है जिससे पेंशनर्स में गंभीर आक्रोश व्याप्त है। मांग की गई है कि निम्नलिखित मांगों की पूर्ति तत्काल की जाये, 1. म.प्र., छ.ग. राज्य पुर्नगठन अधिनियम 2000 की धारा 49 (6) को पेंशनर्स हित में विलोपित की जाये। या उसका अधिनियम में दी गई व्यवस्था क अनुकूल सरलीकरण किया जाये, 2. केन्द्र के सामान राज्य के पेंशनर्स को भी देय तिथि से मंहगाई राहत का भुगतान किया जाये जिसमें जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत तथा जनवरी 2025 से 2 प्रतिशत के आदेश जारी हों, 3. राज्य के पेंशनर्स हित में माननीय सर्वोच्च न्यायालय तथा माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय का पालन सुनिश्चित कराया जाये तथा विभागों के द्वारां आदेशों का पालन न किया जाकर उनको पुनः उलझाये जाने की प्रवृत्ति को रोका जाये, 4. राज्य के साढे लाख पेंशनर्स जो कि देश के वरिष्ठ नागरिक है, सम्मानीय है. देश के मतदाता है अतएव पेंशनर्स हित में पूर्व से लंबित आर्थिक प्रकरणों का निराकरण कराया जाये ताकि पेंशनर्स को आर्थिक लाभ प्राप्त हो, आज के कार्यक्रम में जिला शाखा अयक्ष श्री एच.पी. उरमलिया, शेषमणी पाण्डेय, एम.एल. चौकत्ते, सी.एल. दोहरे, आर. के. श्रीवास्तव, डॉ. बी.पी. अवस्- एस.के. श्रीवास्तव, डॉ एस पी सिंह श्रवण कुमार श्रोती, आर आर तिवारी, एस.पी. शुक्ला, ए.के. शुक्ला, आर.एस. सक्सेना, दिनेश चौधरी, भागीरथ प्रसाद शर्मा, उमेश हंस, डॉ प्रवीण कुमार राव, आदि उपस्थित रहे ।



# बाईक सवारों ने बैन में रखे सवा दो लाख उड़ाये

**जबलपुर।** बरगी थानान्तर्गत कल शाम रमनपुर घाटी के समीप एक मजार के सामने बैन का टायर पंचरहोने पर टायर बदलने जैक चढ़ाने के दौरान मोटर साइकिल से आये दो लोगों ने मदद करने के नाम पर बैन चालक की गाडी में रखा रूपयों के भरा बैग पार कर दिया। बैग में २ लाख २६ हजार नगदी थे। बैन चालक ग्रामीण क्षेत्रों में बैन में किराना सामान व पान मसाला रखकर फुटकर विक्रेताओं को बेचता है। बैन चालक के बैग में पान मसाला व किराना सामान की बसूली के रूपए रखे थे। अज्ञात आरोपियों पर प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। बरगी पुलिस ने बताया कि न्यू कंचन पुर आधारताल निवासी बद्री प्रसाद पाण्डे मारूती बैन में किराना व पान मसाला थोक में खरीदकर फुटकर दुकानदारों को बेचने का काम करता है। गत 16 अप्रैल की सुबह लगभग साढे नौ बजे बद्रीप्रसाद अपने घर से निकल कर फेरी लगाते हुए बरगी क्षेत्र के गांव में किराना एवं पान मसाला का सामान बेचते हुए धूमा में बाजार के दुकानदारों को किराना एवं पान मसाला विक्रय करके दुकानदरों से बिक्री किये गये सामग्री का रूपया बैग में रखकर मारूती बैन से घूमा से लगभग साढ़े छै बजे जबलपुर आ रहा था। शाम लगभग साढे सात बजे बद्रीपसाद रमनपुर घाटी के उपर पहुंचा तो उसकी वैन का पिछला दाहिनी साइड का चका पंचरहो गया। ढालन के कारण बद्री ने बैन नीचे उतार ली वह घाटी के नीचे एक मजार के सामने बैन को खडा कर टायर बलदने जैक चढ़ा रहा था तभी घूमा की ओर से साइकिल पर दो लड़के आए जिसमें से एक लड़काबोला कि क्या मदद की जरूरत है। बद्री ने कहा मुझे मदद की कोई जरूरत नहीं है। इसके बाद दोनों लड़के बैन के पीछे अपनी मोटर साइकिल की लाइट उसकी और दिखाते रहे इसके बाद वे लड़के बोले हमारा काम हो गया है हम जाते हैं।

# ज्ञान गंगा कॉलेज में लगा रक्तदान शिविर, 56 यूनिट रक्त संग्रहित की



**जबलपुर।** ज्ञान गंगा कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन 56 यूनिट रक्त का संरक्षण करके किया गया। इस शिविर का उद्देश्य छात्रों में रक्तदान, थैलीसीमिया के प्रति जागरूकता, जरूरतमंदों की सहायता एवं सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना था। इस आयोजन में सहयोगी संस्थान रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकारणी सदस्य सुनील गर्ग, प्राणदा प्रकोष्ठ सक्षम (महाकौशल प्रांत) के अध्यक्ष डॉ. अंकित सेठ एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के रक्तदान केंद्र प्रभारी डॉ. शिशिर चिनपुरिया सभी विभागीय डॉ तथा तकनीकी टीम के सभी सदस्यों की उपस्थिति एवं सहयोग रहा। इस शिविर का सफल आयोजन प्राचार्यः डॉ. आर. बी. क्षीरसागर, रजिस्ट्रारः डॉ. सुदीप्तो मुखर्जी के दिशानिर्देश में डॉ. कामिनी साहू (प्रोफेसर, फार्मेसी विभाग) द्वारा किया गया । ज्ञान गंगा कॉलेज प्रबंधन (सेक्रेटरी डॉ रजनीत जैन ) रक्तदान जैसे सामाजिक कल्याण के कार्यों में सदैव अग्रसर रहा है। इस शिविर की सफलता में छात्र-छात्राओं की भागीदारी भी सराहनीय रही।

## रंगदारी वसूलने चूहा ने किया शराब दुकान में पथराव

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत संजय नगर शराब दुकान सेल्समेन के साथ मारपीट का मामला सामने आया है, आरोपियों ने सेल्स मेन से शराब पीने के लिये रुपयों की मांग की थी, पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. घटना के संबंध में अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय नगर शराब दुकान में सेल्स मेन के पद पर पदस्थ हैं, 48 वर्षीय उमा शंकर गुप्ता कल रात दुकान के पास पान की दुकान में खड़ा था, तभी एक युवक सोनू चूहा और उसका एक साथी वहां आए और गाली गलौच कर शराब पीने के लिये रुपये मांगने लगे, मना करने पर दुकान में पथराव किया और जान से मारने की धमकी देत हुये भाग गये। पुलिस ने एक आरोपी राज बर्मन को गिरफ्तार कर लिया है, चुहा अभी फरार है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## दो फड़ों पर छापा 10 जुआरी गिरफ्तार

**जबलपुर।** रांझी पुलिस एवं क्राईम ब्रांच की टीम ने मुखबिर की सूचना पर विश्वकर्मा मोहल्ल मानेगांव में जमे जुये के फड़ पर छापा मारकर 10 जुआरियों को गिरफ्तार कर 23 हजार 50 रूपये जप्त किये है। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने जब मानेगांव में छापा मारा तो वहां अनूप सोनकर, राहुल रजक, शैंकी रैकवार, गोलू उर्फ कुनाल को जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ा जिनके पास से 20 हजार 450 रूपये जप्त किये गए। इसी प्रकार मड़ई कोलान मोहल्ला में सौरभ कोल उर्फ टक्कू , अजय कोल, देवकुमार कोल, मोहन रैकवार चारों निवासी मड़ई कोलान मोहल्ला, शुभम केवट एवं कुलदीप प्रसाद धानुक को जुआ खेलते पकड़ा गया. जिनके पास से 2 हजार 600 रूपये और ताश पत्ते जप्त कर सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

**श्री बसंती बाई दुबे-** सिहोरा, निकटवर्ती ग्राम पंचायत झांसी गोसलपुर निवासी श्रीमति बसंती बाई दुबे का 89 साल की उम्र में निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्रह ग्राम में किया गया। वे स्वर्गीय अयोध्या प्रसाद दुबे की पत्नी थी।



**श्रीमती रजिन्दर कौर सलूजा-** आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्रीमती रजिन्दर कौर सलूजा (98) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कीर्ति दुआ-** आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री अशोक दुआ की धर्मपत्नी श्रीमती कीर्ति दुआ (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कीर्ति किशोर जोशी-** गोल बाजार निवासी श्री किशोर जोशी की धर्मपत्नी श्रीमती कीर्ति किशोर जोशी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विष्णु प्रसाद अहिरवार-** बादशाह हलवाई मंदिर मोड पोलीपाथर निवासी श्री विष्णु प्रसाद अहिरवार (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री पुरुषोत्तम दास अग्रवाल-** मिलोनीगंज निवासी श्री पुरुषोत्तम दास अग्रवाल (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करिया पाथर शमशान भूमि में किया गया।




**श्री पप्पू रैकवार-** भूकंप कॉलोनी परसवाड़ा निवासी श्री संतलाल रैकवार के पुत्र श्री पप्पू रैकवार (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया ।

**श्री अमरदीप सोंधिया-** आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री अशोक सोंधिया के पुत्र अमरदीप सोंधिया (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती ज्योति उपाध्याय-** इंदिरा नगर रामपुर निवासी श्री प्रकाश उपाध्याय की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योति उपाध्याय (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जमुना प्रसाद कोरी-** बाबा टोला जानकी दास मंदिर के पास निवासी श्री जमुना प्रसाद कोरी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुनीता चौधरी-** अंबेडकर नगर गली नंबर 5 पोलीपाथर निवासी श्री देव शंकर चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता चौधरी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बाबू यादव-** साठिया कुआं निवासी श्री बाबू यादव (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करिया पाथर शमशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सी.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सी.मी. रंगीन 400/-
सी.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

## खबर संक्षेप



### बिनौला तेल खली वायदा कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली।** अधिक मांग के बीच सटोरियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे वायदा कारोबार में मंगलवार को बिनौला तेल खली की कीमत 25 रुपये की तेजी के साथ 2,967 रुपये प्रति क्विन्टल हो गई। नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज में मई डिलीवरी के लिए बिनौलातेल खली की कीमत 25 रुपये या 0.84 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,967 रुपये प्रति क्विन्टल हो गई। इसमें 81,160 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

### पर्याप्त आपूर्ति से ग्वारसीड की कीमतों में गिरावट



**नई दिल्ली।** पर्याप्त आपूर्ति के बीच वायदा कारोबार में मंगलवार को ग्वारसीड की कीमत 15 रुपये की गिरावट के साथ 5,268 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। नसीडीईएक्स में ग्वारसीड के मई डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 15 रुपये या 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,268 रुपये प्रति क्विन्टल रह गई। इसमें 59,750 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार सूत्रों ने बताया कि ग्वार सीड की कीमतों में गिरावट का कारण उत्पादक क्षेत्रों से आपूर्ति में वृद्धि है।

### अदाणी डेटा नेटवर्क्स का अधिग्रहण करेगी एयरटेल

airtel

**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल ने मंगलवार को कहा कि वह अपनी अनुषंगी कंपनी भारती हेक्साकॉम लिमिटेड के साथ मिलकर अदाणी डेटा नेटवर्क्स के पूरे 400 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम के उपयोग का अधिकार हासिल करेगी। अदाणी डेटा नेटवर्क्स ने 2022 में आयोजित नीलामी के जरिये करीब 212 करोड़ रुपये में 26 गीगाहर्ट्ज बैंड में 400 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम का अधिग्रहण किया था।

### तंबाकू किसानों का लाइसेंस तीन साल के लिए वैध होगा



**नई दिल्ली।** तंबाकू उत्पादकों को बड़ी राहत देते हुए सरकार ने मंगलवार को कहा कि तंबाकू किसानों का पंजीकरण प्रमाणपत्र या लाइसेंस अब एक साल के बजाय तीन साल के लिए वैध होगा। लाइसेंस अवधि को एक से तीन साल तक बढ़ाने से देश के लगभग 83,500 किसानों को आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा जैसे राज्यों में अपने पंजीकरण के नवीकरण में मदद मिलेगी। अधिनियम के अनुसार, वर्जीनिया तंबाकू की खेती करने के इच्छुक प्रत्येक उत्पादक को उत्पादक के रूप में पंजीकरण का प्रमाण पत्र और खलिहान के संचालन के लिए लाइसेंस प्राप्त करना होता है।

### कमजोर मांग से धनिया कीमतों में गिरावट



**नई दिल्ली।** हाजिर बाजार की कमजोर मांग के बीच सटोरियों ने अपने सौदों के आकार को कम किया जिससे वायदा कारोबार में मंगलवार को धनिया की कीमत 42 रुपये की गिरावट के साथ 7,612 रुपये प्रति क्विन्टल रह गई। नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज में मई डिलीवरी के लिए धनिया अनुबंध की कीमत 42 रुपये या 0.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,612 रुपये प्रति क्विन्टल रह गई। इसमें 23,125 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

# एक फोन-पे से अब पांच लोग करें ट्रांजैक्शन, खाता होना जरूरी नहीं

**लॉन्च हुआ यूपीआई सर्कल, अब बिना बैंक अकाउंट के भी कर सकेंगे पेमेंट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

गांवों से लेकर शहरों तक, हर जगह ऑनलाइन भुगतान की सुविधा आम हो चुकी है। इसी कड़ी में फोन पे ने एक नया और उपयोगी फीचर 'यूपीआई सर्कल' लॉन्च किया है। इस फीचर के ज़रिए आप अपने परिवार या दोस्तों को अपने यूपीआई अकाउंट से पेमेंट करने की सुविधा दे सकते हैं- चाहे उनके पास खुद का बैंक अकाउंट हो या नहीं।

यह सुविधा फोन पे ऐप पर बेहद आसानी से उपलब्ध है और खास तौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो अभी बैंकिंग सिस्टम से नहीं जुड़े हैं। यह फीचर आपको अपने यूपीआई अकाउंट से किसी अन्य व्यक्ति (जिसे सेकेंडरी यूज़र कहा जाता है) को सीमित सीमा तक पेमेंट करने की अनुमति देता है। सेकेंडरी यूज़र आपके खाते से एक निर्धारित राशि तक ट्रांजैक्शन कर सकता है और इसके लिए दो तरह के डेलीगेशन विकल्प उपलब्ध हैं।

### दूसरे यूजर के लिए पहला विकल्प

पहले विकल्प में, सेकेंडरी यूज़र बिना प्राइमरी यूज़र की हर बार अनुमति लिए रुपये 15,000 प्रति माह और 5,000 रुपये प्रति ट्रांजैक्शन तक भुगतान कर सकता है। यह विकल्प उन स्थितियों के लिए बेहतर है जहां आपको किसी विश्वसनीय व्यक्ति को सीमित वित्तीय स्वतंत्रता देनी हो।



### ऐसे करें यूपीआई सर्कल फीचर का इस्तेमाल

सबसे पहले अपने फोन में फोन पे ऐप ओपन करें। मेनू में जाकर 'यूपीआई सर्कल' विकल्प पर टैप करें। अब सेकेंडरी यूज़र की यूपीआई आईडी दर्ज करें या उसका क्यू आर कोड स्कैन करें। इसके बाद आप डेलीगेशन का प्रकार चुनें – आंशिक, या पूर्ण। अब सेकेंडरी यूज़र को कंट्रोल भेजें। जैसे ही वह एक्सेप्ट करेगा, सेटअप प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

### प्राइमरी यूजर के लिए दूसरा विकल्प

दूसरे विकल्प में, हर भुगतान के लिए प्राइमरी यूज़र की अनुमति ज़रूरी होती है। इससे आप हर ट्रांजैक्शन पर नजर रख सकते हैं और अधिक नियंत्रण में रह सकते हैं। सेकेंडरी यूज़र को हर बार भुगतान से पहले बायोमेट्रिक या पासकोड से ऑथेंटिकेशन करना होगा। एक प्राइमरी यूज़र अधिकतम 5 सेकेंडरी यूज़र्स को जोड़ सकता है। हर ट्रांजैक्शन की नोटिफिकेशन और डिटेल्स प्राइमरी यूज़र को तुरंत मिलेंगी।

**अमेरिका में बोले भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंथा नागेश्वरन**

# विकसित भारत का सपना पूरा करने हर साल 80 लाख नौकरियां पैदा करना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंथा नागेश्वरन ने कहा कि भारत को 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य हासिल करने के लिए अगले 10-12 सालों तक हर साल 80 लाख नौकरियां पैदा करनी होंगी। इसके साथ ही, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी को बढ़ाना होगा। कोलंबिया विश्वविद्यालय में आयोजित 'कोलंबिया इंडिया शिखर सम्मेलन 2025' में नागेश्वरन ने यह बात कही।

नागेश्वरन ने कहा, हमारा लक्ष्य 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना है। भारत के विस्तृत क्षेत्र के अलावा सबसे बड़ी चुनौती यह है कि अगले 10-20 सालों तक बाह्य वातावरण उतना अनुकूल नहीं रहने वाला है, जितना 1990 से शुरू होकर पिछले 30 वर्षों में रहा होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत को वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, प्रौद्योगिकी और रोबोटिक्स जैसी चुनौतियों का सामना करना होगा, जो आज के विकसित देशों को अपनी विकास यात्रा में नहीं झेलना पड़ा।



### विनिर्माण और एमएसएमई का महत्व

*उन्होंने बताया किया कि, 'भारत को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भारतीय व्यवसायों को शामिल करना होगा और एक मजबूत लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र विकसित करना होगा। नागेश्वरन ने कहा, जो देश विनिर्माण क्षेत्र में महाशक्ति बन गए, वे लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र के बिना ऐसा नहीं कर पाए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि निवेश दरों को बढ़ाने या मौजूदा निवेशों से अधिकतम लाभ प्राप्त करने की आवश्यकता है, क्योंकि वैश्विक पूंजी प्रवाह पर भी असर पड़ सकता है।*

### नौकरियों पर एआई का प्रभाव

नागेश्वरन ने चेतावनी दी कि एआई और प्रौद्योगिकी के बढ़ते प्रभाव से शुरूआती स्तर की नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं। उन्होंने कहा, अगर आप उन नौकरियों की संख्या पर गौर करें जिन्हें हमें सृजित करने की जरूरत है, तो यह सालाना करीब 8 मिलियन यानी 80 लाख नौकरियां हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शुरुआती स्तर की नौकरियों को खत्म करने में बड़ी भूमिका हो सकती है।

### निर्यात और आर्थिक वृद्धि की चुनौती

उन्होंने कहा कि भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता अब पहले जितनी आसान नहीं होगी। गुणवत्ता, अनुसंधान एवं विकास, और आंतरिक रूप से लॉजिस्टिक्स और अंतिम-मील कनेक्टिविटी पर अपना काम बढ़ाना होगा। नागेश्वरन ने बताया कि कोविड के बाद भारत ने पिछले तीन सालों में 8% से अधिक की औसत वृद्धि दर हासिल की है, लेकिन इसे बनाए रखना चुनौतीपूर्ण होगा। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास के मुताबिक, 2025 में भारत की वृद्धि दर 6.5% रहने की उम्मीद है।

**महाराष्ट्र में कार्रवाई**


# ओला इलेक्ट्रिक के 75 शोरूम बंद, 192 ई-स्कूटर जब्त

एजेंसी ▶▶| मुंबई

ओला इलेक्ट्रिक की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही। कभी ग्राहकों की शिकायतों के कारण तो कभी वाहनों की पंजीकरण संख्या में गड़बड़ी के कारण कंपनी चर्चाओं में बनी हुई है। अब इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निर्माता के शोरूम बंद होने की खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र में बिना ट्रेड सर्टिफिकेट के चल रहे लगभग 75 ओला इलेक्ट्रिक शोरूम बंद कर दिए गए हैं और 192 इलेक्ट्रिक स्कूटर जब्त किए गए हैं।

### सरकार ने दिया यह आदेश

एक रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र सरकार ने परिवहन विभाग को उन सभी ओला इलेक्ट्रिक डीलरशिप को बंद करने का निर्देश दिया है, जो वैध ट्रेड सर्टिफिकेट के बिना काम कर रही हैं। राज्य के संयुक्त परिवहन आयुक्त ने 16 अप्रैल को एक ईमेल के जरिए महाराष्ट्र के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसमें ओला इलेक्ट्रिक की जांच कर कार्रवाई को और व्यापक बनाने को कहा गया है।




### निरीक्षण में मिली ये खामियां

आरटीओ ने महाराष्ट्र में लगभग 146 ओला इलेक्ट्रिक स्टोर का निरीक्षण किया है। इनमें से 121 डीलरशिप या एक्सपीरियंस सेंटर ट्रेड सर्टिफिकेट नहीं मिले। इनमें से 75 स्टोर को अब तक बंद कर दिया है। राज्य में किसी वाहन वितरक के पास ट्रेड सर्टिफिकेट होना चाहिए, जिससे उनके माध्यम से बेचे जाने वाले वाहनों को पंजीकृत किया जा सके। इसी कारण फरवरी की बिक्री में विसंगति थी, जिसमें ओला के दावे 25,000 की तुलना में केवल 8,647 वाहन पंजीकृत थे। पंजीकरण में गड़बड़ी के बाद मार्च में पुणे और मुंबई जैसे शहरों में परिवहन विभाग द्वारा कई निरीक्षण किए गए। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा है कि ओला के कई अनुभव केंद्र बिना ट्रेड सर्टिफिकेट के चल रहे थे। उनमें से कुछ तो आपस में ट्रेड सर्टिफिकेट भी साझा करते पाए गए।

# शेयर बाजार में बढ़त हुई दर्ज 187 अंक चढ़कर बंद हुआ सेंसेक्स

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश का शेयर बाजार कारोबारी सप्ताह के दूसरे दिन 22 अप्रैल मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। इस दौरान प्रमुख भारतीय इक्विटी सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों ही हरे निशान पर रहे। बंबई स्टॉक एक्सचेंज के 30 शेयरों पर आधारित संवेदी सेंसेक्स 187.09 अंक यानि कि 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,595.59 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के 50 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक निफ्टी भी 41.70 अंक यानि कि 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,167.25 के स्तर पर बंद हुआ।



### डॉलर के मुकाबले रुपया 7 पैसे गिरा

बात करें भारतीय रुपया की तो मंगलवार को इसमें 7 पैसे की गिरावट देखने को मिली और यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.20 पर बंद हुआ। इससे पहले सुबह रुपया डॉलर के मुकाबले 85.13 पर खुला था। जबकि, एक दिन पहले सोमवार की सुबह रुपया 85.11 पर खुला था और शाम को 24 पैसे बढ़त के साथ 85.14 पर बंद हुआ था। टॉप गेनर्स में आज आईआईएफएल फाइनेंस, डिक्सन टेक्नोलॉजी और मैक्स हेल्थकेयर ने क्रमशः 5.71 फीसदी, 5.43 फीसदी और 5.19 फीसदी की बढ़त के साथ अच्छा प्रदर्शन किया। बर्जर पेंट्स और फोनिक्स मिल्स के शेयरों में भी क्रमशः 4.67 फीसदी और 4.53 फीसदी की बढ़त दर्ज हुई।

### सोना-चांदी की कीमतें छू रहीं आसमान

भारतीय सर्राफा बाजार में सोना-चांदी की कीमतों में आज भी बढ़त देखने को मिली है। आज 24 कैरेट सोना महंगा होकर पहली बार लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया और चांदी 95,900 रुपये प्रति किलो बिक रही है। खबर लिखे जाने तक अंतरराष्ट्रीय बाजार में यूरोपीय शेयर बाजार में सीएसी और डीएएक्स गिरावट के साथ कारोबार कर रहा था। अमेरिकी शेयर बाजार के एस एंड पी 500 और नैस्डेक गिरावट के साथ लाल निशान पर थे।

**गूगल की बड़ी कार्रवाई**

# भारत में 24.74 करोड़ विज्ञापन हटाए, 29 लाख खातों पर रोक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंटरनेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल ने उसकी विज्ञापन नीति का दुरुपयोग करने के मामले में 2024 में भारत में 29 लाख विज्ञापनदाताओं के खाते निलंबित कर दिए और 24.74 करोड़ विज्ञापन हटा दिए। कंपनी ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

■ विज्ञापन नीति के दुरुपयोग करने का मामला

कंपनी ने अपनी वार्षिक विज्ञापन सुरक्षा रिपोर्ट में कहा, वैश्विक स्तर पर गूगल ने 3.92 करोड़ से अधिक विज्ञापनदाताओं के खातों को निलंबित किया। 5.1 अरब विज्ञापन हटा दिए और 9.1 अरब से अधिक विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगा दिया। रिपोर्ट में कहा गया, ''भारत में 24.74 करोड़ विज्ञापन हटाए गए और 29 लाख विज्ञापनदाताओं के खाते निलंबित कर दिए गए।''



भारत में लिए गए प्रमुख एक्शन 29 लाख से अधिक विज्ञापनदाताओं के खाते निलंबित किए गए। 24.74 करोड़ (247.4 मिलियन) विज्ञापन हटाए गए।

# फ्लिपकार्ट सिंगापुर से भारत लाएगी अपना मुख्यालय, जल्द आईपीओ करेगी लॉन्च

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट अब सिंगापुर से अपना मुख्यालय भारत में लाने की तैयारी कर रही है।

यह फैसला उसके आगामी आईपीओ से पहले लिया गया है। कंपनी ने इसे एक स्वाभाविक कदम बताया है, जो भारत के बढ़ते डिजिटल बाजार और संचालन से मेल खाता है। बता दें कि फ्लिपकार्ट की स्थापना 2007 में बेंगलुरु में हुई थी और 2011 में उसने सिंगापुर में मुख्यालय स्थानांतरित किया था।




### देश लौट रहे हैं बड़े भारतीय स्टार्टअप

फ्लिपकार्ट से पहले जेप्टो, ग्रो और फोनपे जैसे बड़े स्टार्टअप भी अपना मुख्यालय भारत ला चुके हैं। यह बदलाव उन्हें बेहतर वैल्यूएशन और घरेलू शेयर बाजार में लिस्टिंग का मौका देगा। फ्लिपकार्ट की तरह ही रेजरपे, पाइन लैब्स और इनमोबी जैसी कंपनियां भी अब भारत में अपने ऑपरेशन बढ़ा रही हैं। भारत सरकार की 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस' नीति और मजबूत विजन से कई कंपनियां भारत की ओर लौट रही हैं।

### भारत में लिस्ट करने की योजना

फ्लिपकार्ट के इस फैसले के पीछे वॉलमार्ट की भारत को लेकर बड़ी योजना है। वॉलमार्ट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि कंपनी अगले कुछ वर्षों में फ्लिपकार्ट और फोनपे को भारत में शेयर बाजार में लिस्ट करने की तैयारी कर रही है। फोनपे पहले ही इस दिशा में काम शुरू कर चुकी है। फ्लिपकार्ट का यह कदम न केवल निवेशकों को आकर्षित करेगा, बल्कि भारतीय बाजार में उसकी पकड़ को भी मजबूत बनाएगा।

## वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत के परिधान निर्यात में दो अंकों की बढ़त


**नई दिल्ली।** वैश्विक आर्थिक दबावों के बावजूद भारत के वस्त्र और परिधान (टेक्सटाइल और एपरल) निर्यात में वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 6.32% की वृद्धि दर्ज की गई है। इस वृद्धि में सबसे बड़ा योगदान परिधान निर्यात का रहा, जिसमें अकेले 10.03% की शानदार बढ़ोतरी हुई है। यह जानकारी कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्री द्वारा किए गए विश्लेषण में सामने आई है। सीआईटीआई के चेयरमैन राकेश मेहरा ने कहा, "वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच परिधान निर्यात का मजबूत प्रदर्शन और वस्त्र क्षेत्र में स्थिर वृद्धि भारत के वस्त्र एवं परिधान उद्योग की लचीलापन, अनुकूलन क्षमता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को दर्शाती है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय सरकार की व्यापारिक सहयोग को बढ़ावा देने वाली नीतियों और नए व्यापार समझौतों को दिया, जिससे निर्यातकों का आत्मविश्वास बढ़ा है।



# भारत ने स्टील इस्पात पर लगाया 12% शुल्क, चीन के लिए बढ़ी मुसीबत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने कच्चे इस्पात के आयात पर 12 प्रतिशत अस्थायी शुल्क लगाने का निर्णय लिया है। यह कदम विशेष रूप से चीन से सस्ते इस्पात के आयात को नियंत्रित करने के लिए उठाया गया है, जिसने भारतीय मिलों के लिए मुश्किलें बढ़ा दी थीं। वित्त मंत्रालय ने शुल्क को 200 दिनों के लिए लागू करने का आदेश दिया है। शुल्क को रद्द, बदला या संशोधित करने की संभावना बनी रहेगी।अमेरिकी शुल्कों के बाद यह भारत का बड़ा कदम है।



### चीन से आयात पर फोकस किया गया

*भारत ने खास तौर पर चीन से आने वाले सस्ते इस्पात आयात को रोकने के लिए कदम उठाया है। चीन, भारत का दूसरा सबसे बड़ा इस्पात निर्यातक है और इस कदम से भारत की घरेलू मिलों को राहत मिलने की संभावना है। भारतीय इस्पात मिलों के अधिकारी इसे स्वागत योग्य मानते हैं और उम्मीद करते हैं कि इससे उद्योग को मदद मिलेगी। यह निर्णय भारतीय उद्योग के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा, जो सस्ते आयातों से प्रभावित हो रहा था।*

### इस कदम से भारतीय उद्योग को राहत मिलेगी

इस निर्णय का मुख्य उद्देश्य भारतीय इस्पात निर्माताओं को सस्ते आयातों से बचाना है। इस्पात मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने कहा कि यह कदम छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगा, जो सस्ते आयातों के कारण दबाव में थे। इस शुल्क के लागू होने से भारतीय निर्माताओं को प्रतिस्पर्धा में मजबूती मिलेगी और वे अपने उत्पादों की कीमतों में सुधार कर पाएंगे। इससे भारतीय बाजार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित हो सकेगी।

**नए नियम 1 मई से लागू, लेन-देन शुल्क में की जा रही वृद्धि**

# एटीएम से कैश निकालना और बैलेंस चेक करना होगा महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

एटीएम के रख-रखाव, नकदी प्रबंधन, सुरक्षा की लागत जैसी बढ़ती परिचालन लागत के कारण एटीएम से होने वाले लेनदेन के शुल्क में वृद्धि की जा रही है। 1 मई से एटीएम से कैश निकालने या बैलेंस चेक करने के लिए आपको ज्यादा शुल्क का भुगतान करना होगा।

भारतीय रिजर्व बैंक ने नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के प्रस्ताव को मंजूरी के बाद अब दूसरे बैंक के एटीएम से ट्रांजेक्शन करना और भी महंगा हो जाएगा। आरबीआई द्वारा एटीएम से कैश निकासी और बैलेंस चेक जैसे लेनदेन के लिए इंटरचेंज फीस में वृद्धि की है, जो एक मई 2025 से लागू हो जाएगी।



### 1 मई से क्या होगा बदलाव

कैश निकासी का शुल्कः रुपये 17 से बढ़ाकर 19 रुपये प्रति ट्रांजैक्शन। बैलेंस चेक का शुल्कः 6 रुपये से बढ़ाकर 7 रुपये प्रति ट्रांजेक्शन, फ्री लिमिटः मेट्रो शहरों में 5 और नॉन-मेट्रो क्षेत्रों में 3 फ्री ट्रांजेक्शन के बाद ये नए चार्ज लागू होंगे।

### क्यों की जा रही है एटीएम शुल्क में वृद्धि

एटीएम के रख-रखाव, नकदी प्रबंधन, सुरक्षा की लागत जैसी बढ़ती परिचालन लागत के कारण एटीएम से होने वाले लेनदेन के शुल्क में वृद्धि की जा रही है।

### फ्री लिमिट के बाद चार्ज

एसबीआई एटीएम परः 15 रुपये + जीएसटी प्रति ट्रांजेक्शन। अन्य बैंक के एटीएम परः 21 रुपये + जीएसटी प्रति ट्रांजैक्शन बैलेंस चेक/मिनी स्टेटमेंट (दूसरे बैंक एटीएम पर): 10 रुपये + जीएसटी। एसबीआई एटीएम पर बैलेंस चेकः बिल्कुल फ्री

### अन्य सेवाएं

- नॉन-कैश फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन (जैसे दान आदि): एसबीआई एटीएम पर फ्री
- दूसरे बैंक एटीएम पर यह सुविधा उपलब्ध नहीं

### क्या करें ग्राहक ताकि बचें अतिरिक्त शुल्क से

ग्राहक अगर अपने होम बैंक के बजाय किसी दूसरे बैंक के एटीएम से ट्रांजेक्शन करते हैं, तो उन्हें अधिक शुल्क देना होगा। छोटे बैंक, जो दूसरे बैंकों के एटीएम नेटवर्क पर ज्यादा निर्भर रहते हैं, उनकी लागत बढ़ सकती है। बैंक अकाउंट मेंटेनेंस चार्ज बढ़ाने पर भी विचार कर सकते हैं। जो ग्राहक बार-बार एटीएम का उपयोग करते हैं, उन्हें अतिरिक्त खर्च से बचने के लिए डिजिटल पेमेंट या होम बैंक एटीएम का ज्यादा उपयोग करना चाहिए।

### एसबीआई ने 1 फरवरी से बदले एटीएम ट्रांजैक्शन नियम

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने भी अपने ग्राहकों के लिए नए एटीएम नियम फरवरी से लागू किए हैं। हर महीने फ्री लिमिट एसबीआई एटीएम सेः 5 फ्री ट्रांजेक्शन। अन्य बैंक के एटीएम सेः 10 फ्री ट्रांजेक्शन (लोकेशन या बैलेंस सीमा के बिना)। जिनका औसत मासिक बैलेंस 1 रुपये लाख से अधिक है, उन्हें अनलिमिटेड फ्री ट्रांजेक्शन मिलेंगे।

## चिंतन

# कश्मीर में आतंकवाद की जड़ों को काटने का वक्त

आतंकवाद के खात्मे के लिए भारत को उसकी जड़ पर वार करना होगा। केवल ऑपरेशन क्लीन जैसे सफाई अभियान से बात नहीं बन रही है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के पीछे जो भी जड़ें काम कर रही हैं, उन जड़ों को काटना जरूरी है। आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों को निशाना बनाया है। आतंकियों ने नाम पूछ कर गैर मुस्लिमों को गोली मारी है। अमरनाथ यात्रा से पहले यह कायराना आतंकी हमला इस यात्रा में बाधा डालने की कोशिश है। पवित्र अमरनाथ यात्रा पर ज्यादातर हिंदू जाते हैं। इस बार यात्रा 3 जुलाई से शुरू है। सरकार बेशक जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ सख्ती से एक्शन ले रही है, सेना व अन्य सुरक्षा बल सम्मिलित रूप से ऑपरेशन क्लीन चला रही हैं, टेरर फंडिंग के स्त्रोतों पर वार किया गया है, अलगावादियों को कॉर्नर किया है, इसके बावजूद घाटी में आतंकी हमले बंद नहीं हो सके हैं। राज्यपाल शासन के बाद अब एक चुनी हुई सरकार है। जम्मू-कश्मीर को आतंकमुक्त करना जरूरी है, इसके लिए सदियों तक इंतजार नहीं किया जा सकता है। अस्सी के दशक से इस राज्य के बेकसूर आवाम आतंकी दहशत में जी रहे हैं, पर्यटक डरे रहते हैं। बेखौफ होकर न कृषि होती है और न ही उद्योग-व्यापार। कश्मीर में आतंकवाद के पीछे पाकिस्तान की फौज और खुफिया एजेंसी आईएसआई संलिप्त है, इन्हें दंतहीन-विषहीन बनाना जरूरी है। भारत को आतंक के मददगार और आतंकवाद में शामिल गुटों पर एक साथ वार करना होगा। भारत साढ़े चार दशक से आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहा है, आगे कब तक लड़ना होगा, यह भी पता नहीं है, लेकिन एक मजबूत विकसित राष्ट्र के लिए जरूरी है कि देश अपने दुश्मनों को कड़ा सबक सिखाए। हाल के वर्षों में कश्मीर में आतंकवाद का एक पैटर्न देखने को मिला है, जिसमें गैर मुस्लिमों पर हमला किया गया है। वर्ष 2022 में भी शोपियां व कुलगाम में हुए आतंकी हमले में भी नाम पूछ कर गोली मारी गई थी। मुंबई 26/11 आतंकी हमले में भी ऐसा ही देखने को मिला था। यह सीरियाई आतंकी गुट इस्लामिक स्टेट का तरीका था, जिसे अब पाक के आतंकी गुट लश्कर व जैश ने भी अपना लिया है। पहलगाम में आतंकी हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी गुट द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। लश्कर पाक स्थित आतंकी गुट हैं, इसलिए साफ है कि पहलगाम हमले में पाक के आतंकी गुट का हाथ है। कश्मीर में इतनी सुरक्षा व ऑपरेशन क्लीन के बावजूद टीआरएफ का वजूद चिंता पैदा करता है। पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। गृहमंत्री अमित शाह ने उच्च स्तरीय बैठक की है, सऊदी अरब की यात्रा पर गए पीएम नरेन्द्र मोदी ने अमित शाह से बात की है, जेएंडके के सीएम उमर अब्दुल्ला और उप राज्यपाल मनोज सिन्हा हमले के बाद की स्थिति पर चौकस हैं, लेकिन सवाल भी है कि पर्यटन के महीने में क्या सरकार के पास आतंकी हमले का खुफिया या सीआईडी इनपुट नहीं था? तमाम सुरक्षा के बीच मुट्ठी भर आतंकियों का गुट टीआरएफ इतने बड़े आतंकी हमले को अंजाम देने में कैसे सफल हो जाते हैं, उन तक फंड व असलाह कैसे पहुंच रहे हैं? प्रशिक्षण कैसे मिल रहा है और बाहर से आ रहे हैं तो घुसपैठ कैसे हो रही है? जबकि लेजर प्रोटेक्टेड बाड़ है। अगर टीआरएफ को स्थानीय मदद मिल रही है, तो भी इसका पर्दाफाश जरूरी है। अब आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस केवल नीति में नहीं बल्कि एक्शन में जरूरी है। सर्जिकल स्ट्राइक से आगे की रणनीति की आवश्यकता है।



नेशनल हेराल्ड
प्रमोद भार्गव

# अदालत का सम्मान करे कांग्रेस

ईडी ने नेशनल हेराल्ड और एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) से संबंधित 661 करोड़ की अचल संपत्तियों पर कब्जे की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस कार्यवाही के बाद देशभर में कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर राष्ट्रपति के नाम को केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन भी दिए। कहा गया कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की आड़ में लोकतंत्र को कुचला जा रहा है। याद रहे यह मामला 2012 का है, उस समय यूपीए गठबंधन की केंद्र में सरकार थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। इस मामले की जांच 2015 से चल रही है। मालूम हो कि जनहित याचिकाएं दायर करने के बुद्धि विशेषज्ञ डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी ने इस प्रकरण से जुड़ी याचिका 2013 में दाखिल की थी।

देश के प्रथम व प्रतिष्ठित राजनीतिक गांधी परिवार की पुत्रवधू सोनिया गांधी और उनके पुत्र राहुल गांधी समेत अन्य के विरुद्ध नेशनल हेराल्ड मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पहला आरोप पत्र अदालत में दाखिल कर दिया है। इस मामले में कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा और पत्रकार सुमन दुबे भी आरोपी हैं। दुबे राजीव गांधी फाउंडेशन के ट्रस्टी भी हैं। यह आरोप पत्र 9 अप्रैल 1925 को विशेष जज विशाल गोगने की अदालत में पेश किया गया। अब इस पर अगली सुनवाई 25 अप्रैल को होगी। इसी दिन अदालत में केस डायरी भी प्रस्तुत करनी होगी। ईडी ने इसी प्रकरण में नेशनल हेराल्ड और एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) से संबंधित 661 करोड़ की अचल संपत्तियों पर कब्जे की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस कार्यवाही के बाद देशभर में कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर राष्ट्रपति के नाम को केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन भी दिए। कहा गया कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की आड़ में लोकतंत्र को कुचला जा रहा है। याद रहे यह मामला 2012 का है, उस समय यूपीए गठबंधन की केंद्र में सरकार थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। इस मामले की जांच 2015 से चल रही है। मालूम हो कि जनहित याचिकाएं दायर करने के बुद्धि विशेषज्ञ डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी ने इस प्रकरण से जुड़ी याचिका 2013 में दाखिल की थी। इस समय भी केंद्र में यूपीए की सरकार थी। अतएव कांग्रेस को ईडी और अदालती कार्यवाही का सम्मान करने की जरूरत है। नेशनल हेराल्ड नाम के अंग्रेजी अखबार की स्थापना 1938 में पंडित नेहरू और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने की थी। इसका स्वामित्व एजेएल के पास था। इसी ने हिंदी में नवजीवन और उर्दू में कौमी आवाज अखबार निकाले थे।

दरअसल दो हजार करोड़ रुपये के नेशनल हेराल्ड से संबंधित स्वामित्व व परिसंपत्तियों के हस्तांतरण से जुड़ा एक मामला निजी इस्तगासे के तहत निचली अदालत में विचाराधीन है। याचिकाकर्ता सुब्रमण्यम स्वामी ने अदालत में दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करके यह दावा किया था कि अखबार का मालिकाना हक रखने वाली कंपनी 'द एसोसिएट्स जर्नल्स लिमिटेड' के स्वामित्व और परिसंपत्तियों के हस्तांतरण में धोखाधड़ी की गई है। इससे लाभान्वित होने वाले सोनिया गांधी और राहुल गांधी हैं। न्यायालय ने पहली नजर में इस मामले को सुनने योग्य माना और प्रक्रिया आगे बढ़ा दी। तभी से कांग्रेस राजनीतिक प्रतिशोध के चलते इस मामले को झूठा ठहराने में लगी हुई है। साफ है, सोनिया, राहुल अपने को फंसता देख जानबूझकर मामले को सियासी साजिश करार देने में लगे हैं। यहां सोचने की जरूरत है कि वाकई न्यायपालिका राजनीति की कठपुतली है तो फिर 2013 में जब स्वामी ने अदालत में याचिका दाखिल की थी,तब अपनी राजनीतिक ताकत का इस्तेमाल इस याचिका को खारिज कराने में क्यों नहीं किया? याचिकाएं लगाने में सिद्धहस्त स्वामी ने कोई इकलौती यही याचिका दाखिल नहीं की, वे कई जनहित याचिकाएं लगाकर अपनी कानूनी लड़ाई को परिणाम तक पहुंचाने में सफल हुए हैं। यदि न्यायालय राजनेताओं के दिशा-निर्देशन के अनुसार चलती हैं तो सोनिया गांधी संप्रग सरकार की भद पिटवाने वाली इस कार्यवाही को क्यों



नहीं रोक पाईं ? गोया पूरा देश जानता है कि अदालतों का राजनीतिक हस्तक्षेप से कोई वास्ता नहीं है। न्यायालयीन प्रक्रिया स्वतंत्र रूप से कानूनी दायरे में गतिशील रहते हुए अंतिम परिणाम तक पहुंचती है।

इस लिहाज से कांग्रेस द्वारा केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को दोषी ठहराना उचित नहीं है। नेशनल हेराल्ड से जुड़ा मामला बेहद गंभीर है। प्रथम दृष्टया दस्तावेजी साक्ष्यों की पड़ताल करने से ही यह साफ हो जाता है कि दाल में कुछ काला है। दरअसल एजेएल नेशनल हेराल्ड अखबार की मालिकाना कंपनी है। कांग्रेस ने एजेएल को 90 करोड़ का कर्ज दिया। इसके बाद 5 लाख रुपये की अंश पूंजी से यंग इंडियन कंपनी बनाई गई, जिसमें सोनिया व राहुल की 38-38 फीसदी भागीदारी तय की गई। शेष बची 24 प्रतिशत की हिस्सेदारी कांग्रेस नेता और पार्टी के कोषाध्यक्ष मोतीलाल बोरा और ऑस्कर फर्नांडीज को दी गई। अब दोनों नेता दिवंगत हो चुके हैं। इसके बाद एजेएल के 10-10 रुपये के नौ करोड़ शेयर यंग इंडियन को दे दिए गए।

इसके बदले यंग इंडियन को कांग्रेस का कर्ज भी चुकाना था। 9 करोड़ शेयर के साथ यंग इंडियन का एजेएल की 99 फीसदी हिस्सेदारी मिल गईं। कांग्रेस ने 90 करोड़ जैसी बड़ी धनराशि का ऋण भी माफ कर दिया। मसलन कागजों में एक कंपनी का कृत्रिम वजूद खड़ा करके एजेएल का स्वामित्व बड़ी आसानी से हस्तांतरित कर दिया गया। स्वामी ने अदालत में अपनी दलील पेश करते हुए इस प्रकरण में हवाला करोबार को अंजाम देने का संदेह भी जताया था। जाहिर है, मामला बेहद गंभीर है। अब 2000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति यंग इंडियन को गलत तरीके से स्थानांतरित की गई थी, आरोप है कि संपत्तियों का उपयोग करके फर्जी लेन-देन के जरिए लाखों-करोड़ों की रकम जुटाई गई। फर्जीदान, फर्जी अग्रिम किराया और फर्जी विज्ञापन के रूप में अवैध आय अर्जित की गई। जांच में पाए गए ऐसे ही दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया है। ईडी 2021 से इस मामले की जांच कर रही है। ईडी ने जून 2022 में राहुल गांधी से पांच दिन में पचास घंटे और जुलाई 2022 में सोनिया गांधी से तीन दिन में करीब 12 घंटे पूछताछ की थी। इस मामले में मां-बेटे दिसंबर 2019 से जमानत पर हैं। वास्तव में अब जरूरत तो यह है कि एक जिम्मेदार और अनुभवी राजनीतिक दल होने के नाते सोनिया और राहुल समेत सभी आरोपियों को अपने निर्दोष होने के साक्ष्यों के साथ अदालत में अपना पक्ष रखना चाहिए। केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराने और संसद से सड़क तक हंगामे की बजाय कानूनी प्रक्रिया के अनुरूप व्यवहार जताने की आवश्यकता है। अदालती कार्यवाही पर भी उंगली उठाना,सर्वथा अनुचित आचरण का प्रतीक है। इस मामले में सोनिया गांधी को अपनी सास इंदिरा गांधी से भी प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने अदालत की कार्यवाही का सामना करने में कभी हिचक नहीं दिखाई। रायबरेली चुनाव में धांधली के आरोप की सुनवाई के दौरान श्रीमती गांधी 18 मार्च 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में हाजिर हुई थीं,वह भी प्रधानमंत्री रहते हुए। हालांकि मनमाफिक फैसला नहीं होने पर इंदिरा गांधी जून 1975 में आपातकाल घोषित करने से भी नहीं चूकी थीं। संभव है जिरह और न्यायिक प्रक्रिया की कसौटी पर स्वामी के दस्तावेजी साक्ष्य और ईडी के आरोप बेदम साबित हो जाएं और अदालत मामला ही खारिज कर दे ? यह एक उम्मीद है,लेकिन यदि स्वामी जैसी कि दलील दे रहे हैं कि प्रस्तुत साक्ष्य कूटरचित और कथित रूप से व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने वाले हैं और अदालत उन्हें सही पाती है तो कानून में ऐसे आरोप में जिस सजा का प्रावधान है, अतएव आरोपियों का बच निकलना मुश्किल होगा ?

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## पर्यावरण
विकेश कुमार बडोला



# प्राकृतिक असंतुलन को लेकर गंभीर हो मनुष्य

जहां राजधानी और महानगरों वाला भारत न्यायालयों के जंजाल में फंसा हुआ है, वहीं प्राकृतिक असंतुलन समानांतर रूप में देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में विनाश-लीला रचने में लगा हुआ है। 20 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के रामबन जनपद में सूर्योदय से पहले हुई तीव्र वर्षा के कारण अनेक स्थानों पर बाढ़ आ गई। बाढ़ की घटनाओं में तीन लोगों की मृत्यु हो गई और बाढ़ में फंसे सौ से अधिक लोगों को किसी प्रकार सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। जम्मू-कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित नाशरी और बनिहाल के बीच बारह से अधिक स्थानों पर भूस्खलन, मृदाधंसाव और भारी पत्थर गिरने-लुढ़कने की घटनाएं हुईं। ढाई सौ किलोमीटर लंबे राजमार्ग के बंद होने के कारण इस पर सैकड़ों यात्री और वाहन चालक फंसे हुए हैं। समीप ही स्थित ग्लेशियर सुरंग के अंदर-बाहर वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है। सुरंग सहित लगभग तीन किलोमीटर राजमार्ग की पृष्ठभूमि में स्थित पूरा पर्वत भरभराकर धंस गया। इसके बाद राजमार्ग का दूसरा हिस्सा धंसाव के बाद बहे पर्वतों के मलबे के साथ सरपट खाई में बदल गया है। घटना के चलचित्र देखकर प्राकृतिक आपदा की गंभीरता भली-भांति समझी जा सकती है। जलवायु की निरंतर विकृत एवं विनाशक होती स्थितियों की भी हमारे द्वारा अनदेखी की जा रही है। दुर्घटना के बाद कुछ दिनों के लिए स्थितियां सामान्य होते ही हम पिछला सब कुछ भूल जाते हैं और फिर जलवायु असंतुलन के कारण एक नई दुर्घटना घट जाती है। विगत कई दशकों से हिमालयी पर्वत क्षेत्र में यही हो रहा है। विद्युत उत्पादन के लिए बांधों के निर्माण, पर्यटन में वृद्धि हेतु रहने-घूमने की संरचनाओं के निर्माण और इन निर्माण परियोजनाओं को पूरा करने व इनके भोगोपभोग के लिए इन तक जाने-पहुंचने हेतु मार्गों के निर्माण के कारण पर्वतों की प्राकृतिक शक्ति समाप्त हो चुकी है। पर्वतों पर विकास के परिणामस्वरूप बढ़े आवागमन, भारी मोटर वाहनों के चालन-परिचालन और तरह-तरह की संरचनाएं खड़ी करने के लिए विस्फोटकों की सहायता से तोड़े गए पर्वतीय पठार पारस्परिक नैसर्गिक पर्वत-बंधन से मुक्त हो चुके हैं। विभिन्न पर्वतीय भाग अब पारस्परिक अवलंबन की अवस्था से पृथक हो चुके हैं। इसीलिए उनमें अत्यधिक या तीव्र वर्षण का भार वहन करने का शक्तिगुण नहीं बचा। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तरखंड में माह डेढ़ माह के अंतराल में कोई न कोई प्राकृतिक विपदा घट ही रही है। यह घटनाक्रम तीन-चार दशकों से निरंतर चला आ रहा है और विगत दस-पंद्रह वर्षों में तो ऐसी घटनाएं भयंकर रूप में घटी हैं। जम्मू-कश्मीर से लेकर उत्तराखंड तक परिव्याप्त हिमालयी गिरिमाला पर आधुनिक विकास के कारण पड़ने वाले जो भी प्रतिकूल प्रभाव हैं, वे पर्वतों के सबसे ढलान वाले अंशों पर अधिक हैं। उत्तराखंड में सर्वाधिक पर्वत-विचलन हुआ है। इसके बाद उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के बीच स्थित हिमाचल प्रदेश में अधिक पर्वतीय अस्थिरताएं हो रही हैं। पर्वतों के सर्वाधिक निचले और मध्य भाग में दीर्घ समय तक होने वाले ऐसे विचलनों व अस्थिरताओं के कारण एक दुर्भाग्यशाली दिन वह भी आएगा जब जम्मू-कश्मीर में स्थित हिमालय का सर्वोच्च शिखर जलवायु असंतुलन का अकल्पनीय विनाश झेलेगा। क्या इससे सुरक्षित रहने के लिए भारत और हिमालय पट्टिका के दोनों ओर स्थित देशों की कोई तैयारी है? संभवतः कोई तैयारी नहीं है और ना ही हो सकती है। अर्थव्यवस्था बढ़ाने पर केंद्रित दुनिया हर संभव औद्योगिक व भौतिक अनुसंधान कर देना चाहती है। फिर चाहे इसके लिए समग्र पृथ्वी की पूरी प्रकृति ही ध्वस्त क्यों न हो जाय। कुछ देश तो इस संबंध में दिखावटी-बनावटी चिंता भी नहीं कर रहे। वे तो निर्मम आधुनिकता पर सवार होकर पृथ्वी से अंतरिक्ष तक विस्तारित क्षेत्र को वैज्ञानिक प्रयोगों से इस सीमा तक अप्राकृतिक कर चुके हैं कि संवेदनशील व्यक्ति को यदि आंख उठाकर आकाश की नीलिमा देखने की इच्छा होती है तो वायुमंडल में पसरी हुई मटमैली कुरूपित धुंध उसे दुखित आहें भरने को ही विवश करती है। अधिसंख्य मनुष्यों को असंतुलित जलवायु के कारण उत्पन्न ऐसे वातावरण के बारे में कोई स्वाभाविक समझ ही नहीं है। प्राकृतिक असंतुलन के कारण आए दिन वे किसी न किसी असाध्य रोग से ग्रस्त ही रहते हैं मनुष्य चाहे साधारण व्यक्ति, नागरिक, पारिवारिक सदस्य के रूप में हो अथवा विद्वान, पदाधिकारी या धन-संसाधन संपन्न विशिष्ट व्यक्ति के रूप में, उसे गंभीर होकर यह जान लेना होगा कि अंधाधुंध आधुनिक विकास आने वाले कुछ वर्षों में महाविनाश का ही पर्याय होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# मर्यादा के दायरे में कर्तव्यों का पालन



संकलित
## दर्शन

भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा के दायरे में रहकर कर्तव्यों का पालन करने की सीख देता है। उनके जीवन से हम कई चीजों की प्रेरणा ले सकते हैं, जो जीवन में हमें सही मार्ग प्रशस्त करते हैं। भगवान श्रीराम ने कठिन से कठिन हालातों में भी आत्मसंयम, धैर्य और साहस से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। उन्होंने कभी भी क्रोध में आकर कोई निर्णय नहीं लिया, बल्कि हर चुनौती का सामना शांति और विवेक के साथ किया। श्रीराम अपने वचनों के प्रति अत्यंत निष्ठावान थे। उन्होंने जीवन भर अपने वचनों और दायित्वों का पूरी निष्ठा से पालन किया। वनवास के दौरान श्रीराम, लक्ष्मण और सीता माता ने सिर्फ कंद-मूल और फल खाकर जीवन बिताया। उन्होंने कभी भी मांसाहार या तामसिक भोजन को नहीं अपनाया। शबरी के प्रेमपूर्वक दिए बेर भी उन्होंने आदरपूर्वक ग्रहण किए। राजसी वैभव छोड़कर वनवास के समय भगवान राम ने तपस्वियों का वेश धारण किया। उन्होंने सादगी से जीवन जिया जहां जो मिला उसी में संतुष्ट रहकर आगे बढ़ते गए। श्रीराम हर कार्य सोच-समझकर और पूर्व नियोजन के साथ करते थे। माता सीता को वापस लाने के लिए उन्होंने समुद्र पार करने हेतु रामसेतु का निर्माण कराया, जो उनके रणनीतिक कौशल को दर्शाता है। भगवान राम ने अपने वनवास काल में अनेक जनजातीय और वनवासी समुदायों के जीवन में सुधार लाने का प्रयास किया। शबरी, केवट और अहिल्या जैसे प्रसंग उनके करुणा और सेवा भाव को दर्शाते हैं।

# ऐसे लोगों से कभी न करें दुश्मनी



संकलित
## प्रेरणा

आचार्य चाणक्य के अनुसार राजा और सत्ताधारी या शक्तिशाली व्यक्ति से शत्रुता नहीं करनी चाहिए। आधुनिक संदर्भ में देखा जाए तो बड़े राजनीतिक नेताओं या प्रशासन से जुड़े प्रभावशाली लोगों से अनबन करने से गंभीर नुकसान हो सकता है, क्योंकि जिनके पास अधिकार होते हैं, वे परिस्थितियों को अपने अनुरूप मोड़ सकते हैं। चाणक्य नीति के अनुसार धनवान व्यक्ति से शत्रुता करना भी अपने लिए नुकसानदायक होता है। धन से व्यक्ति की शक्ति बढ़ती है और इससे वह दूसरों पर अधिक हावी होने की क्षमता रखता है। आचार्य चाणक्य कहते हैं कि शारीरिक या मानसिक रूप से बलवान व्यक्ति से टकराव मोल लेना हानिकारक हो सकता है। ऐसा व्यक्ति अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। इसलिए ऐसे लोगों से हमेशा दूरी बनाए रखनी चाहिए। धन और बल में श्रेष्ठ व्यक्ति से शत्रुता करना अनावश्यक संकट को आमंत्रित करने जैसा है। चाणक्य की इन नीतियों का अनुसरण कर व्यक्ति अपने जीवन को सुरक्षित और सफल बना सकता है। उनके विचारों को समझना और व्यवहार में लाना, जीवन में संतुलन और समृद्धि लाने में सहायक हो सकता है।

## सटाका




## आज की पाती

### दमघोंटू हवा के लिए जिम्मेदार कौन?

हमारा देश जो सारी दुनिया में प्रकृति प्रधान और शस्य श्यामला वसुंधरा के सौंदर्य से प्रसिद्ध है, उसकी छवि को हमने अपने स्वार्थ के लिए प्रदूषण बढ़ाकर खराब करने का काम किया है। माना कि सरकारों की गलत नीतियां प्रदूषण के लिए जिम्मेदार हैं, लेकिन क्या हम खुद प्रदूषण से होने वाले नुकसान को ध्यान में रखते हुए इसकी रोकथाम के लिए कुछ प्रयास नहीं कर सकते? अगर हमने स्वार्थी होकर पर्यावरण को संभालने के लिए अभी भी गंभीरता नहीं दिखाई और हवा में प्रदूषण फैलाने वाले गलत कामों पर पाबंदी नहीं लगाई तो वो दिन दूर नहीं है जब हमारा सांस लेना मुश्किल ही नहीं, बल्कि नामुमकिन हो जाएगा। कुदरत ने तो हमें साफ-सुथरी हवा सांस लेने के लिए दी थी, लेकिन हमने अपने स्वार्थ के लिए इसमें जहर घोलकर इसे दमघोंटू बना लिया है। इस पर रोक लगनी चाहिए।

*-विजय कुमार सेन*

## ट्रेंड

### पर्यावरण संरक्षण



इस पृथ्वी दिवस पर, आइए हम स्वच्छ, हरित और टिकाऊ दिल्ली के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करें। हम जलवायु जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण की भावना के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली


### हर बच्चे को शिक्षा



जब तक हर छात्र को बिना भेदभाव के सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर नहीं मिलेगा, तब तक हमारी शिक्षा व्यवस्था सभी के लिए न्यायपूर्ण नहीं हो सकती। कांग्रेस पार्टी हर बच्चे को शिक्षा तक समान पहुंच दिलाने और जातीय भेदभाव को खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद


### थोरियम से बनाएं बिजली



आने वाले दिनों में, भारत में बिजली का सबसे ज्यादा कन्ज़म्पशन होगा। सबको सस्ती बिजली चाहिए। ईश्वर ने हमें न्यूक्लियर पॉवर का ईंधन, "थोरियम", बहुत बड़ी मात्रा में दिया है। थोरियम को यूज करके सस्ती बिजली बन सकती है। ये छोटे रिएक्टर जगह भी कम लेते हैं।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

### माफी मांगता हूं



मैं गुस्से में किसी को एक जवाब देने में अपनी मर्यादा भूल गया और पूरे ब्राह्मण समाज को बुरा बोल डाला। मैं तहेदिल से माफी मांगता हूं, इस समाज से जिनको मैं ये नहीं कहना चाह रहा था।

-अनुराग कश्यप, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# व्यापार के लिए 'उत्पत्ति के प्रमाण' को किया परिभाषित



सरकार ने कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने और व्यापार समझौतों के दुरुपयोग को रोकने के लिए 'उत्पत्ति के प्रमाण' को परिभाषित किया। आयातकों को शुल्क रियायतें पाने के लिए एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) भागीदार से किसी उत्पाद का प्रमाण या उत्पत्ति का प्रमाण पत्र लेना होगा। राजस्व विभाग के परिपत्र के अनुसार, उत्पत्ति के प्रमाण का अर्थ है कि व्यापार समझौते के अनुसार जारी किया गया प्रमाण पत्र या घोषणा, जिससे यह प्रमाणित होता है कि माल उत्पत्ति के देश के मानदंडों को पूरा करता है। उत्पत्ति का प्रमाण पत्र उन देशों को निर्यात के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिनके साथ भारत के व्यापार समझौते हैं। एक निर्यातक को आयात करने वाले देश के बंदरगाह पर प्रमाण पत्र जमा करना होता है। मुक्त व्यापार समझौतों के तहत शुल्क रियायतों का दावा करने के लिए यह दस्तावेज महत्वपूर्ण है। इस प्रमाण पत्र से यह पता चलता है कि माल मूल रूप से कहां से आया है। इस कदम पर टिप्पणी करते हुए परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के महासचिव मिथिलेश्वर ठाकुर ने कहा कि सीमा शुल्क परिपत्र के जरिये मूल प्रमाण पत्र की प्रामाणिकता को साबित करने के लिए अच्छी तरह परिभाषित तंत्र और एक मानक संचालन प्रक्रिया तय की गई है।

## ऑफ बीट

# अस्पताल में भर्ती होने के लिए 45 किमी तक की यात्रा



भारत में वृद्धों को बाह्य-रोगी सेवाओं के लिए 15 किलोमीटर तक की यात्रा करनी पड़ सकती है तथा अस्पताल में भर्ती होने के लिए लगभग 45 किलोमीटर दूर तक जाना पड़ सकता है। यह जानकारी एक नए शोध से मिली है। 'द लांसेट रीजनल हेल्थ-साउथ ईस्ट एशिया' जर्नल में प्रकाशित अनुमानों में शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में असमानता भी दिखाई गई है। इसके मुताबिक, शहरी बुजुर्गों को 10 किलोमीटर की दूरी के भीतर बाह्य-रोगी सुविधाएं मिल जाती हैं, जबकि ग्रामीण इलाकों में रहने वाले वृद्धों के लिए यह दूरी लगभग 30 किलोमीटर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के शोधकर्ताओं ने 2017-2018 में भारत के अनुदैर्ध्य आयु अध्ययन (एलएएसआई) की पहली लहर के दौरान एकत्र किए गए 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 32,000 वृद्धों के आंकड़ों का विश्लेषण किया। भारत में करीब 13 .8 करोड़ बुजुर्ग हैं। जब स्वास्थ्य सुविधाएं 10 किलोमीटर के दायरे में उपलब्ध थी तो बाह्य-रोगी और अस्पताल में भर्ती होने, दोनों प्रकार की सेवाओं का इस्तेमाल करने की दरें उच्च थी, जो क्रमश: 73 प्रतिशत और 40 फीसदी थी।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# अनिश्चितताओं से भरी दुनिया में भारत-सऊदी रिश्ता स्थिरता के स्तंभ के रूप में मजबूत, हमारी साझेदारी में असीम संभावनाएं



पीएम नरेंद्र मोदी ने सऊदी क्राउन प्रिंस और पीएम मोहम्मद बिन सलमान को द्विपक्षीय संबंधों का मजबूत समर्थक और एक दूरदर्शी व्यक्ति बताया।

## दो दिवसीय यात्रा पर सऊदी अरब पहुंचे पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी का मंगलवार दोपहर सऊदी अरब के जेद्दा हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया। सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे पीएम मोदी को 21 तोपों की सलामी दी गई। जेद्दा दौरे से पहले पीएम मोदी ने कहा कि भारत-सऊदी अरब के संबंध काफी मजबूत हैं। हमारी साझेदारी में असीम संभावनाएं हैं।

अनिश्चितताओं से भरी दुनिया में हमारा रिश्ता स्थिरता के स्तंभ के रूप में मजबूत है। पीएम नरेंद्र मोदी ने सऊदी क्राउन प्रिंस और पीएम मोहम्मद बिन सलमान के को द्विपक्षीय संबंधों का मजबूत समर्थक और एक दूरदर्शी व्यक्ति बताया। उन्होंने कहा कि उनकी अंतर्दृष्टि, उनकी दूरदर्शी दृष्टि और अपने लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने का उनका जुनून उल्लेखनीय है। वह सऊदी अरब में भारतीय प्रवासियों के बहुत बड़े समर्थक रहे हैं और सऊदी अरब में रहने वाले हमारे लोग उनका बहुत सम्मान करते हैं।

### रिफाइनरियों और पेट्रोकेमिकल्स में संयुक्त परियोजनाओं की संभावना

### भारत सऊदी अरब के सशस्त्र बलों की कुछ जरूरतों को पूरा कर रहा

#### सऊदी अरब प्रमुख ऊर्जा साझेदार

पीएम ने कहा कि दोनों देश रिफाइनरियों और पेट्रोकेमिकल्स में संयुक्त परियोजनाओं की संभावना तलाश रहे हैं। ऊर्जा हमारी आर्थिक साझेदारी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ रहा है। सऊदी अरब हमारे लिए एक मजबूत और विश्वसनीय ऊर्जा साझेदार रहा है। यह कच्चे तेल और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों के हमारे शीर्ष आपूर्तिकर्ताओं में से एक है।

#### रक्षा सहयोग बढ़ाने पर दिया जोर

*पीएम मोदी ने सऊदी अरब के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा और सुरक्षा जुड़ाव, सहयोग गहरे आपसी विश्वास का प्रतिबिंब है। भारत सऊदी अरब के सशस्त्र बलों की कुछ जरूरतों को पूरा कर रहा है। हम भारत के रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में सऊदी अरब के निवेश का स्वागत करेंगे।*

#### कई क्षेत्रों में होंगे एमओयू



विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि इस दौरे में दोनों देशों के बीच कई समझौतों (एमओयू) पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। समझौते अंतिम मंजूरी के चरण में हैं और यात्रा के दौरान पूरी जानकारी साझा की जाएगी। सूत्रों के अनुसार कम से कम छह एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाने की संभावना है। मिसरी ने कहा कि दोनों देश रूस-यूक्रेन युद्ध पर चर्चा करेंगे। पीएम मोदी ने पहले ही भारत का रुख स्पष्ट किया है कि इस मसले का हल बातचीत से निकलना चाहिए।

#### यात्रा से भारतीय प्रवासियों में खुशी की लहर

*पीएम नरेंद्र मोदी की यात्रा ने भारतीय समुदाय को उत्साह और गर्व से भर दिया है। जेद्दा में भारतीय समुदाय सांस्कृतिक कार्यक्रमों, परफॉर्मेंस के साथ इस अवसर का जश्न मना रहा है। बता दें भारतीय समुदाय सऊदी अरब में सबसे बड़ी प्रवासी आबादी में से एक है। शाम को पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय के सदस्यों से बात की।*

---

## खबर संक्षेप

### क्रैश के बाद विमान में ब्लास्ट, पायलट की मौत



**अमरेली।** गुजरात के अमरेली के शास्त्री नगर स्थित रिहायशी इलाके में एक निजी कंपनी के प्रशिक्षण केंद्र का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे विमान के पायलट की मौत हो गई। बताया जाता है कि विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद विस्फोट हुआ था। जिससे आग लग गई थी। सूचना लगते ही अग्निशमन विभाग की टीम और पुलिस कर्मियों सहित एक काफिला तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा, जहां उन्होंने बचाव कार्य शुरू किया। विमान में फंसे पायलट को बाहर निकला। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया।

### डेल्टा विमान में लगी आग बाल-बाल बचे 282 यात्री



**फ्लोरिडा।** अमेरिका के ऑरलैंडो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अटलांटा जा रहे डेल्टा एयरलाइंस के एक विमान में रनवे पर आग लग गई। आग की घटना टर्मिनल में मौजूद एक यात्री के मोबाइल में कैद हो गई, जिसके चलते एयरलाइन के कर्मचारी तुरंत हरकत में आ गए। विमान में सवार 282 यात्रियों को आपातकालीन स्लाइड्स के जरिये बाहर निकाला गया। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। एफएए ने घटना की जांच शुरू कर दी है। एयरलाइन ने विमान में आग की घटना के लिए खेद व्यक्त किया है। साथ ही ग्राहकों के सहयोग की सराहना की।

### पुलिस मुठभेड़ में घायल हो बाद में मरा बच्चू डॉन



**जम्मू।** जम्मू पुलिस द्वारा पंजाब से लाए जा रहे वांछित अपराधी मुश्ताक अली उर्फ राज अली उर्फ बच्चू डॉन की मौत पुलिस की जवाबी कार्रवाई में हो गई। आरोपी को जम्मू लाया जा रहा था, इसी दौरान उसने पुलिस पर अचानक हमला कर दिया। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी घायल हो गया और बाद में उसकी मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान किकरी मोड़, बाड़ी ब्राह्मण निवासी के रूप में की गई है। आरोपी कई गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित था।

### खाई में गिरी तेज रफ्तार वैन, 16 लोगों की मौत



**इस्लामाबाद।** दक्षिणी पाकिस्तान में एक तेज रफ्तार वैन खाई में गिर गई। हादसे में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई है। 30 अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। दुर्घटना सोमवार को सिंध प्रांत के जमशोरो जिले में हुई। जानकारी के मुताबिक, दुर्घटना पहाड़ी क्षेत्र में उस वक्त हुई, जब वैन के चालक ने तेज गति के कारण वाहन पर नियंत्रण खो दिया और वैन खाई में गिर गई। वैन पंजाब प्रांत के लापारी से सिंध प्रांत के बादिन जा रही कोल्ही जनजाति के सदस्यों को ले जा रही थी। पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे।

---

चीन ने अरुणाचल में जगहों के बदले नाम

## सीएम पेमा खांडू बोले-ये उनका पुराना हथकंडा हम इसकी निंदा करते



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन ने अरुणाचल प्रदेश में 22 जगहों के नाम बदले हैं। इस पर सीएम पेमा खांडू ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ये चीन का पुराना हथकंडा है। उन्होंने कहा कि चीन के अरुणाचल प्रदेश के कई जगहों के नाम बदलने की बात नई नहीं है, ये तीसरी या चौथी बार किया है। चीन की इस कार्रवाई का हम अरुणाचल की ओर से इसकी आलोचना करते हैं।

पेमा खांडू ने कहा कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम का असर दिख रहा है। चीन सीमा के विकास का काम काफी पहले से कर रहा है। हमने दो साल पहले इसको शुरू किया है। सीमा इलाके में सड़क बनाने का काम शुरू किया है, लोगों के जीवन स्तर को सुधारने को लेकर हम लोग तमाम काम कर रहे हैं। सीएम ने कहा किफ्रांटियर हाईवे बनने का काम शुरू किया है। ये 2500 किमी का हाईवे बनेगा। इसके बनने से सेना की आवाजाही आसान होगी। साथ ही अरुणाचल के लोगों के लिए भी आसान हो जाएगा।

#### नाम बदलना पॉलिटिकल स्टंट

वहीं अरुणाचल प्रदेश के पर्यटन मंत्री पीडी सोना ने कहा कि हमारे प्रदेश के कई इलाकों का नाम बदलना, चीन का महज पॉलिटिकल स्टंट है। हम इसकी परवाह नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि चीन हमेशा अरुणाचल प्रदेश को अपने देश का हिस्सा क्लेम करता रहा है, लेकिन यहां का कल्चर भारतीय सरकार के प्रति यहां के लोगों का समर्पण दिखाता है। चीन के बोलने से कुछ नहीं होता अरुणाचल प्रदेश के लोगों को भारतीय होने पर गर्व है। हालांकि, सरहद के उस पार यानी चीन अपने क्षेत्र में बहुत कुछ कर रहा है। लेकिन अब कुछ साल से भारत सरकार भी इन इलाकों के लिए काफी कुछ कर रही है। ऐसा विकास हो रहा है जिसके बारे में किसी ने कभी सोचा नहीं होगा।


#### तोड़ा रनवे का काम शुरू

सीएम ने बताया कि मेचुका में एयरपोर्ट का एडवांस लैंडिंग ग्राउंड है, वहां भी तोड़ा रनवे का काम शुरू किया गया है। अरुणाचल प्रदेश के भारत-चीन बार्डर के मेचुका गांव में पहली बार इंटरनेशनल एडवेंचर रेस का आयोजन हुआ। इसमें मलेशिया अमरीका के अलावा देश विदेश के कई खिलाड़ियों ने भाग लिया। मेचुका में 100 करोड़ के प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया गया है।

---

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित बिजनेस समिट में जेडी वेंस बोले

# पीएम मोदी कठिन वार्ताकार, हम चाहते हैं कि भारत को विश्वस्तरीय रक्षा उपकरण दें



एजेंसी ▶▶ जयपुर

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि भारत रक्षा में अमेरिका का सबसे नजदीक और भरोसेमंद पार्टनर है। अमेरिका भारत को विश्वस्तरीय रक्षा उपकरण देना चाहता है। उन्होंने कहा कि हम भारत को पांचवीं पीढ़ी के एफ-35 लड़ाकू युद्धक विमान देना चाहते हैं।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपने परिवार संग चार दिवसीय जयपुर दौरे पर हैं। राजधानी जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में बिजनेस समिट में जेडी वेंस ने कहा कि यूएस दुनिया में सबसे जुड़ा सैन्य अभ्यास करता है। भारत रक्षा में अमेरिका का सबसे नजदीक और भरोसेमंद पार्टनर है।

अमेरिका भारत को विश्वस्तरीय रक्षा उपकरण देना चाहता है। उन्होंने कहा कि हम भारत को पांचवीं पीढ़ी के एफ-35 लड़ाकू युद्धक विमान देना चाहते हैं। मोदी के कठिन वार्ताकार स्वभाव पर वेंस ने कहा कि पीएम मोदी बहुत सख्त नेगोशिएटर हैं। वे भारतीय उद्योगों के हितों के लिए दृढ़ता से लड़ते हैं। मैंने स्वयं देखा कि वे अपने देश के व्यापारिक हितों की कितनी मजबूती से रक्षा करते हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी मुझसे कह चुके हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी हार्ड नेगोशिएटर (कठिन वार्ताकार) हैं।

रक्षा और उर्जा क्षेत्र में भारत के साथ साझेदारी करना चाहता है अमेरिका

पीएम मोदी के साथ ट्रेड एग्रीमेंट के टर्म्स ऑफ रेफरेंस पर अच्छी प्रगति हुई

### ट्रंप ने बराबरी के ट्रेड का माहौल बनाया

वेनिस ने कहा कि आलोचक राष्ट्रपति ट्रंप की ट्रैरिफ पालिसी की आलोचना कर रहे हैं, कह रहे हैं कि ट्रंप ने ट्रेड वार शुरू कर दिया है। यह सही नहीं है, जबकि उन्होंने बराबरी के ट्रेड का माहौल बनाया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका प्रशासन ट्रेड पार्टनरशिप करना चाहता है, जो संतुलित हो। वेंस ने बताया कि फरवरी में पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात में द्विपक्षीय सहयोग और समझौतों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि हमारी सरकारें ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत कर रही हैं और जल्द ही नतीजों तक पहुंचेंगी। मैंने पीएम मोदी के साथ भी चर्चा की, और ट्रेड एग्रीमेंट के टर्म्स ऑफ रेफरेंस पर अच्छी प्रगति हुई है।

#### भारत में मेरी पत्नी मेरे से बड़ी सेलिब्रिटी

*वेंस ने कहा कि यह मेरी पहली भारत यात्रा है, जहां मेरी पत्नी के माता-पिता का जन्म हुआ। भारत में मेरी पत्नी मेरे से बड़ी सेलिब्रिटी है। भारत की प्राचीन वास्तुकला, समृद्ध इतिहास और परंपराओं ने मुझे बहुत प्रभावित किया। भारत का भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण भी प्रेरणादायक है। परंपरा और भविष्य के प्रति यह संतुलन भारत को अद्वितीय ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मेरे बेटे वेवन को पीएम हाउस में खाना इतना पसंद आया कि उसने मुझसे कहा, डैड हमें इंडिया में ही रहना चाहिए।*

#### दोनों देश बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं

वेंस ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी के विजन को साकार करने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। यह हमारे देशों के बीच अंतिम समझौते के लिए रोडमैप तैयार करता है। मुझे विश्वास है कि भारत और अमेरिका मिलकर बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं। मैं आज सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा करना चाहता हूं, विशेष रूप से दोनों देश कैसे एक साथ काम कर सकते हैं।

#### भारत के बाजार में पहुंच चाहते

*जेडी वेंस ने कहा, हम भारत के लिए न्यूक्लियर रिक्टर डिजाइन करना चाहते हैं। इसलिए हम रक्षा और उर्जा में भारत के साथ साझेदारी करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी लोग भारत के बाजार में और पहुंच एक्सेस चाहते हैं, जिसमें कटिंग एज टेक्नोलॉजी, कंस्यूमर गुड्स जैसे सेक्टर शामिल हैं। भारत और अमेरिका मिलकर कई क्षेत्रों में सहयोग से आगे बढ़ेंगे।*

#### वेंस परिवार का राजस्थान सीएम ने किया स्वागत

वेंस परिवार संग मंगलवार सुबह नौ बजे जयपुर का आमेर किला देखने पहुंचे। जहां पर राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा और डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने वेंस और उनके परिवार का स्वागत किया। जयपुर के आमेर महल में जलेब चौक पर हथिनी चंदा और पुष्पा द्वारा अमेरिका के उपराष्ट्रपति का स्वागत किया गया। साथ ही यहां मौजूद लोक कलाकारों ने कच्छी घोड़ी, कालबेलिया नृत्य और बांसुरी वादन कर राजस्थानी लोक कला का प्रदर्शन किया। उन्होंने आमेर महल, कांच से बने शीशमहल, पन्ना-मीना कुंड और अनोखी म्यूजियम का दौरा किया।



---

अमेरिका में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में केंद्रीय वित्त मंत्री बोलीं

## 'विकसित भारत' की यात्रा आकांक्षा नहीं, बल्कि साझा राष्ट्रीय मिशन

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अमेरिका में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के हूवर इंस्टीट्यूशन में अपने संबोधन के दौरान कहा है कि 2047 तक 'विकसित भारत' बनने की देश की यात्रा महज एक आकांक्षा नहीं है, बल्कि समावेशी, सस्टेनेबल और इनोवेशन से जुड़े विकास के दृष्टिकोण से संचालित एक साझा 'राष्ट्रीय मिशन' है। भारत दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

### एमएसएमई को समर्थन दे रहे

वित्त मंत्री ने कहा कि विकसित भारत का निर्माण न केवल सरकार द्वारा बल्कि प्रत्येक नागरिक के सामूहिक प्रयास से होगा। घरेलू विनिर्माण के विकास के लिए छोटे और मध्यम उद्यमों का एक संपन्न नेटवर्क जरूरी है। सरकार ने एमएसएमई को समर्थन देने के लिए कई पहल की हैं, जिसमें ऋण तक पहुंच को आसान बनाना शामिल है।



#### भारत में शानदार काम

वित्त मंत्री ने कहा कि भारत में किए गए कुछ काम शानदार रहे हैं, जिसका उदाहरण डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) और इसकी सफलता है। डीपीआई का इस्तेमाल कर एक अरब से अधिक डिजिटल पहचान बनाई गई हैं। इनका इस्तेमाल कर लोगों के बैंक खाते बनाए गए और कोविड-19 महामारी के दौरान एक बटन क्लिक करने के साथ सरकार ने पैसे ट्रांसफर किए।

---

डोनाल्ड ट्रंप के एक और फैसले को चुनौती

## फंडिंग रोकने की धमकी पर हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने दायर किया मुकदमा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक और फैसले को चुनौती दी गई है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी प्रशासन ने मैसाचुसेट्स की संघीय अदालत में ट्रंप की फंडिंग रोकने की धमकी के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष एलन गार्बर ने ट्रंप प्रशासन पर अनुचित नियंत्रण लगाने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

#### 'न्याय होगा', बोले एफबीआई निदेशक काश पटेल

अमेरिका में संघीय जांच ब्यूरो के निदेशक काश पटेल ने आश्वासन दिया कि पंजाब में हमलों में शामिल आतंकवादी हरप्रीत सिंह को एफबीआई की ओर से गिरफ्तार किए जाने के बाद न्याय किया जाएगा। काश पटेल ने टीम के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि एफबीआई सैक्रामेंटो ने भारत के साथ समन्वय में इस जांच को अंजाम दिया है। हम न्याय के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

---

बांग्लादेश की पूर्व पीएम की बढ़ी मुश्किलें

## चुनाव आयोग ने हसीना समेत 10 सदस्यों का चुनाव पत्र किया लॉक

एजेंसी ▶▶ ढाका



बांग्लादेश के चुनाव आयोग ने अपदस्थ पीएम शेख हसीना और उनके परिवार के नौ सदस्यों के राष्ट्रीय पहचान पत्र (एनआईडी) लॉक कर दिए हैं।हसीना समेत 10 व्यक्तियों की एनआईडी 16 फरवरी को एक आधिकारिक पत्र के जरिये लॉक कर दी गई थी। पत्र पर चुनाव आयोग में राष्ट्रीय पहचान पंजीकरण विंग के महानिदेशक एएसएम हुमायूं कबीर ने हस्ताक्षर किए थे।

#### एनआईडी अनुपयोगी

अधिकारियों के अनुसार, एनआईडी लॉक होने का मतलब है कि इसकी जानकारी को अब सुधारा, सत्यापित या बदला नहीं जा सकता। चूंकि लॉक की गई एनआईडी अनुपयोगी हैं, इसलिए हसीना और उनके परिवार के नौ सदस्यों को एनआईडी से जुड़ी कोई भी सेवा नहीं मिलेगी। हसीना (77) पिछले वर्ष 5 अगस्त से भारत में रह रही हैं। उन्हें देश में बड़े पैमाने पर हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों के चलते देश छोड़कर निकलना पड़ा था।

---

## रामबन में उमर अब्दुल्ला का आपदा पीड़ितों ने किया घेराव

### राहत कार्यों में देरी पर जताई नाराजगी सीएम ने समाधान का दिया आश्वासन

राष्ट्रीय राजमार्ग आंशिक रूप से कल तक बहाल होगा

एजेंसी ▶▶ जम्मू

रामबन पहुंचे सीएम उमर अब्दुल्ला की गाड़ी का स्थानीय लोगों ने घेराव किया और नारेबाजी की। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्य में देरी पर अपनी नाराजगी जताई। उमर अब्दुल्ला अपनी गाड़ी रोककर बाहर निकले और नाराज लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने लोगों को शांत कराया और उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला के काफिले को स्थानीय निवासियों ने रामबन में रोका और विनाशकारी बाढ़ एवं भूस्खलन के बाद अपनी चिंताओं पर चर्चा की। रविवार को जिले में आई विनाशकारी बाढ़ एवं भूस्खलन में तीन लोगों की मौत हो गई थी और व्यापक क्षति हुई थी।

बिजली, पानी बहाली का काम तेजी से किया जा रहा



#### हमारी प्राथमिकता लोगों का जीवन बचाना

*सीएम अब्दुल्ला ने कहा कि बिजली, पानी की बहाली का काम जितनी तेजी से हो सकता है, किया जा रहा है। सड़कों से मलबा हटाया जा रहा है। हमारी पहली प्राथमिकता लोगों का जीवन बचाना था। हमने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।*

#### राहत कार्य पूरे जोर शोर से चल रहे: सिंह



केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि वह बुधवार को जिला मुख्यालय रामबन में स्वयं मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि रामबन जिले में राहत कार्य पूरे जोर-शोर से चल रहे हैं। जिला प्रशासन प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा है। उपायुक्त (डीसी) बसीर चौधरी स्वयं प्रभावित क्षेत्र में हैं और स्थिति पर नजर रख रहे हैं। बिजली आपूर्ति की बहाली का कार्य तेजी से चल रहा है। कुल 1762 डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर्स (डीटी) में से 1486 को बहाल कर दिया गया है, जबकि शेष 286 डीटी पर काम जारी है। जलापूर्ति की स्थिति भी सुधर रही है। 98 जलापूर्ति योजनाओं में से 89 को फिर से चालू कर दिया गया है।

---

शनिवार को होगा पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार

## वेटिकन ने शुरू की तैयारी, आज सुबह से होंगे सार्वजनिक दर्शन

एजेंसी ▶▶ रोम

पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह होगा। वेटिकन ने अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी है। ताबूत में लेटे पोप फ्रांसिस की पहली तस्वीर सामने आई है। तस्वीर में पोप फ्रांसिस के पास वेटिकन राज्य सचिव प्रार्थना करते नजर आ रहे हैं। वेटिकन के मुताबिक पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह 10 बजे किया जाएगा। यह प्रक्रिया कार्डिनल्स कॉलेज के डीन कराएंगे।



#### नौ दिन बाद होगा नए पोप का चुनाव

पोप फ्रांसिस के निधन के बाद नौ दिन का शोक मनाया जाएगा। इस अवधि को नोवेन्डिएल कहा जाता है। नए पोप को चुनने की प्रक्रिया शुरू होगी। कुछ दिनों में दुनियाभर के कार्डिनल पापल कॉन्क्लेव के लिए रोम पहुंच जाएंगे।


## संस्कारधानी में परशुराम जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू अनेक स्थानों पर निकाली जायेगी रैलियां, होगी पूजा-अर्चना

# 100 साल बाद गजकेसरी, मालव्य राजयोग, सर्वार्थ सिद्धि योग समेत कई मंगलकारी योग में 30 को मनाई जाएगी अक्षय तृतीया

हरिभूमि, जबलपुर

100 साल बाद अक्षय तृतीया पर्व गजकेसरी, मालव्य राजयोग, सर्वार्थ सिद्धि योग समेत कई मंगलकारी योग में 30 अप्रैल को मनाया जाएगा। संस्कारधानी में परशुराम जन्मोत्सव को लेकर ब्राह्मण समाज की ओर से जोर-सोर से तैयारियां शुरू कर दी है। भगवान परशुराम प्रतिमा की पूजा अर्चना की जाएगी।

पं शिवशंकर तिवारी ने बताया कि 100 साल अक्षय तृतीया पर मालव्य राजयोग, लक्ष्मी नारायण राज योग और चतुर्ग्रही योग गजकेसरी राजयोग, रवि और सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। इसके साथ ही, चंद्रमा वृषभ राशि में बृहस्पति के साथ रहेगा। इसके अलावा शनि, शुक्र और राहु ग्रह मीन राशि में स्थित होंगे, दुर्लभ संयोग के चलते मिथुन, कन्या समेत 5 राशियों के जातकों को विशेष लाभ होगा। इस दिन को अबूझ मुहूर्तों में से एक माना जाता है, इस दिन बिना पंचांग कोई भी शुभ काम कर सकते हैं और उसका फल




आपको शुभ ही मिलेगा। इसके चलते इस दिन बिना मुहुर्त देखे बड़ी संख्या में शादियां व विवाह सम्मेलन का आयोजन किए जाएंगे। इसके अलावा इस दिन देवी लक्ष्मी, भगवान कुबेर की पूजा और सोने-चांदी की वस्तुएं खरीदना शुभ माना जाता है।

### वरुथिनी एकादशी 24 को, नकारात्मकता से मिलेगी मुक्ति भगवान विष्णु की आराधना से होगा नई ऊर्जा का संचार

तिथि में भेद के चलते पिछले एक साल से व्रत व त्यौहार मनाने को लेकर तारीख में असमंजस रही है। ऐसी ही कुछ स्थिति वरुथिनी एकादशी को देखने को मिल रही है, लेकिन उदया तिथि के चलते 24 को मनाई जाएगी। मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 23 अप्रैल की शाम 4:43 मिनट पर शुरू होगी। इस तिथि का समापन अगले दिन 24 अप्रैल को दोपहर 2:32 मिनट पर होगा। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, वरुथिनी एकादशी का व्रत 24 अप्रैल को रखा जाएगा। इस दिन व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा अर्चना करेंगे। घर-घरों में विशेष पूजा पाठ की जाएगी। कई लोग सत्यनारायण कथा कराएंगे। इस दिन विष्णु-लक्ष्मी जी की पूजन से सुख-समृद्धि और आरोग्यता प्राप्त होती है। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि वरुथिनी शब्द संस्कृत के वरुथिनी से बना है। जिसका अर्थ कवच होता है। इसे रक्षा संरक्षित करने वाला भी कह सकते हैं। यह भगवान विष्णु को सर्वाधिक प्रिय है। विभिन्न समाजों और संप्रदायों में इस दिन भगवान के अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती हैं। व्रत रखकर पूजा करने से हमारे भीतर की नकारात्मकता दूर होकर नई ऊर्जा का संचार होता है। पीले फूल-फल चढ़ाएं। इस दिन पूजा में पीले पुष्प व पीले रंग की मिठाई का उपयोग किया जाता है। प्रसाद में तुलसी, आंवला, अनार, आम, लोंग, नारियल, नैवैद्य व पंजीरी चढ़ाने का विधान है। पूजा के दौरान विष्णु फल की प्राप्ति होती है।

## भीषण गर्मी के चलते स्कूलों में अवकाश की मांग

**जबलपुर।** जिले में इन दिनों भीषण गर्मी का दौर चल रहा है, पारा 42 डिग्री के उपर चल रहा है। ऐसे में स्कूलों में अवकाश घोषित करने की मांग तेजी से उठ रही है। वैसी ही अब वीकेन्ड शुरु हो गया है। रविवार और 29 तारीख को अवकाश होने के बावजूद 6 दिन का ही शैक्षिणक सत्र बचा है। लिहाजा स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी जानी चाहिये। इस आशय की मांग मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन, दिनेश गोंड, राकेश श्रीवास, हेमंत ठाकरे, राजेश सहारिया, संतोष श्रीवास्तव, शहीर मुमताज़, राजकुमार यादव, गुडविन चार्ल्स, दीपेश जैन, फिलिप एंथोनी, मक़सूद अहमद कादरी, आशीष कोरी आदि ने आयुक्त राज्य शिक्षा केंद्र से मांग की है की प्रदेश के सभी शासकीय एवं अशासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में अध्यनरत बच्चों को भीषण गर्मी के प्रकोप से बचने हेतु छुट्टी दी जाये।



## श्री गुरु तेग बहादुर का प्रकाश पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया

**जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 अप्रैल को सिख धर्म के नवमे गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर का प्रकाश पर्व श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के जीव विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एस एस संधू , जानकी रमन महाविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ आनंद सिंह राणा महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार एम एस चावला , डॉ ए एस अहलूवालिया, सरदार एस छाबड़ा, सरदार एस। बांगा, सरदार महिंदर सिंह गुजराल जी, सरदार सुखबीर सिंह खनूजा, महेंद्र सिंह मिनोचा, सरदार काके गुमर जी सरदार अमरदीप सिंह सलूजा जी, एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ। आर। एस। चंडोक जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ पर सर्वप्रथम सभी अतिथिजनो एवं प्राध्यापकों, द्वारा निशान साहिब जी की सेवा की गई, उसके उपरांत श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सहज पाठ की समाप्ति विधिवत रूप से पूर्ण की गई। तत्पश्चात गुरुद्वारा गोरखपुर के भाई श्री बलजीत सिंह जी एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों व विद्यार्थियों द्वारा गुरबाणी कीर्तन किया गया। इस कार्यक्रम के सौहाद्र पूर्ण समापन में महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रीमती शिखा पाराशर, डॉ मनीष शाह, डॉ शिवमणि मिश्रा, डॉ अंजू पाठक, डॉ विपिन रॉय, श्रीमती प्रकृति विश्वास, डॉ विमल शुक्ला, डॉ रोहित वर्मा, डॉ संध्या कोष्टा, डॉ शशि दुबे, डॉ संजय गुप्ता, डॉ रत्नेश नामदेव, डॉ आरती शुक्ला, अन्य सभी प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों का अहम भूमिका रही।

## आशा मिलाप प्रोजेक्ट: आवा की अहम पहल

### पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर।** आशा मिलाप परियोजना के अंतर्गत, आशा स्कूल में पृथ्वी दिवस का उत्सव एक अर्थपूर्ण और जीवंत आयोजन था, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता के प्रति जागरूकता फैलाना था। यह कार्यक्रम श्रीमती शीला पांडे (प्राचार्या, आर्मी पब्लिक स्कूल नं 2), श्रीमती जोगेंद्री पठारिया (काउंसलर, एपीएस नं 2), श्रीमती रश्मि वासन और श्रीमती अर्चना तिवारी के सक्षम मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। संस्कृतिक कार्यक्रम में एपीएस नं 2 के छात्रों द्वारा जोशीले नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया और समारोह के लिए उत्साहपूर्ण वातावरण तैयार किया। इसके बाद एक दीया बाती,




हजारों रोशनी₹ पर एक सुंदर प्रस्तुति और ₹मेरे देश की धरती₹ पर एक देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया गया। ये सभी नृत्य प्रस्तुतियाँ श्रीमती रश्मि वासन द्वारा तैयार और मार्गदर्शित की गईं, जिनकी भूमिका नृत्य प्रस्तुतियों की सफलता हेतु महत्वपूर्ण रही। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अर्चना तिवारी ने किया।

आशा स्कूल के बच्चों ने भी इस कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया और बहुत उत्साहित होकर कई बच्चे नृत्य में भी शामिल हुए जिससे वातावरण अत्यंत आनंदमय और समावेशी बन गया।

## आचार्य श्री समय सागर महाराज के मांगलिक प्रवचन

# अहिंसा चर्चा के साथ चर्या में भी होना चाहिये

जबलपुर।

आचार्य श्री समयसागर महाराज ने आचार्य श्री विद्यासागर सभा भवन में आयोजित धर्मसभा मेंअपने मांगलिक प्रवचन में कहा कि कर्म रूपी शत्रु को जिन्होने जीत लिया है वह जिन है और जो जिन का अनुयायी है वह जैन है। जिन वे हैं जिन्होंने अपने मोह, राग, द्वेष रूपी शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर ली है। जैन धर्म ₹ अहिंसा परमोधर्मः₹ की बात करता है। अहिंसा की बात करने वाले बहुत से विद्वान मिल सकते हैं लेकिन अहिंसा बहुत सूक्ष्म तत्व है। इसका व्याख्यान बहुत बड़ा है। अहिंसा चर्चाके साथ चर्या में भी होना चाहिए। दो प्रकार का संयम है इन्द्रिय संयम और प्राणी संयम, इन दोनों संयमों के द्वारा हम अहिंसा धर्म का पालन कर सकते हैं। अपनी पांचों इन्द्रियों




और मन को वश में करना इन्द्रिय संयम है, हमें के जीवों की हिंसा नहीं करना प्राणी संयम है। जैन धर्म में संयम का बहुत महत्व है, हम अनादि काल से इन्द्रियों के विषय भोगो में लगे हैं इनको छोड़कर संयम का पालन करके ही हम मोक्ष सुख प्राप्त कर सकते हैं।

धर्मसभा के प्रारंभ में मंगलाचरण का पाठ अमीषी ने किया। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के तैल चित्र के समक्ष एन।सी।जैन (दिल्ली), सुभाष जैन (सी।ई। ओ।), वीरू छावड़ा (बेंगलोर), सुनील अजमेरा (हजारीबाग), राजेश जैन (सा।ए।) ने दीप प्रज्वलित किया। प्रतिभा मंडल की दीदीओं द्वारा आचार्य श्री को शास्त्र भेंट किया तथा आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य सिद्धांत, सुरभ्य (विनीत टाकीज) को प्राप्त हुआ । संरक्षणी सभा द्वारा मनोज सोमपुरा एवं देवेन्द्र सोमपुरा को सम्मानित किया गया। बाल-ब्रह्म प्रीती दीदी ने भी उद्बोधन दिया ।संस्कारधानी की धरती पर आत्म निर्भरता, स्वदेशी वस्त्रों के लिए आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की प्रेरणा से तिलवाराघाट में स्थापित हेन्डलूम में निर्मित वस्त्रों की संस्था 'चल चरखा' के आचार्य श्री विद्यासागर सभा भवान के समीप नये विक्रय केन्द्र का प्रातःकाल आचार्य श्री समयसागर महाराज ने ससंघ अवलोकन किया ।



## कर्ज का भुगतान नहीं होने पर संपत्ति जब्त की

**जबलपुर।** मंडला स्थित ग्राम अमगवा बम्हनी, तहसील व जिला मंडला की ऋषभ राईस मिल के कोमल कानुगा पिता संतोष कुमार कानुगा द्वारा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की मंडला शाखा से लिये गए कर्ज का भुगतान न करने से उनका खाता अनर्जक आस्ति (एनपीए) में वर्गीकृत किया गया था जिसका भौतिक कब्जा हेतु माननीय न्यायालय जिलादंडाधिकारी, मंडला के द्वारा पारित आदेश प्रकरण क्रमांक 0066/ब-121/2024-25 दिनांक 19/03/2025 (धारा 14 सरफेसी अधिनियम) के अनुपालन मे आज दिनांक 22/04/2025 को दोपहर लगभग 3:30 बजे बंधक संपत्ति का भौतिक कब्जा नायब तहसीलदार हीरा लाल तिवारी बम्हनी जिला मंडला के द्वारा लिया गया। उक्त संपत्ति का भौतिक कब्जा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बैंक अधिकारी अमित केशरी (प्राधिकृत अधिकारी), अजीत वर्मा (विधि अधिकारी), सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, मंडला शाखा के शाखा प्रमुख निखिल वोहरा एवं प्रबन्धक समग्र पाठक की उपस्थिति मे लिया गया।



## जलपरी क्षेत्र में अब नहीं होगी गंदगी

जबलपुर।

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी ने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वाह करते हुए नगर निगम के सहयोग व समन्वय से नगर के सबसे सुन्दर क्षेत्र ऐतिहासिक जलपरी में हरित पहल के अंतर्गत डस्टबिन (कूड़ादान) का व्यापक प्रबंधन किया है। जलपरी क्षेत्र में प्रतिदिन सुबह व शाम हजारों की संख्या में मार्निंग व इवनिंग वॉक करने वाले तो आते ही हैं इनके साथ दिन भर यहां तफरीह करने वालों की बड़ी संख्या रहती है। जलपरी में घूमने आने वालों की सुविधा और स्वच्छता की दृष्टि से हरे व नीले रंग के डस्टबिन स्थापित किए गए हैं। इनका उपयोग सिर्फ राहगीरों तक सीमित रखा गया है। घर व दुकान से निकलने वाले कचरा इनमें न डालने की साफ हिदायत दी गई है। हरे रंग के डस्टबिन में गीला व नीले रंग के डस्टबिन में सूखा कचरा डालने की व्यवस्था की गई है। शक्तिभवन से जलपरी क्षेत्र तक कुल आठ डस्टबिन के सेट स्थापित किए गए हैं।

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी प्रबंधन ने जानकारी दी कि जलपरी क्षेत्र को सुन्दर व स्वच्छ बनाए रखने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। गत वर्ष जलपरी में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा पर्यावरण संदेश देती 'धरती पर मातृ वृक्ष (मदर ट्री ऑन अर्थ)' स्क्रेप स्कल्पचर इंस्टॉलेशन आर्ट की स्थापना की गई है। 8 क्वटिंल वजन और 17 फुट ऊंचाई की मदर ट्री ऑन अर्थ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है। स्कल्पचर में सामने की ओर नीचे अथर्व वेद का सूत्र 'माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः' अंकित है। इसका अर्थ है- धरती हमारी मां है, हम इसकी संतान हैं।

## लमेटा घाट सरस्वती घाट पुल के लिए 417 वां ज्ञापन आज

**जबलपुर।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा महाकुंभ का आयोजन होता है जिसमें लाखों की संख्या में नर्मदा भक्तों के द्वारा पंचकोशी परिक्रमा की जाती है।लामेटाघाट सरस्वती घाट का पुल शीघ्र बने 25000 नर्मदा भक्तों के हस्ताक्षर का ज्ञापन 23 अप्रेल सुबह 11:00 बजे 417 वा ज्ञापन संभुक्त कार्यालय में अभय वर्मा एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना को दिया जाएगा जिसकी प्रतिलिपि कैबिनेट मंत्री पी डब्लू डी राकेश सिंह मुख्यमंत्री मोहन यादव जी को दी जाएगी। उपस्थिति की अपील नर्मदा पंचकोसी परिक्रमा के अध्यक्ष एवम नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल संरक्षक श्रीमती सुषमाशंकर पटेल पं मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान मनोज गुलाबबनी पप्पू चौबे दुर्गा पटेल गुड्डू नेता सुरेश विश्वकर्मा कैलाश विश्वकर्मा निर्मल कुर्मी ने की है।



## अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस पर किया वृक्षारोपण

**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर द्वारा आज अंतराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस पर के अवसर पर महाविद्यालय के विद्यावन प्रागंण में मौलश्री के पौधे प्राचार्य डॉ अलकेश चतुर्वेदी एवं प्रो अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना द्वारा लगाए गये। इस अवसर पर प्रो। अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना ने बताया कि पृथ्वी के संरक्षण एवं जीवन रक्षा के लिए पौधारोपण करना आवश्यक है। पृथ्वी दिवस पर अपने पर्यावरण को ग्रीन बनाये रखने की शपथ दिलवाई गई। पृथ्वी को प्रदूषण रहित रखने एवं पर्यावरण को हरा-भरा रखने प्रेरित किया। इस अवसर पर सुरेंद्र पटवा, डॉ महेन्द्र कुमार कुशवाहा, डॉ स्वाति मिश्रा, डॉ तरुणेद्र साकेत, डॉ सुनीता सिंह, डॉ शैलेन्द्र भवदिया, डॉ नीलिमा, मनीष रघुवंशी के साथ विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# नेशनल हेराल्ड मामले में झूठ प्रपंच रच रही भाजपा

## राष्ट्रीय प्रवक्ता ने केन्द्र सरकार पर साधा निशाना

**जबलपुर।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमति सुभाषिनी शरद यादव यहां कहा की नेशनल हेराल्ड मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह मनी लांड्रिंग पर झूठा प्रचार कर रहे हैं। ईडी ने श्रीमति सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्ज शीट पेश की है। श्रीमित यादव ने आगे कहा की भाजपा और सरकार द्वारा लगातार झूठ और भ्रम फैलाया जा रहा है।श्रीमति यादव यहां पत्रकारों से चर्च कर रही थीं। पत्रकारों से चर्चा के दौश्रान उन्होंने कहा कि यह एक तरह से राजनीतिक षड्यंत्रकारी ठगी है। यदि मोदी सरकार ने मोदी सरकार ने प्रवर्तन नियालय ईडी को अपना चुनाव विभाग बना लिया है। बार बार प्रतिशोध और बेशर्मी के साथ इसका दुरुपयोग हो रहा है। ईडी ने 98 प्रतिशत मामले सत्ताधारी दल के राजनीतिक प्रतिद्वंदियों के खिलाफ दर्ज किये हैं। कांग्रेस पार्टी इससे डरने




वाली नहीं है। कांग्रेस इस साजिश का मुकाबला सीधे तौर पर करेगी और उन्हें विश्वास है की न्याय की और सत्य की जीत होगी।उन्होंने कहा की नेशनल हेराल्ड मामले में लगातार झूठ फैलाया जा रहा है। दरअसल नेशनल हेराल्ड स्वत्रता संग्राम की राष्ट्रीय धरोहर है। अंग्रेजों को इस विरासत से इतना खतरा महसूस हुआ की भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान 1942 से 45 तक प्रतिबंध लगा दिया गया था। नेशनल हेराल्ड का मुख्य उद्देश्य संघर्ष का मुख्यपत्र बनना था न की मुनाफा कमाना। नेशनल हेराल्ड अखबार में सरकारी विज्ञापनों को लेकर भाजपा द्वारा नया एक नया झूठा विवाद खड़ा किया जा रहा है। इस तर्क के मुताबिक भाजपा की राज्य एवं केन्द्र सरकार आरएसएस से जुड़े समाचार पत्रों में विज्ञापन क्यो देती है। कांग्रेस पार्टी मामले में अदालतों में ले जाएगी। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा के दौरान आरोप लगाया कि नेशनल हेराल्ड मामला देश के सामने मौजूदा ज्वलंत मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने और देश को गुमराह करने भाजपा की एक साजिश है। जो सरारस एक राजनीतिक प्रतिशोध है। देश में बेरोजगारी गिरती जीडीपी और सामाजिक अशांति की तरफ से लोगों का ध्यान हटाने के लिये यह षड़यंत्र रचा गया है। उन्होंने कहा आर्थिक संकट लोगों के मुद्दों और विदेश नीति से जुड़ी चुनौतियों, अमेरिका चीन और बगलादेश से ध्यान भटकाने के लिये और निकट भविष्य में होने वाले बिहार के चुनाव के मद्देनजर यह राजनीतिक षड़यंत्र रचा गया है। उन्होंने आरोप लगाया की भाजपा के पूर्वजों ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीय के खिलाफ अंग्रेजों का साथ दिया था। वे आज स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को मिटाने की कोशिश कर रहे हैं।

## डेयरी स्टेट प्रोजेक्ट पर सरकार ने साधी चुप्पी

### पिछले तीन सालों में एप्रोच रोड तक को मंजूरी नहीं

**जबलपुर।** प्रदेश के एकमात्र जबलपुर डेयरी प्रोजेक्ट में डेयरीयां शिफ्टिंग के लिये नोटिस भेजे गये हैं। लेकिन डेयरी संचालकों ने इसकी अनदेखी की। जब इस संबंध में प्रबंध संचालक भोपाल से मार्गदर्शन मांगा गया तब एक माह बीतने के बावजून भोपाल से कोई जवाब नहीं आया है।राजधानी से डेयरी स्टेट प्रोजेक्ट की अनदेखी से चिंतित होकर डॉ पीजी नाजपांडे तथा साथियों ने आज जब दोबारा कार्यपालन अधिकारी डॉ एसएस मायला से चर्चा हुई तब खुलासा हुआ की इस प्रोजेक्ट का कोई बजट ही नहीं है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं शाईस्ता मंसूरी पति सलमान मंसूरी निवासी 2050 सूपाताल छुई खदान गढ़ा, जबलपुर (म.प्र.) शपथपूर्वक यह कथन करती हूं कि मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूं। विवाह पूर्व मेरा नाम रश्मि झारिया था, जो कि मेरे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा गढ़ा के खाता क्र. 35062704381 में दर्ज है। विवाह के पश्चात् मेरा नाम शाईस्ता मंसूरी पति सलमान मंसूरी हो गया है। शाईस्ता मंसूरी एवं रश्मि झारिया दोनों नाम मेरे ही हैं।

**पुराना नाम- रश्मि झारिया**
**नया नाम- शाईस्ता मंसूरी**

**आम सूचना**

यह कि, रुत पिता स्व. श्री जयाराव सासईया, उम्र लगभग 44 वर्ष, निवासी- महावर की दुकान के पीछे, कृष्णा कॉलोनी, धोबीघाट, तहसील व जिला जबलपुर (म.प्र.) की मूल निवासी है। उनके समस्त दस्तावेज आधार कार्ड, परिचय पत्र एवं अन्य दस्तावेजों में उनका नाम रुत पिता श्री जयाराव सासईया दर्ज है, परन्तु उनके पिता की सर्विस बुक में उनका नाम रुतम्मा (Rothamma) दर्ज है। समस्त आमजनता को सूचित किया जाता है कि रुत (Ruth) एवं रुतम्मा (Rothamma) एक ही व्यक्ति का नाम है अर्थात उनका ही नाम रुत (Ruth) एवं रुतम्मा (Rothamma) है। दोनों ही नाम से पहचाना एवं पढा लिखा जाता है।

**सही नाम - रुत**
**पिता श्री जयाराव सासईया है।**

भवदीय
विजय शुक्ला (अधिवक्ता)
एम. पी. हाई कोर्ट जबलपुर
कार्या.एफ -12 वर्धमान टॉवर, वर्धमान होटल के सामने, जबलपुर (म.प्र.)
मो. नं. 8989893222, 9993822039

### एक वाहन की जांच पूरी होने के बाद ही दूसरे वाहन को उड़नदस्ता रोक सकेगा

# नए निर्देश... पारदर्शी होगी प्रक्रिया, अब चेक पोस्ट पर 15 मिनट में वाहनों की जांच

जांच के दौरान बॉडी वार्न कैमरे भी अनिवार्य

**जांच के दौरान एक सहायक परिवहन उप निरीक्षक का मौजूद होना अनिवार्य**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल




मध्य प्रदेश में परिवहन जांच चौकियों को बंद किए जाने के बावजूद वाहनों से अवैध वसूली की शिकायतें लगातार परिवहन विभाग के पास पहुंच रही थीं। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा ने जांच प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें परिवहन चेक प्वाइंट और संभागीय परिवहन सुरक्षा स्क्वाड को 15 मिनट में वाहन की जांच पूरी करना होगी।

बगैर वाजिब कारण के वाहन को इससे अधिक समय तक नहीं रोका जा सकेगा। अधिक समय तक रोके जाने पर इसका कारण बताना होगा। एक वाहन की जांच पूरी होने के बाद ही दूसरे वाहन को उड़नदस्ते रोक सकेंगे। जांच के दौरान बॉडी वार्न कैमरे भी अनिवार्य किए गए हैं।

### कर्मचारियों को वर्दी में रहना होगा

परिवहन आयुक्त के नए आदेश के अनुसार अब जांच केवल अधिकृत वर्दीधारी अधिकारियों की उपस्थिति में ही की जा सकेगी। जांच के दौरान कम से कम एक सहायक परिवहन उप निरीक्षक का मौजूद होना अनिवार्य होगा। कर्मचारियों को वर्दी में रहना होगा और वर्दी पर नाम की प्लेट भी अनिवार्य होगी।

### वाहन मालिक को बेवजह की वसूली से मुक्ति मिलेगी



कुछ समय से वाहनों को रोककर वसूली की जाने लगी थी। इसे लेकर परिवहन आयुक्त को शिकायत भी की गई थी। इस मामले में नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इससे जांच में पारदर्शिता आएगी और वाहन मालिक को बेवजह की वसूली से मुक्ति मिलेगी। वसूली की शिकायत के बाद विगत दिनों चेक प्वाइंट सागर-1 के प्रभारी परिवहन उप निरीक्षक को हटाया भी जा चुका है।

**सीएल मुकाती** अध्यक्ष, इंदौर ट्रक आपरेटर्स एंड ट्रांसपोर्ट

### कैमरों की निगरानी और रिकॉर्डिंग की जिम्मेदारी यूनिट प्रभारी पर

परिवहन विभाग के परिवहन चेक प्वाइंट और संभागीय उडनदस्तों द्वारा की जाने वाली जांच की पूरी रिकार्डिंग की जाएगी। जांच दल को बॉडी वार्न कैमरे लगाने होंगे। जांच के दौरान दो कमरे चालू रहेंगे। इनमें से एक लाइव मोड में होगा। अन्य कैमरे स्टैंड बाय मोड में रहेंगे। कैमरों की निगरानी और रिकार्डिंग की जिम्मेदारी संबंधित यूनिट प्रभारी पर होगी। जांच की रिकॉर्डिंग संभालकर रखना होगी और कैमरों को पूरी तरह से चार्ज रखना होगा।

### अंतरराज्यीय सीमा पर 45 चेक प्वॉइंट बनाए गए

*करीब एक साल पहले मध्य प्रदेश में गुजरात माडल को लागू करते हुए परिवहन चौकियों को बंद कर दिया गया था। इसके स्थान पर अंतरराज्यीय सीमा पर 45 चेक प्वाइंट बनाए गए हैं, लेकिन यहां पर ट्रकों और वाहनों से अवैध वसूली की शिकायतें आने लगी थीं। शिकायतों को देखते हुए परिवहन आयुक्त ने जांच में पारदर्शिता के लिए नए निर्देश जारी किए गए।*

### दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

*जांच प्रक्रिया के दौरान किसी भी निजी व्यक्ति की उपस्थिति को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। रात में जांच करने के दौरान ऐसे स्थान का चयन अनिवार्य होगा, जहां पर पर्याप्त रोशनी हो। स्टाफ को एलईडी बैटन और रिफ्लेक्टिव जैकेट उपलब्ध कराए जाएंगे। परिवहन आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।*

### चालान पीओएस मशीन से

*नए निर्देशानुसार जांच के दौरान परिवहन चेक प्वाइंट और संभागीय परिवहन सुरक्षा स्क्वाड के पास प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन की उपलब्धता अनिवार्य की गई है। इन मशीनों के माध्यम से ही वाहनों के चालान बनाने होंगे। नकद का लेन-देन पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। जहां मशीन उपलब्ध नहीं है, वहां प्राथमिकता से मशीन उपलब्ध कराई जाएगी।*

विवाद से विश्वास स्कीम करेगी मदद

# इनकम टैक्स की पुरानी देनदारी जुर्माने से मिल जाएगी निजात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




केंद्र सरकार ने डायरेक्ट टैक्स 'विवाद से विश्वास योजना 2024' के तहत टैक्स विवादों को सुलझाने के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 30 अप्रैल 2025 तय की है। वित्त मंत्रालय ने 8 अप्रैल 2025 को जारी एक अधिसूचना में इसकी जानकारी दी थी। इसमें कहा गया कि इस योजना का मकसद आयकर से जुड़े पुराने विवादों को बिना कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाए सुलझाना है, ताकि टैक्सपेयर्स को राहत मिले और सरकार को भी राजस्व प्राप्त हो। यह योजना 2020 में शुरू हुई पहली विवाद से विश्वास योजना की सफलता के बाद दोबारा लाई गई है, जिसमें 1,46,701 विवाद सुलझाए गए थे। हालांकि, एक्सपर्ट्स का कहना है कि इस बार योजना को पहले जैसी प्रतिक्रिया नहीं मिली है, जिसके कई कारण हो सकते हैं।

इस योजना के तहत टैक्सपेयर्स को विवादित टैक्स की राशि और उस पर एक निश्चित प्रतिशत अतिरिक्त राशि चुकानी होगी। इसके बदले में आयकर विभाग ब्याज, जुर्माना और अन्य दंडों को माफ कर देगा, जिससे विवाद हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा। आइए, इस योजना के बारे में विस्तार से समझते हैं कि यह क्या है, इसके लिए कौन आवेदन कर सकता है, और टैक्सपेयर्स को क्या करना होगा। डायरेक्ट टैक्स विवाद से विश्वास स्कीम 2024 की घोषणा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जुलाई 2024 में केंद्रीय बजट के दौरान की थी। यह स्कीम 1 अक्टूबर 2024 से लागू हुई। इसका मुख्य उद्देश्य आयकर से जुड़े लंबित मामलों को खत्म करना है, जो कई सालों से कोर्ट और अपील प्रक्रिया में अटके हैं। इस स्कीम के जरिए टैक्सपेयर्स विवादित टैक्स की राशि और उसका एक निश्चित हिस्सा चुकाकर ब्याज और जुर्माने से पूरी तरह छूट पा सकते हैं। सरकार ने कहा कि इस स्कीम को विवाद से विश्वास इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह सरकार और टैक्सपेयर्स के बीच भरोसा बढ़ाने का काम करती है। इससे न केवल टैक्सपेयर्स को राहत मिलेगी, बल्कि कोर्ट और आयकर विभाग पर लंबित मामलों का बोझ भी कम होगा। इस स्कीम को "विवाद से विश्वास 2.0" के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि यह 2020 में शुरू हुई पहली स्कीम का बेहतर और नया संस्करण है। इसके अलावा, यह स्कीम सरकार के लिए समय पर राजस्व जुटाने का भी एक तरीका है। इस स्कीम के जरिए सरकार 2.7 करोड़ टैक्स विवादों को सुलझाने की उम्मीद कर रही है, जिनकी कुल कीमत करीब 35 लाख करोड़ रुपये है। यह स्कीम छोटे-बड़े सभी टैक्सपेयर्स के लिए खुली है, जो अपने टैक्स विवादों को जल्दी और आसानी से खत्म करना चाहते हैं।

## स्पैम के खिलाफ एयरटेल की लड़ाई जारी

**जबलपुर।** हाल ही में अपनी एआई आधारित स्पैम डिटेक्शन टूल की शुरुआत के बाद एयरटेल ने आज दो महत्वपूर्ण नई सुविधाओं की घोषणा की है, जो स्पैमर्स से एक कदम आगे रहने के उद्देश्य से शुरू की गई है। एयरटेल की इस प्रणाली ने अब तक 27.5 अरब से अधिक कॉलों को स्पैम के रूप में पहचानकर उपभोक्ताओं को अलर्ट किया है। एयरटेल का एआई आधारित टूल अब अंतरराष्ट्रीय नेटवर्कों से आने वाली सभी स्पैम कॉलों और संदेशों की पहचान कर उपभोक्ताओं को अलर्ट करेगा। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, सिद्धार्थ शर्मा, निदेशक मार्केटिंग एवं सी ई ओ – कनेक्टेड होम्स, भारती एयरटेल ने कहा:"हम जो कुछ भी करते हैं, उसमें ग्राहक और उनकी प्रतिक्रिया केंद्र में होती है।

## एसर ब्रांड के दो स्मोर्टफोन लॉन्च



**जबलपुर।** इंडकल टेक्नोलॉजीज ने भारत में एसर इंक. के साथ ट्रेडमार्क लाइसेंसिंग समझौते के तहत एसर ब्रांड के दो स्मार्टफोन लॉन्च किए हैं। कंपनी ने एक वर्चुअल इवेंट के जरिए सुपर जेडएक्स सीरीज के दो शानदार मॉडल पेश किए हैं। ये फोन प्रीमियम डिज़ाइन और आधुनिक फीचर्स के साथ आते हैं। इंडकल टेक्नोचलॉजीज के सीईओ आनंद दुबे ने कहा, यह हमारी कंपनी के लिए ऐतिहासिक दिन है। इस लॉन्च के साथ हम सबसे बड़े कंज्यूमर प्रोडक्ट के क्षेत्र में कदम रख रहे हैं।

# लखपति हुआ सोना, खरीदार मायूस, निवेशक खुश, 19 साल में 10 गुना बढ़ा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

नथिया झुमका नेकलेस सब हुआ सपना
खुदरा बिक्री प्रभावित



24 कैरेट सोने ने रिकॉर्ड तोड़ते हुए 1 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम का आंकड़ा पार कर लिया। महज 24 घंटे में दामों में 2000 रुपए की उछाल दर्ज की गई है। सोने भाव में ऐतिहासिक बढ़ोतरी होने के बाद खरीदार जो नथिया, झुमका, नेकलेस, चुड़ी आदि खरीदने की मंशा रखे हुए थे इस उछाल के बाद वे मायूस हो गए। तो वहीं ऐसे ग्राहक जिन्होंने चार, छह महीने या सालभर पहले सोना खरीदा या फिर ऐसे निवेशक जिन्होंने ने अपनी पूंजी सोने में लगाई वे बेहद खुश है क्योंकि कोई लखपति बना तो करोड़पति बन गया। ऐसे उपभोक्ता और निवेशकों को सालभर में 35 फीसदी का रिटर्न मिला।

मगर सराफा व्यापारियों का दर्द यह है कि ऊंचे भाव पर ग्राहकी नदारद हो गई है।व्यापारियों की मानें तो उपभोक्ता मांग और खरीदारी में करीब 60 से 70 फीसदी की कमी आई है। स्थानीय सराफा बाजार में मंगलवार को सोना 102150 रुपए प्रति 10 ग्राम के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया। घरेलू फ्यूचर्स मार्केट यानी पर भी सोना 1 लाख के स्तर के बेहद करीब है। सोना को 10 हजार से 1 लाख तक पहुंचने में 19 साल लगे हैं। एमसीएक्स पर 5 मई 2006 को इसने पहली बार 10 हजार के स्तर को छुआ था। उधर ग्लोबल मार्केट में सोने ने रिकॉर्ड 3,500 डॉलर प्रति औंस के लेवल को फतह कर लिया।

### सोने को अफोर्ड करना मुश्किल हो रहा

सोने की कीमतों में तेजी के कारण आभूषणों की मांग में गिरावट आई है। लोग कीमतों में कटौती की उम्मीद में खरीदारी टाल रहे है। सोने की कीमतों में वृद्धि से खुदरा विक्रेताओं की स्थिति भी प्रभावित हुई है। वे दोबारा स्टॉक करने के लिए अनिच्छुक हैं। दुकानदारों के अनुसार सोने की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की वजह से इन दिनों इसके खरीददारों में काफी कमी आ गई है। सोने को अफोर्ड करना मुश्किल हो रहा है। पिछले साल सोने का दाम में करीब 27 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। लेकिन सोने के भाव ऐतिहासिक स्तर पर पहुंचने से इसकी लेवाली 30 फीसदी पर गिरी है। जबकि वैश्विक तौर पर इसमें 15 फीसदी की कमी आई है। घर-परिवार हो या देश- दुनिया, जब भी आर्थिक संकट गहराया है, तो सोना ही सहारा बना है। फिर बात चाहे 2008 की आर्थिक मंदी की है, कोरोना काल की हो या फिर बड़े राजनीतिक उथल-पुथल का समय हो। जब बाजार से लेकर करेंसी तक धराशायी थे, तो सोने लगातार चमक रहा था। आर्थिक संकट में आरबीआई अपने गोल्ड रिजर्व का इस्तेमाल करके देश की आर्थिक स्थिरता को बनाए रखने की कोशिश करता है। यह सोने का उपयोग करके करेंसी की आपूर्ति को नियंत्रित करता है।

## छोटी इलायची में भारी सट्टेबाजी से व्यापारियों को काफी नुकसान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रमुख इलायची उत्पादक राज्य केरल में इस सुगंधित मसाले का उत्पादन 2024-25 के सीजन में कमजोर रहा और इसके नए माल की आवक भी देर से शुरू हुई।

दिलचस्प तथ्य यह है कि छोटी (हरी) इलायची के वायदा कारोबार पर केरल के उत्पादकों, व्यापारियों का नहीं बल्कि मध्य प्रदेश के सिंडीकेट द्वारा कब्जा कर लिए जाने की सूचना मिल रही है। जानकारी के अनुसार सट्टे की तर्ज पर सिंडीकेट द्वारा आगामी तिथियों के लिए होने वाले अनुबंध फ्यूचर कांट्रैक्ट का गहरा जाल बनाया गया है जिसमें दिल्ली, मुंबई एवं जयपुर जैसे प्रमुख खपत केंद्रो के साथ-साथ स्वयं मध्यप्रदेशके भी असंख्य कारोबारी बूरी तरह उलझ गए। समझा जाता है कि इस गहरी साजिश के तहत वास्तविक सौदा तो नहीं हुआ मगर डायरियों एवं पर्चियों में कारोबार सौदा के माध्यम से करोडों रुपए का लेन-देन दिखाया गया। इसके बाद इलायची और डोडा (एक अन्य मसाला) की कीमतों को घटा दिया गया, जिससे उन व्यापारियों को भारी नुकसान हो गया जो पहले ऊंचे दाम पर इसका अनुबंध कर चुके थे।

कारोबारी इस मायाजाल में बुरी तरह फंस गए हैं क्योंकि इलायची की कीमतों में गिरावट आने से खरीदारों ने सौदा उठाने और उसके मूल्य का भुगतान करने से इंकार कर दिया। व्यापारियों के करोड़ों रुपए फंस गए हैं। सट्टेबाजों के दबाव बढ़ाने से व्यापारियों में दहशत का माहौल है। समझा जाता है कि मामले में उसी तरह फंसे शिवपुरी के एक व्यापारी ने आत्महत्या कर ली और जयपुर तथा ग्वालियर के व्यापारियों ने पुलिस से सट्टेबाजी के खिलाफ शिकायत की।

## एचडीएफसी बैंक ने 22 राज्यों में 61,500 से अधिक सौर स्ट्रीट लाइट्स स्थापित की

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक अपने प्रमुख सीएसआर पहल, परिवर्तन के तहत एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर घोषित करके सतत प्रगति के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। बैंक 2025 तक अभिनव सौर-संचालित बुनियादी ढांचे, जागरूकता और स्थानीय भागीदारी के माध्यम से भारत भर में 1,000 से अधिक गांवों को स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों तक पहुंच प्रदान कर ग्रामीण और अर्ध-शहरी समुदायों को सशक्त बनाना। नवीकरणीय ऊर्जा में बैंक का काम इस साल के पृथ्वी दिवस की थीम, हमारी शक्ति, हमारा ग्रह के अनुरूप है, जो स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने के वैश्विक त्वरण का आह्वान करता है।\ प्राकृतिक संसाधन



सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नही होगी।

इस्पात उत्पादों के आयात पर 12 प्रतिशत रक्षोपाय शुल्क लगाने का फैसला

# भारत ने स्टील के आयात पर लगाया 12 फीसदी अस्थायी टैरिफ, 200 दिनों तक रहेगा लागू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने बेलगाम आयात को रोकने के लिए कुछ इस्पात उत्पादों पर 12 फीसदी अस्थायी टैरिफ लगाया है। इस टैरिफ को स्थानीय रूप से सुरक्षा शुल्क के रूप में जाना जाता है। सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी।

इस फैसले पर केंद्रीय इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने कहा कि कुछ इस्पात उत्पादों के आयात पर 12 प्रतिशत रक्षोपाय शुल्क लगाने के सरकार के फैसले से घरेलू उत्पादकों, मुख्य रूप से एसएमई को राहत मिलेगी, जिन्हें बढ़ते आयात के कारण भारी दबाव का सामना करना पड़ रहा है। दुनिया में कच्चे स्टील के दूसरे सबसे



बड़े उत्पादक भारत ने कहा कि सोमवार से प्रभावी यह टैरिफ 200 दिनों के लिए लगाया गया है। वित्त मंत्रालय ने कहा, इस अधिसूचना के तहत लगाया गया सुरक्षा शुल्क इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो सौ दिनों की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा।

### घरेलू उत्पादकों को मिलेगी राहत

*केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि इस कदम से घरेलू उत्पादकों, खासकर छोटे और मध्यम स्तर के उद्यमों को राहत मिलेगी, जिन्हें बढ़ते आयात से भारी दबाव का सामना करना पड़ रहा है। रक्षोपाय शुल्क बाजार में स्थिरता बहाल करने और घरेलू उद्योग के विश्वास को मजबूत करने में मदद करेगा। इस्पात मंत्रालय के बयान के अनुसार मंत्री ने कहा कि यह उपाय घरेलू इस्पात विनिर्माताओं को आयात बढ़ने के प्रतिकूल प्रभाव से बचाने और बाजार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए समय पर उठाया गया आवश्यक कदम है।*

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।


**धनु** आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार–चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

## शब्द पहेली - 5845



**बाएँ से दाए**
1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी-2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा -2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा-2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

**शब्द पहेली - 5844 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5855

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5854 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |



# 'रेट्रो' का हिंदी में ट्रेलर जारी उत्तर के दर्शकों को रिझाएंगे

**मुंबई।** साउथ के सुपर स्टार सूर्या की फिल्म 'रेट्रो' का ट्रेलर तीन दिन पहले जारी किया जा चुका है। अब इस फिल्म का ट्रेलर हिंदी में जारी किया गया है। इसका मतलब यह है कि फिल्म हिंदी में भी रिलीज होगी। ऐसें में उत्तर भारत के दर्शक भी फिल्म का आनंद उठा सकेंगे। 'रेट्रो' एक मई को रिलीज होने वाली है। 'रेट्रो' के ट्रेलर में सूर्या जबरदस्त एक्शन में हैं। वह दुश्मनों के छक्के छुड़ा रहे हैं। सूर्या कभी लाठी तो कभी चाकू चलाते हैं। वह खास अंदाज में घुमाकर मुक्का मारते हैं जो उनके फैंस को खूब पसंद आने वाला है। ट्रेलर में पूजा हेगड़े को भी दिखाया गया है। वह पूजा हेगड़े के साथ इमोशनल होते हैं।

## लाइफ Style

# अनन्या

## भाई अहान के बॉलीवुड डेब्यू पर जताई खुशी

अभिनेता चंकी पांडे के परिवार से अब एक और सितारा बॉलीवुड में एंट्री करने जा रहा है। अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं। आज उनकी पहली फिल्म की घोषणा हो गई है। इस पर अनन्या ने भाई के लिए चीयर किया है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

यशराज फिल्म्स ने आज एक नई फिल्म की घोषणा कर दी है। फिल्म का नाम 'सैयारा' है। इस फिल्म में अहान पांडे मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। अहान पांडे बॉलीवुड में एंट्री करने वाला नया चेहरा है। साथ ही वो एक फिल्मी घराने से भी ताल्लुक रखते हैं। अहान पांडे अनन्या पांडे के चचेरे भाई हैं। अब अपने भाई की बॉलीवुड में एंट्री से बहन अनन्या पांडे काफी उत्साहित हैं। उन्होंने अपने भाई के लिए चीयर किया है और बॉलीवुड में उनका स्वागत किया है। अनन्या पांडे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने चचेरे भाई की डेब्यू फिल्म के बारे में यशराज फिल्म्स द्वारा की गई आधिकारिक घोषणा वाली पोस्ट को साझा किया। उसी के बारे में खुशी जताते हुए अनन्या ने लिखा, "फिल्मों में तुम्हारा स्वागत है मेरे भाई। इसके साथ ही अनन्या ने अपनी स्टोरी में एक लाल दिल, हाथ जोड़कर और नजर ताबीज जैसे इमोजी का इस्तेमाल किया है। अपनी स्टोरी में अनन्या ने अपने भाई अहान पांडे को टैग भी किया है। अनन्या के अलावा अहान की बहन और मां ने भी उनके फिल्मी डेब्यू पर खुशी जताई है। यशराज फिल्म्स ने आज ही अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर कर अहान पांडे की डेब्यू फिल्म की घोषणा की है।



## हॉलीवुड मसाला




# व्हूपी ने बताया पोप को करीबी

**लॉस एंजिल्स।** कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के निधन के बाद उनके चाहने वाले शोक में हैं और उनको अपनी-अपनी तरह से याद कर रहे हैं। आम लोगों से लेकर तमाम सेलिब्रिटीज तक पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। इसी क्रम में सिने जगत के भी तमाम सितारों ने पोप को याद किया है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। इसमें लियोनार्डो डिकैप्रियो से लेकर रसेल क्रो और सिल्वेस्टर स्टेलोन समेत कई नाम शामिल हैं। कॉमेडियन व्हूपी गोल्डबर्ग ने पोप फ्रांसिस को याद करते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भावुक नोट लिखा है।



# एम्बर को बचपन से रहा अभिनय का शौक...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की चमक-दमक में अपनी जगह बनाने वाली एम्बर हर्ड एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने अपने अभिनय और निजी जीवन दोनों से सुर्खियां बटोरी हैं। उनकी जिंदगी की कहानी एक साधारण शुरुआत से लेकर वैश्विक मंच तक की यात्रा है, जिसमें प्रेम, शादी और तलाक जैसे उतार-चढ़ाव भी शामिल हैं। एम्बर लॉरा हर्ड का जन्म 22 अप्रैल 1986 को अमेरिका के टेक्सास राज्य के ऑस्टिन शहर में हुआ था। उनके पिता डेविड क्लिंटन हर्ड एक ठेकेदार थे, जबकि मां पेट्रीसिया पेज हर्ड इंटरनेट रिसर्चर के तौर पर काम करती थीं। एम्बर की दो बहनें हैं। उनका बचपन टेक्सास के खुले-खुले माहौल में बीता। बचपन से ही वह स्वतंत्र विचारों वाली थीं। बहुत कम उम्र में ही अभिनय के प्रति उनका रुझान नजर आने लगा था।




# करण लेकर आ रहे नागों वाली पिक्चर

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक करण जौहर अब धर्मा प्रोडक्शन की अबतक की फिल्मों से अलग हटकर एक नई तरह की फिल्म लेकर आ रहे हैं। इच्छाधारी नाग की कहानी पर आधारित उनकी नई फिल्म है 'नागजिला'। करण ने मंगलवार को इस फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की घोषणा कर दी है और इसकी रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन इच्छाधारी नाग की भूमिका में दिखाई देंगे। करण ने जो पोस्टर जारी किया है उसमें नीली जींस पहने शर्टलेस कार्तिक आर्यन दूसरी तरफ मुंह करके खड़े हैं। वो सांपों से भरे घर से शहर को देखते हुए नजर आ रहे हैं। उनके आस-पास सिर्फ सांप ही सांप हैं और उनके ऊपर भी सांप लिपट रहे हैं। इस वीडियो पोस्टर में कार्तिक आर्यन की आवाज में वॉइस ओवर है।



# 'डॉन-3' में चाहिए अनुभवी अभिनेत्री

**मुंबई।** फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली फिल्म 'डॉन 3' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस बार डॉन की प्रमुख भूमिका में शाहरुख खान की जगह रणवीर सिंह को कास्ट किया गया है। फिल्म की फीमेल लीड को लेकर अब तक कुछ तय नहीं हो पा रहा है। घोषणा के समय कियारा आडवाणी फिल्म की हीरोइन घोषित हुई थीं। हालांकि, प्रेग्नेंसी के चलते उनके फिल्म से हटने के बाद अब तक किसी नई एक्ट्रेस के नाम पर मोहर नहीं लग पाई है। ताजा रिपोर्ट के मुताबकि, फरहान अख्तर और उनकी टीम अपनी फिल्म के लिए एक अनुभवी अभिनेत्री को कास्ट करना चाहती है। जिसकी स्क्रीन पर मौजूदगी अच्छी हो और किरदार की गंभीरता को समझ सके। इसीलिए शायद शरवरी की जगह अब कृति सेनन को अप्रोच किया जा रहा है।

## टीवी मसाला

# लाल साड़ी में दिखीं निया

## कहा- आप लोग ही तलाश दो दूल्हा

**नई दिल्ली।** इन दिनों टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा शो 'लाफ्टर शेफ' में नजर आ रही हैं। हाल ही में शो का एक स्पेशल एपिसोड में शूट हुआ, जिसमें



निया लाल साड़ी पहने नजर आईं। शो से पहले निया की मुलाकात पैपराजी से भी हुई। निया को लाल साड़ी में देख पैपराजी ने पूछ लिया, 'शादी कब कर रही हैं?' वह पहले मुस्कुराईं, इसके बाद बोलीं, 'आप लोग ही तलाश दो दूल्हा?।' इस पर पैपराजी ने कहा कि वो तो यहीं पर है? दरअसल, पैपराजी में से कुछ लोग अपनी बात कर रहे थे। इस पर निया शर्मा ने हंसकर बात को टाल दिया।' शो 'लाफ्टर शेफ'में निया शर्मा अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। इस शो में प्रतियोगियों को कोई स्पेशल डिश, रेसिपी बनाती होती हैं, साथ ही शो में खूब कॉमेडी भी होती है। निया को कुकिंग तो नहीं आती लेकिन वह अपनी बेबाकी से दर्शकों का दिल जरूर जीत रही हैं। इस शो को भारती सिंह होस्ट करती हैं। निया शर्मा के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो वह 'नागिन' सीरीज का हिस्सा रह चुकी हैं। 'एक हजारों में मेरी बहना है' जैसा पॉपुलर टीवी शो कर चुकी हैं। कई रियालिटी शो का भी निया शर्मा हिस्सा रही हैं। वह 'खतरों के खिलाड़ी' जैसे शो में भी नजर आ चुकी हैं।

# अभिनव ने असीम के आक्रामक व्यवहार पर साधा निशाना...

**नई दिल्ली।** अभिनव शुक्ला और असीम रियाज के बीच का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। असीम ने सोशल मीडिया पर अभिनव पर सहानुभूति मांगने का आरोप लगाया था, जिसके जवाब में अभिनव ने सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। अभिनव ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक लंबा नोट लिखा, जिसमें उन्होंने असीम के आक्रामक व्यवहार और रियलिटी शो में उनके रवैये पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा, 'वह



मुझे अच्छी तरह जानता है, लेकिन उसने गलती की। मैं चुप रहता हूं और खड़ा रहता हूं। कोई रियलिटी शो मुझे आक्रामक या अपमानजनक नहीं बना सकता। किरदार कंटेंट से ज्यादा मायने रखता हैं। अगर धक्का-मुक्की और सेट का सामान तोड़ना ही उपलब्धि है, तो मैं प्रभावित नहीं हूं। एमएमए ट्राई करो, देश के लिए खेलो। शांत रहो!' अभिनव ने रविवार को बताया कि उन्हें सोशल मीडिया पर एक यूजर से जान से मारने की धमकी मिली, जिसने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया।

# 50 के दशक में पिता ने अभिनय के लिए किया प्रेरित, आज पोती भी करती है फिल्मों में एक्टिंग

*नई दिल्ली। 50 के दशक में अभिनेत्री उषा किरण ने अभिनय का सफर शुरू किया। लगभग 50 से अधिक हिंदी और मराठी फिल्मों में एक्टिंग की। चार दशक तक वह सिनेमा की दुनिया में सक्रिय रहीं। मंगलवार को अभिनेत्री उषा किरण का जन्मदिन ( 22 अप्रैल 1929) था। इस मौके पर जानिए, उषा किरण के फिल्म कॅरियर, निजी जिंदगी से जुड़ी कुछ खास बातें। उषा किरण का जन्म एक मराठी परिवार हुआ। पिता बालकृष्ण मराठे हमेशा से उषा के लिए एक मार्गदर्शक की भूमिका में रहे। उषा पांच बहनों में दूसरे नंबर पर आती थीं। उषा ने थिएटर से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, इस काम के लिए पिता से उन्हें बहुत प्रोत्साहन मिला। जानिए, कैसे शुरू हुआ उषा किरण का फिल्मी दुनिया में आने का सफर? किन फिल्मों और अभिनेता के साथ अभिनय किया? साथ ही आज उषा किरण के परिवार के कौन से सदस्य एक्टिंग की दुनिया में सक्रिय हैं, विस्तार से जानिए।*

### इस तरह शुरू हुआ फिल्मों का सफर

उषा किरण के पिता चाहते थे कि बेटी फिल्मों में काम करे। अभिनेत्री के पिता ने एक फिल्म भी बनाई, जिसमें बेटी को अभिनय का मौका दिया। फिल्म फ्लॉप रही लेकिन उषा को एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने का मौका मिल गया। उषा ने अपने सरनेम मराठे की जगह किरण शब्द का इस्तेमाल किया। इस तरह वह उषा किरण बनकर हिंदी फिल्मों में पहुंचीं। अभिनेत्री ने इसके बाद लगभग 50 से ज्यादा हिंदी और मराठी फिल्में कीं। 'कल्पना' बॉलीवुड में उनकी पहली फिल्म थी।



### नामी कलाकारों संग किया अभिनय

उषा किरण ने अधिक फिल्में अपने करियर में भले ही ना की हों लेकिन उन्हें नामी अभिनेताओं के साथ अभिनय करने का मौका मिला। उषा ने दिलीप कुमार, देव आनंद, किशोर कुमार, राज कपूर, अशोक कुमार, राजेंद्र कुमार, राजेश खन्ना, धर्मेंद्र और अमिताभ बच्चन जैसे अभिनेताओं के साथ बड़े पर्दे पर अभिनय किया था। वह नजराना, दाग, बंधन, काबुलीवाला, पतिता, मिली, बावर्ची और चुपके-चुपके जैसी चर्चित फिल्मों का भी हिस्सा बनीं।

### परिवार ने बढ़ाया अभिनय की विरासत को आगे

उषा किरण का खुद किसी फिल्मी परिवार से वास्ता ना रहा हो लेकिन आगे चलकर उनके परिवार के कई सदस्य फिल्मों से जुड़े। उषा ने डॉ. मनोहर खेर से शादी की, इनके दो बच्चे हुए अद्वैत्य और तन्वी। बेटे ने मॉडलिंग को अपना करियर बना लिया। अद्वैत्य ने उत्तरा से शादी की, इनकी दो बेटियां हुईं संस्कृति खेर, सैयामी खेर। सैयामी इन दिनों बॉलीवुड फिल्मों में अभिनय कर रही हैं, अपनी दादी की विरासत को आगे बढ़ी रही हैं। वहीं उषा किरण की बेटी तन्वी ने कोरियोग्राफर बाबा आजमी से शादी की, वह अब तन्वी आजमी के नाम से जानी जाती हैं और फिल्मों में, टीवी में एक्टिंग करती हैं। तन्वी के पति बाबा आजमी, शबाना आजमी के भाई लगते हैं। इस तरह से उषा किरण और शबाना आजमी भी रिश्तेदार हो जाते हैं।

# 'आमा-बुबू' की अमेरिका में धूम बेस्ट एक्टर के लिए नामांकन...

**मुंबई।** 'न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स' के 25वें संस्करण को लेकर एक दिलचस्प खबर सामने आई है। इस फेस्टिवल में उत्तराखंड के 80 साल के पदम सिंह कापड़ी और 70 साल की हीरा देवी को फिल्म 'पायर' में अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए नामांकित किया गया है। हैरत की बात यह है कि इन दोनों ने इससे पहले किसी भी फिल्म में अभिनय नहीं किया। इस फिल्म का निर्देशन फिल्म निर्माता विनोद कापड़ी ने किया है। 'पायर' फिल्म के लिए विनोद कापड़ी ने पदम सिंह को लिया था। वह भारतीय सेना के रिटायर सिपाही हैं। इसके अलावा हीरा देवी को लिया था जो कि एक किसान हैं। दोनों में से किसी ने भी पहले कभी अभिनय नहीं किया था। दोनों का ताल्लुक उत्तराखंड के जिला पिथौरागढ़ की तहसील बेरीनाग से है।



पदम सिंह इन दिनों कैंसर की बीमारी से जूझ रहे हैं। सिनेमा में और भारत के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि 80 साल का आदमी जिसने कभी अभिनय नहीं किया वह इस अवॉर्ड के लिए नामांकित हुआ है। फिल्म 'पायर' को दुनिय भर में सराहा जा रहा है। फिल्म का विश्व प्रीमियर '28वें टैलिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल' में हुआ था। फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म दर्शक का पुरस्कार दिया गया था। फिल्म को '16वें बेंगलुरू अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव' में जूरी पुरस्कार मिला है। हाल ही में 24वें इमेजिन इंडिया अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक सहित छह नामांकन मिले।

## 'ग्राउंड जीरो' में आतंकवाद और बीएसएफ के ऑपरेशन की दिखाई जाएगी कहानी

# आतंकवाद से लेकर रोमांस तक, इन फिल्मों में दिखा कश्मीर का अलग-अलग रंग

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की फिल्मों के लिए कश्मीर हमेशा एक मजबूत विषय व आधार रहा है। कई फिल्मों में कश्मीर के अलग-अलग रंग दिखाए गए हैं। कभी वहां फैले आतंकवाद को दिखाया गया है, तो कभी कश्मीर में हीरो-हिरोइन ने रोमांस फरमाया है। इमरान हाशमी की आगामी फिल्म 'ग्राउंड जीरो' का हाल ही में ट्रेलर जारी किया गया। कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में आतंकवाद और बीएसएफ के ऑपरेशन की कहानी दिखाई जाएगी। एक्सल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित ये फिल्म 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के जरिए एक बार फिर कश्मीर को दिखाया जाएगा। फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। 'ग्राउंड जीरो'से पहले भी बॉलीवुड की कई फिल्मों में कश्मीर को दिखाया गया है और फिल्मों की कहानी कश्मीर पर केंद्रित रही है। जानते हैं कुछ ऐसी ही फिल्मों के बारे में।*

**द कश्मीर फाइल्स :** 2022 में आई विवेक अग्निहोत्री की 'द कश्मीर फाइल्स'



1990 में कश्मीर घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन की वास्तविक घटनाओं पर आधारित है। इस फिल्म में कश्मीरी पंडितों के पलायन और उस दौर में उनके ऊपर हुए अत्याचार की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।


**आर्टिकल 370 :** यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के हटाए जाने के बारे में है। इस फिल्म में सरकार ने कैसे इतना बड़ा फैसला लिया और कैसे इसकी प्लानिंग की, इसकी कहानी को दिखाया गया है।




**मिशन कश्मीर :** ऋतिक रोशन, संजय दत्त और जैकी श्रॉफ स्टारर 'मिशन कश्मीर' उस वक्त कश्मीर में फैले आतंकवाद की कहानी को दर्शाती है। फिल्म में अल्ताफ नाम के लड़के की कहानी दिखाई गई है। जिसे एक पुलिस प्रमुख उसके परिवार के मार दिए जाने के बाद गोद ले लेता है। फिल्म में ऋतिक रोशन ने एक आतंकवादी की भूमिका निभाई है। इस फिल्म का निर्देशन विधु विनोद चोपड़ा ने किया है।



**शिकारा :** 2020 में आई विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 'शिकारा' भी कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है। फिल्म में एक युवा जोड़े की कहानी को दिखाया गया है, जिनकी नई-नई शादी हुई है। वो कश्मीर में सांप्रदायिक माहौल बिगड़ने के बाद कैसे वहां से पलायन करते हैं और फिर खुद के सेटल होने में संघर्ष करते हैं।



**फितूर :** आदित्य रॉय कपूर, कटरीना कैफ और तब्बू की फिल्म 'फितूर' की कहानी कश्मीर पर ही आधारित है। इस फिल्म में कश्मीर की खूबसूरती को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म के कुछ-कुछ दृष्यों में बर्फ से लदी कश्मीर की घाटियां आपका मन मोह लेंगी। फिल्म में कश्मीर के लड़के-लड़की की लव स्टोरी दिखाई गई है।



**कश्मीर की कली :** शम्मी कपूर-शर्मिला टैगोर की फिल्म 'कश्मीर की कली' में कश्मीर की खूबसूरती को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म में दिखाया गया है कि एक लड़का शादी से बचने के लिए कश्मीर भाग जाता है, जहां उसकी मुलाकात एक कश्मीरी लड़की से होती है। धीरे-धीरे उसे उससे प्यार हो जाता है। इसके बाद क्या कुछ होता है, ये फिल्म में दिखाया गया है। फिल्म के गाने और कहानी काफी पसंद की गई थी।



हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में मैच शाम 7.30 बजे से

# सनराइजर्स और मुंबई इंडियंस में भिड़ंत आज

# कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सकी हैं दोनों टीमें

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 41वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना मुंबई इंडियंस से आज बुधवार 23 अप्रैल को हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में होगा। अंकतालिका में फिलहाल छठे पायदान पर मौजूद एमआई ने अब तक 4 मैच जीते हैं और इतने में ही हार झेली है, जबकि नौवें स्थान पर मौजूद एसआरएच ने सिर्फ 2 मुकाबले जीते हैं और 5 में हार का सामना किया है।

## गेंदबाजों की मददगार नहीं हैदराबाद की पिच

राजीव गांधी स्टेडियम की पिच पर गेंदबाजों को ज्यादा मदद नहीं मिलती है। हालांकि, तेज गेंदबाजों की तुलना में स्पिन गेंदबाज असरदार साबित होते हैं। ऐसे में तेज गेंदबाजों को विकेट चटकाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। एक बार बल्लेबाजों की नजरें जम जाती है तो आसानी से बड़े-बड़े शॉट लगते हैं। हाउस्टेट के मुताबिक, इस मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 163 रन है।

## कैसा रहेगा हैदराबाद में मौसम?

एक्यूवेदर के मुताबिक, 23 अप्रैल को हैदराबाद में तेज गर्मी रहने वाली है। दिन का अधिकतम तापमान 39 डिग्री तक जा सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री तक रहने की उम्मीद है। बुधवार को हैदराबाद में बारिश की संभावना नहीं है।



## स्टेडियम से जुड़े कुछ आंकड़े

यह मैदान आईपीएल के 81 मैचों की मेजबानी कर चुका है। इनमें से 35 मैच पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीते हैं, जबकि बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 46 मैच जीते हैं। यहां उच्चतम स्कोर का रिकॉर्ड एसआरएच (286/6 बनाम आरआर, 2025) के नाम दर्ज है। यहां न्यूनतम स्कोर का रिकॉर्ड दिल्ली कैपिटल्स (80 बनाम एसआरएच 2013) के नाम है। इस मैदान पर सर्वोच्च व्यक्तिगत पारी डेविड वार्नर (126 बनाम केकेआर, 2017) ने खेली है।

## आपसी भिड़ंत में एमआई रही हमेशा भारी



अब तक दोनों टीमों की भिड़ंत में एमआई का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमें 24 मैचों में आमने-सामने हुई हैं, जिसमें से 14 मुकाबले एमआई ने अपने नाम किए हैं। वहीं, एसआरएच ने 10 मैच जीते हैं। आईपीएल 2025 की पहली भिड़ंत में एमआई ने एसआरएच को 4 विकेट से हराया था। उस मैच में कप्तान पैट कमिंस ने 3 विकेट लेते हुए अच्छी गेंदबाजी की थी, लेकिन जीत नहीं दिला सके थे।

खास खबर

# पूरन के छक्के से फूटा फैन का सिर बल्लेबाज ने साइन कर जर्सी की भेंट



**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज निकोलस पूरन ने अपने एक नेक काम से फैंस का दिल जीत लिया। गुजरात टाइटंस के खिलाफ इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच में पूरन के एक तूफानी छक्के ने स्टैंड्स में बैठे एक फैन के सिर पर चोट पहुंचा दी थी। इसके बावजूद पूरन ने जो किया, उसने हर किसी को उनका मुरीद बना दिया। मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले पूरन ने उस फैन से मुलाकात की और उनका हाल-चाल पूछा।

**छक्के से लगी थी फैन को चोट**

गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में निकोलस पूरन ने 34 गेंदों में 61 रनों की विस्फोटक पारी खेली थी, जिसमें 7 छक्के शामिल थे, लेकिन उनकी पारी का एक छक्का स्टैंड्स में बैठे एक फैन के सिर पर जा लगा। चोट गंभीर थी और फैन के सिर पर पट्टी बांधनी पड़ी। फिर भी उस फैन का जज्बा कम नहीं हुआ और वह मैच देखने के लिए स्टेडियम में ही रुका रहा। लखनऊ सुपर जायंट्स ने उस मैच में जीत हासिल की, जिससे फैन की खुशी दोगुनी हो गई।

### पूरन का दिल छू लेने वाला कदम

मैच के बाद एलएसजी ने वीडियो शेयर किया, जिसमें पूरन ने फैन से पूछा, सब ठीक है? फैन ने उत्साह से जवाब दिया, बढ़िया! पूरन सर ने मुझे बुलवाया। मैं आया, उनसे मिला। उन्होंने पूछा, सब ठीक है? मैं कल फिर मैच देखने आ रहा हूं। चाहे छक्का लगे, सिर फूटे, कोई दिक्कत नहीं। बस हमारी लखनऊ की टीम जीतती रहे। उस दिन हमारी टीम जीती, मुझे बहुत खुशी हुई। हमारी टीम ट्रॉफी का सपना पूरा करे।

# 100वें टूर-स्तरीय खिताब पाने मैड्रिड ओपन में खेलेंगे जोकोविच



**मैड्रिड।** पूर्व चैंपियन नोवाक जोकोविच अपना 100वां टूर-स्तरीय खिताब हासिल करने की उम्मीद में तीन साल में पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलेंगे। जोकोविच को टूर्नामेंट में चौथी वरीयता दी गई है। उन्हें ड्रॉ के उसी आधे भाग में रखा गया है जिसमें स्थानीय खिलाड़ी और पिछले दो क्लेकोर्ट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले कार्लोस अल्कराज भी हैं। मैड्रिड में तीन बार के चैंपियन 37 वर्षीय जोकोविच ने 2022 में सेमीफाइनल में अल्कराज से हारने के बाद इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था। जोकोविच ने अपना 99वां खिताब पिछले अगस्त में पेरिस ओलंपिक में जीता था। इसके बाद उन्हें चार टूर्नामेंट के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। इनमें पिछले महीने मियामी ओपन का फाइनल भी शामिल है।

### अभी तक ये खिलाड़ी जीते हैं 100वां खिताब

जोकोविच अगर यहां चैंपियन बनते हैं तो वह टूर स्तर पर 100 खिताब जीतने वाले दुनिया के तीसरे पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे। अभी तक जिमी कॉनर्स (109) और रोजर फेडरर (103) ही यह कारनामा कर पाए हैं। जोकोविच ने 2011, 2016 और 2019 में यहां खिताब जीता था। उन्होंने 2016 के फाइनल में अपने कोच एंडी मरे को हराया था।

## कार्यालय थाना प्रभारी थाना डूण्डासिवनी जिला सिवनी म.प्र.

क्रमांक/था.प्रा./डूण्ड्रासिवनी / 474/2025 दिनांक 17/04/2025

**वाहन नीलामी सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि थाना डूण्डासिवनी जिला सिवनी (1) अपराध क्रमांक 245/17 धारा 4,6,9 गौवंश प्रतिशेध अधिनियम, 7, 10 म.प्र. कृषि उपयोगी संरक्षण अधिनियम, (2) अपराध क्रमांक 245/17 धारा धारा 4,6,9 गौवंश प्रतिशेध अधिनियम, 7, 10 म.प्र. कृषि उपयोगी संरक्षण अधिनियम (3) 73/20 धारा 4,6,9 गौवंश प्रतिशेध अधिनयम, 6ग, 7, 10, 11 म.प्र. पशु कृषक परिरक्षण अधिनियम, 11 पशु के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, 6 म.प्र. कृषि उपयोगी संरक्षण अधिनियम 66/192 मो. व्ही. एक्ट, 279.109 भादवि (4) 154/20 धारा 4,6,9 गौवंश प्रतिशेध अधिनयम, 51 / 177 मो. व्ही. एक्ट, 429,279, 34 भादवि (5) 428/20 धारा 4,6,9 गौवंश प्रतिशेध अधिनयम, 6ग, 7,10,11 म.प्र. पशु कृषक परिरक्षण अधिनियम, 11 पशु के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 66 / 192 मो. व्ही. एक्ट, (6) 551/20 धारा 4,6,9 गौवंश प्रतिशेध अधिनयम, 6ग, 7, 10, 11 म. प्र. पशु कृषक परिरक्षण अधिनियम, 66/192 मो.व्ही.एक्ट, 429,34 भादवि (7) 137/22 धारा 4, 6, 9 गौवंश प्रतिशेध अधिनयम, 6ग, 7, 10, 11 म.प्र. पशु कृषक परिरक्षण अधिनियम, 66/ 192 मो. व्ही. एक्ट, 429,34 भादवि में 7 नग दो पहिया एवं चार पहिया वाहन विभिन्न कंपनियो के क्रमांश 7 नग वाहन नीलाम किया जाना हैं। वाहन का निवर्तमान अनुमोदित ऑफसेट मूल्य के आधार पर किया जावेगा। अधिकतम बोली को विक्रेता घोषित किया जायेगा। निविदा के समय धरोहर राशि तत्ककाल जमा होगी अन्यथा निविदा अमान्य होगा। धरोहर राशि का समायोजन मूल राशि में किया जायेगा। असफल निविदाकारों की धरोहर राशि वापस की जाकर कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। तीन दिन में संम्पूर्ण राशि जमा करनी होगी वरना धरोहर राशि राजसात होगी। निविदा का वाहन का अवलोकन नीलामी के समय कर सकते है बाद में कोई आपत्ति मान्य नही होगी। नीलामी विक्रय उपरान्त पुलिस विभाग का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा, निविदा की अंतिम प्रकिया तक किसी भी बिन्दु पर निर्णय का अंतिम अधिकार निर्णय अधिकारी का होगा। निविदाकार को फोटो युक्त पहचान पत्र स्वप्रमाणित देना होगा प्रत्येक निविदाकार को बोली में भाग लेने के पूर्व नीलामी स्थल पर 500/- रुपए नगद रसीद के रूप में जमा करने होंगे जो किसी भी हालत में वापस योग्य नही होंगे एवं जमानत राशि 50,000/- जमा करानी होगी जो वापसी योग्य होगी या वाहन क्रय करने की दशा में विलोपित किये जायेगे। धरोहर राशि राजकोष में जमा की जावेगी।

| क्र. | वाहन क्रमांक | वाहन प्रकार |
|---|---|---|
| 1 | CG10F2252 | बेगेनार |
| 2 | MH409166 | टाटा सूमो |
| 3 | 3067 | टाटा सूमो |
| 4 | MP22L0455 | आपे आटो |
| 5 | MH36F3716 | महिन्द्रा पिकअप |
| 6 | MP22MG8599 | हीरो CD DELEX |
| 7 | MP22S2164 | एक्टिवा |

उपरोक्त वाहनो की नीलामी दिनांक 25-04-2025 दिन शुक्रवार को समय 12.00 बजे स्थान थाना परिसर डूण्डासिवनी जिला सिवनी में की जावेगी।

"आज दिनांक 17 अप्रैल 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।"

**नीलामी स्थान:- थाना परिसर डूण्डासिवनी जिला सिवनी**
**नीलामी दिनांक:- 25.04.2025 दिन- शुक्रवार**
**समय:-12.00 बजे**
**सम्पर्क मो.नं. 8269052466**

**थाना प्रभारी**
**डूण्डा सिवनी (ग्रामीण)**
**जिला सिवनी (म.प्र.)**

G-11841/25

## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

**/ /चतुर्थ निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Tender ID 2025_UAD_417719_1 Pro- 58 Date- 22/04/2025 | संभाग क्रमांक 02 कछुरा मदनमहल वार्ड अंतर्गत इन्द्रा बस्ती में रंगमंच एवं अन्य आवश्यक कार्य। | 02 माह<br>1.69/- लाख | 1000/-<br>3390/- | 05/05/2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा । पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

**कार्यपालन यंत्री,**
**नगर पालिक निगम जबलपुर**

## कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

क्रमांक /02/वाहन विभाग /2025-26 **निविदा सूचना** कटनी दिनांक :- 08/04/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केंन्दीकृत प्रणाली में पंजीकृत ट्रेवल्स/ ऐजेंट/ अर्थमूर्वस गाड़ी मालिको से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण, शर्तें आदि वेबसाईट http://mptender.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_416666_1 | 02 नग जे.सी.बी. मशीन | 1. 365 दिवस<br>2. रू 26,40,000.00 | 1. रू 5,000.00<br>2. रू 26,500.00 | 15.05.2025 |
| 2 | 2025_UAD_416666_2 | 02 नग ट्रेक्टर ट्राली हाईड्रोलिक | 1. 365 दिवस<br>2. रू 9,26,400.00 | 1. रू 5,000.00<br>2. रू 9,500.00 | 15.05.2025 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**वास्ते- आयुक्त**
**नगरपालिक निगम, कटनी**

## कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

क्रमांक-08/PMAY-AHP / न.पा.नि. 2025 रीवा, दिनांक 22/4/25

**(उन्नीसवाँ) सम्पत्ति अन्तरण जरिये प्रस्थापना बावत सूचना**

नगर पालिक निगम रीवा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ललपा साइट में निर्मित एम.आई.जी फ्लैट / आवासों का सम्पत्ति अन्तरण जो जिस स्थिति में है उसी स्थिति में "प्रथम आओ प्रथम पाओ पद्धति पर प्रस्थापना के तहत् किया जाना है जिसका विवरण निम्न तालिका मे दर्शित है। रुपए 1000.00 का नगद भुगतान कर निर्धारित आवेदन पत्र संलग्न शर्तो / नियमावली के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा नगर पालिक निगम रीवा से कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन पत्रं प्राप्त करने के दिनांक से 03 दिवस के अन्दर संबंधित हितग्राही को भरा हुआ आवेदन पत्र जिसमें निर्धारित पंजीयन राशि MIG Flat के लिए रुपए 51875.00 का डिमान्ड ड्राफ्ट (डी.डी.) के रूप में जो आयुक्त नगर पालिक निगम रीवा के नाम देय हो अथवा नगद राशि के साथ जमा करना होगा। उपरोक्तानुसार आवेदन एवं इसके साथ प्रतिभूति / पंजीयन राशि 03 दिवस की समयावधि में जमा नहीं करने की स्थिति में आवेदित MIG Flat किसी अन्य इच्छुक हितग्राही को दिये जाने की प्रक्रिया की जावेगी जिसके लिए पूर्व आवेदक / हितग्राही की किसी भी प्रकार की आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगा ।

आवासीय इकाई हेतु निर्धारित प्रतिभूति राशि / पंजीयन राशि प्रति आवासीय इकाई आयुक्त नगर पालिक निगम रीवा के नाम बैंक ड्राफ्ट के रूप में अथवा नगद राशि के रूप में कार्यालयीन समय में नगर पालिक निगम रीवा के PAMY CELL में जमा होगी तथा आवेदनकर्ता/हितग्राही को निविदा प्रस्तुत करने के दिनांक से 21 दिन के अन्दर प्रस्थापना राशि की 25 प्रतिशत राशि जमा करना होगा। शेष राशि निविदा स्वीकृत की लिखित सूचना पत्र जारी होने के दिनांक से 120 दिन के अन्दर जमा करना होगा। योजना के अभिन्यास का अवलोकन एवं विस्तृत जानकारी सहायक यंत्री, PMAY कक्ष क्रमांक- 45, प्रधानमंत्री आवास योजना, नगर पालिक निगम रीवा से कार्यालयीन समय पर प्राप्त की जा सकती है ।

| क्र. | फ्लैट क्रमांक | निर्मित क्षेत्रफल | निर्धारित न्यूनतम बिक्री मूल्य प्रति फ्लैट | निर्धारित पंजीयन राशि प्रति इकाई (प्रतिभूति राशि) |
|---|---|---|---|---|
| | MIG FLAT<br>अ. ललपा साइट एम.आई.जी. फ्लैट (द्वितीय तल/तृतीय तल) | | | |
| 1. | 35 | 855.00 वर्गफीट | 18.75 लाख | 51875.00 |
| 2. | 55 | 855.00 वर्गफीट | 19.75 लाख | 51875.00 |

**कार्यपालन यंत्री**
**प्रधानमंत्री आवास योजना**
**नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)**

## न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी सिवनी जिला सिवनी म.प्र.

क्रमांक एस.डी.एम/सिवनी / रीडर/ 1122/2025 **वाहन नीलामी सूचना** दिनांक 17/4/2025

आम जनता को सूचित किया जाता है कि थाना डूंडासिवनी सिवनी के इस्तगासा क्रमांक 04/2023 में 10 नग मोटर सायकल धारा 25 पुलिस एक्ट मे जप्त सुदा दो पहिया वाहन विभिन्न कंपनियो के क्रमांश 10 नग वाहन जर्जर एवं कबाड़ हालत में है, जो काफी समय से कंडम की स्थित में थाना प्रागण में रखे हुये हैं। वाहन का निवर्तमान अनुमोदित ऑफसेट मूल्य के आधार पर किया जावेगा। अधिकतम बोली को विक्रेता घोषित किया जायेगा। निविदा के समय धरोहर राशि तत्ककाल जमा होगी अन्यथा निविदा अमान्य होगा। धरोहर राशि का समायोजन मूल राशि में किया जायेगा। असफल निविदाकारों की धरोहर राशि वापस की जाकर कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। तीन दिन में संम्पूर्ण राशि जमा करनी होगी वरना धरोहर राशि राजमात होगी। निविदा का वाहन का अवलोकन नीलामी के समय कर सकते है बाद में कोई आपत्ति मान्य नही होगी। नीलामी विक्रय उपरातन्त पुलिस विभाग को कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा, निविदा की अंतिम प्रकिया तक किसी भी बिन्दु पर निर्णय का अंतिम अधिकारी निर्णय अधिकारी का होगा। निविदाकार को फोटो युक्त पहचान पत्र स्वप्रमाणित देना होगा प्रत्येक निविदाकार को बोली में भाग लेने के पूर्व नीलामी स्थल पर 500/- रुपए केश रसीद के रूप में जमा करने होंगे जो किसी भी हालत में वापस योग्य नहीं होंगे। एवं जमानत राशि 10000/- जमा करानी होगी जो वापसी योग्य होगी या वाहन क्रय करने की दशा में विलोपित किये जायेगे। धरोहर राशि राजकोष में जमा की जावेगी।

| क्र. | वाहन क्रमांक | चेचिस क्रमांक | इंजिन नं. | वाहन प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MP22E9016 | 99K19C20402 | | हीरो होण्डा |
| 2 | MP22M4209 | MD2DHDJZZNCE38578 | DJGBNE52553 | पल्सर बजाज |
| 3 | MP22MB3826 | MD2DDDZZZTPE23000 | DUUBTE31827 | बजाज प्लेटिना |
| 4 | MP22MA3129 | MD2DHDJZZRCG74464 | DJGBRG90011 | बजाज पल्सर |
| 5 | MP22MG2042 | MD2DSJZZZUPK60618 | | बजाज डिस्कवर |
| 6 | MP22B1405 | 556980 | 599349 | हीरो होण्डा |
| 7 | MP22MA6603 | MD625NF1091K62706 | OF1K91056251 | TVS STAR CITY |
| 8 | MP20KH7561 | 06J16C26667 | 06J15M08949 | स्प्लेन्डर |
| 9 | MP22C8663 | 31F94G51280 | 06J15M08949 | बजाज 4-5 चेम्पियन |
| 10 | MP22MA8053 | 04H16C12223 | | हीरो होण्डा |

उपरोक्त धारा 25 पुलिस एक्ट में जप्त सुदा कुल 10 नग दो पहिया, की नीलामी दिनांक 25-4.2025 दिन शुक्रवार को समय 12.00 बजे स्थान थाना परिसर डूण्डासिवनी जिला सिवनी में की जावेगी।

"आज दिनांक 17 अप्रैल 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।"

**नीलामी स्थान:- थाना परिसर डूण्डासिवनी जिला सिवनी**
**नीलामी दिनांक:- 25.04.2025 दिन- शुक्रवार**
**समय:-12.00 बजे**
**सम्पर्क मो.नं. 8269052466**

**अनुविभागीय दण्डाधिकारी**
**सिवनी, जिला- सिवनी**

G-11838/25

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र

जबलपुर अंचल कार्यालय: राईट टाउन, जबलपुर– 482001, फोन: 0761- 2480065 ई–मेल: dzmjabalpur@mahabank.co.in

प्रधान कार्यालय - लोकमंगल 1501, शिवाजीनगर, पुणे - 5

**आधिपत्य नोटिस (स्थावर सम्पत्ति) नियम 8 (1)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता बैंक ऑफ महाराष्ट्र का प्राधिकृत अधिकारी होते हुये वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) सपठित नियम 8 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों एवं जमानतदारों को बकाया देय राशि सहित 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु नोटिस दिया गया था।

ऋणग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा, ऋण ग्रहिताओं और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ उपरोक्त वर्णित संपत्तियों को अधिग्रहण कर लिया गया है। बैंक को बंधक की गई संपत्ति का विवरण, आधिपत्य आदि की जानकारी इस प्रकार है :–

| क्र. | ऋणी एवं जमानतदार का नाम व पता | नोटिस के अनुसार बैंक को देय राशि | बंधक रखी अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शाखा - कटनी<br>उधारकर्ता - मेसर्स राजेश ट्रेडिंग कंपनी, प्रोप: - श्री राजेश मिश्रा पुत्र विष्णु प्रसाद मिश्रा | Rs.20,79,086/- (Rupees. Twenty Lakhs Seventy nine Thousand eighty six only) + Unapplied Interest @ 11.05% p.a. with monthly rate w.e.f 10.02.2025 + penal interest and other charges | बंधककर्ता - राजेश मिश्रा<br>अचल सम्पत्ति के समस्त भू-भाग व अंश जो पंजीकरण जिले कटनी उप-जिला कटनी के ग्राम चाका में स्थित हैं जिनका माप 3000 वर्ग फीट है और जिनका सीटीएस/सर्वेक्षण क्रमांक 180/106, 182/106, 190/106, 194/106 है, पीएच नंबर 40, एनबी 234, खसरा नंबर 180/106, 182/106, 190/106, 194/06, प्लॉट नंबर 08 और 09, ग्राम चाका, जिला- कटनी पर स्थित है इस प्रकार सीमाबद्धः- उत्तर: 15' चौड़ी कच्ची सड़क, पूर्व:- अन्य संपत्ति, पश्चिम: जानकी ठाकुर की भूमि, दक्षिण: 15' चौड़ी सड़क | 10.02.2025<br>21/04/2025 |

ऋणग्रहिताओं/बंधककर्ताओं को विशिष्टतः और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा उपरोक्त संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त खातों की वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज के लिये बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रभार के अनुसार होगा। ऋण ग्रहिताओं का ध्यान सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 8(13) की ओर बंधक सम्पत्ति को वापस लेने हेतु आकर्षित किया जाता है।

**स्थान – जबलपुर, दिनांक: 23/04/2025** **प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र**

## PUBLICATION NOTICE
## NATIONAL CONSUMER DISPUTES REDRESSAL COMMISSION
### Under the Consumer Protection Act, 2019

Telephone No. :011-24608801-04, Fax No.: 011-24651505
Email: ncdrc[at]nic[dot]in, Website: www.ncdrc.nic.in

Upbhokta Nyay Bhawan 'F'- Block, General Pool Office Complex, INA, NEW DELHI-110023

Revision Petition No. 605/2024
(Against the order dated 17.01.2023 in Appeal Number No. 22/22 of 2022 of the State Commission, Chhattisgarh)
ORIENTAL INSURANCE COMPANY LTD., ......Petitioner/Appellant Versus
SMT. FOOL BAI & ANR. .....Opposite Party/Respondent (s)

Revision Petition No. 662/2024
(Against the order dated 17.01.2023 in Appeal Number No. 22/24 of 2022 of the State Commission, Chhattisgarh)
ORIENTAL INSURANCE COMPANY LTD., .....Petitioner/Appellant Versus
SMT. SEMWATI & ORS. .....Opposite Party/Respondent(s)

(Against the order dated 13.04.2023 in Appeal Number 35/2022 of the State Commission,
Revision Petition No. 663/2024 Chhattisgarh)
ORIENTAL INSURANCE COMPANY LTD., ......Petitioner/Appellant
Versus
SMT. SAVITRI BAI & ANR., .....Opposite Party/Respondent(s)

Revision Petition No. 666/2024
(Against the order dated 08.02.2023 in Appeal Number 51/2022 of the State Commission,Chhattisgarh)
ORIENTAL INSURANCE COMPANY LTD., .....Petitioner/Appellant Versus
SMT. KUNTI & ANR., .....Opposite Party/Respondent(s)

Revision Petition No. 667/2024
(Against the order dated 08.02.2023 in Appeal Number 52/2022 of the State Commission, Chhattisgarh)
ORIENTAL INSURANCE COMPANY LTD., . ....Petitioner/AppellantVersus
SMT. TERSIYA BAI & ANR., .....Opposite Party/Respondent(s)

Revision Petition No. 677/2024
(Against the order dated 08.02.2023 in Appeal Number 53/2022 of the State Commission, Chhattisgarh)
ORIENTAL INSURANCE COMPANY LTD., .....Petitioner/Appellant Versus
SMT. RAMBATI & ANR. ....Opposite Party/Respondent(s)

Revision Petition No. 681/2024
(Against the order dated 20.02.2023 In Appeal Number 25/2022 of the State Commission, Chhattisgarh)
ORIENTAL INSURANCE COMPANY LTD., .....Petitioner/Appellant Versus
A.K. MUKHERJEE & ORS. ......Opposite Party/Respondent(s)

To,

1. SMT. FOOL BAI, W/O. LATE RAMCHARAN SINGH, R/O. VILLAGE URANVATOLA, POST, KATKONA, DISTRICT ANUPPUR, MADHYA PRADESH. (R-1 IN RP/605/2024)
2. SUB AREA MANAGER, SOUTH EASTERN COAL FIELDS LTD., AMADAND SUB AREA, JAMUNA, COLLIERY, DISTRICT SHAHDOL, MADHYA PRADESH. (R-2 IN RP/605/2024)
3. SMT. SEMWATI, W/O. LATE LALMAN KENWAT, R/O. VILLAGE NEW DOUBLE STORY QUARTER NO. 6/4, JAMUNA COLLIERY, PS BHALUMUDA, TEHSIL KOTMA, DISTRICT ANUPPUR, MADHYA PRADESH. (R1 IN RP/662/2024)
4. UMA PRASAD, S/O. LATE LALMAN KENWAT R/O. VILLAGE NEW DOUBLE STORY QUARTER NO. 6/4, JAMUNA COLLIERY, PS BHALUMUDA, TEHSIL KOTMA, DISTRICT ANUPPUR, MADHYA PRADESH.
5. MANOJ, S/O. LATE LALMAN KENWAT, R/O. VILLAGE NEW DOUBLE STORY QUARTER NO. 6/4, JAMUNA COLLIERY, PS BHALUMUDA, TEHSIL KOTMA, DISTRICT ANUPPUR, MADHYA PRADESH. (R3 IN RP/662/2024)
6. SANTOSH, S/O. LATE LALMAN KENWAT, R/O. VILLAGE NEW DOUBLE STORY QUARTER NO. 6/4, JAMUNA COLLIERY, PS BHALUMUDA, TEHSIL KOTMA, DISTRICT ANUPPUR, MADHYA PRADESH. (R4 IN RP/662/2024)
7. DEPUTY REGIONAL MANAGER, SOUTH EASTERN COAL, FIELDS LTD., DHANPURI, P.O. SANJAY KOYLA NAGAR, O.C.M. DHANPURI, DISTRICT ANUPPUR, MADHYA PRADESH. (R2 IN RP/663/2024)
8. SMT. KUNTI, W/O. LATE NANDI, VIVEK KUMAR, THROUGH CHANDRABHAN PRASAD, BARTUNGA PARAASPAANI, M41/2, POST CHIRMIRI, DISTRICT KORIA CG (R1 IN RP/666/2024)
9. SMT. TERSIYA BAI, WD/O. LATE SEVA CHAUDHARY, R/O. VILLAGE CHANGORI, P.S. & POST KOTMA, TEHSIL KOTMA, TEHSIL KOTMA, DISTRICT ANOOPPUR, MADHYA PRADESH. (R1 IN RP/667/2024)
11. A.K. MUKHERJEE, S/O. LATE B.P. MUKHERJEE, R/O. RUNGTA COLONY, QUARTER NO. S.O.R.U.B.T. 0026, DISTRICT SHAHDOL, MADHYA PRADESH. (R1 IN RP/681/2024). POST CHIRMIRI, DISTRICT KORIYA, CHHATTISGARH. (R1 IN RP/666/2024
10. SMT. RAMBATI, W/O. LATE DADANLAL PRAJAPATI, R/O. VILLAGE LATAAR, POLICE STATION BHALUMADA, DISTRICT ANUPPUR, MADHYA PRADESH. (R1 IN RP/677/2024)
12. SOUTH EASTERN COAL FIELDS LTD., THORUGH PERSONEL MANAGER, RUGNTA COLONY, DISTRICT SHAHDOL, MADHYA PRADESH. (R2 IN RP/681/2024).

NOTICE

WHEREAS ORIENTAL INSURANCE COMPANY LTD., has filed Revision Petitions No. 605/2024 & 662/2024 & RP/663/2024, RP/666/2024, RP/667/2024, 677/2024 & 681/2024 against the order dated & order dated 17.01.2023 in Appeal Number 22/22 & 22/24/2022 & order dated 13.04.2023 in Appeal Number 35/2022 08.02.2023 in Appeal Number 51/2022 & order dated 08.02.2023 in Appeal Number 52/2022 & order dated 06.04.2023 in Appeal Number 74/2022 & order dated 20.02.2023 in Appeal Number 25/2022 of the State Commission, Chhattisgarh. The abovementioned Revision Petitions are pending before the National Commission, New Delhi wherein you have been arrayed as Respondent.

WHEREAS this Commission has ordered vide order dated 10.02.2025 to effect service upon you by this Publication returnable on 01.05.2025.

NOW, THEREFORE, TAKE NOTICE that you are hereby directed to appear before this Commission in person or through your counsel/authorised representative on 01.05.2025 at 10.30a.m., failing which the Petition will be disposed of ex-parte on merits.

Dated this the 11TH April, 2025.

SECTION OFFICER

Copy to: Mr. Yashish Chandra, Advocate, Office:- 189, Lawyers, Chamber Block-2, Delhi High Court, New Delhi 110003. You are required to publish this Notice Daily Newspapers Namely "Times of India" in English Newspaper Chhattisgarh & Madhya Pradesh) & "Dainik Bhaskar in Local/ Vernacular Newspaper Chhattisgarh & Madhya Pradesh) which has a wide circulation in State/District Chhattisgarh & Madhya Pradesh and file proof thereof.


SECTION OFFICER

हर विधानसभा में बनेगा रामा धाम, वक्फ पर बोले हिंदू समाज को फायदा नहीं

# गौ हत्या होती रहे ये सहिष्णुता नहीं नपुंसकता: शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंदजी

हरिभूमि, जबलपुर।

गौरक्षण और गौ संवर्धन को अपने जीवन का लक्ष्य बना चुके देश के बेहद चर्चित ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने संकल्प लिया है कि देश की सभी 4123 विधानसभा क्षेत्रों में गौ माता के लिए एक-एक रामाधाम का निर्माण करेंगे। प्रत्येक रामाधाम में देशी नस्ल की सौ-सौ गायों को रखा जाएगा। इसके साथ ही देश में चल रहे सभी 3600 बूचड़ खानों के प्रबंधकों को वे पत्र लिखेंगे कि हिंदू समाज की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए वे अपने बूचड़खानों में गोवंश को काटना बंद कर दें। उन्होंने का कि हमारी गौ माता कटती रहें और हम सहिष्णु,अहिंसक होने का रोना रोते रहें ये ठीक नहीं,ये सहिष्णुता नहीं नपुंसकता है।



उन्होंने आशा व्यक्त की है कि हिंदू समाज की भावना को आदर के भाव से बूचड़ खानों की प्रबंध समिति देखेगी। शंकराचार्य बगलामुखी मठ में रुके महाराजश्री पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। महाराजश्री ने दो टूक कहा कि यदि हमारी भावनाओं का आदर नहीं किया जाता और हमारे पत्र के बाद भी बूचड़खानों में गायों का कटना बंद नहीं किया गया तो फिर गायों की रक्षा हम अपने हिसाब से करेंगे। ये पूछे जाने पर कि क्या ये कदम विधि सम्मत होगा? महाराजश्री ने कहा कि संविधान की धारा 48 हमें इसका अधिकार देती है। इस धारा में गौ रक्षण और गो संवर्धन का अधिकार दिया गया है। हमारे सामने हमारी मां को काटा जाएगा तो हम चुप नहीं रहेंगे। महाराजश्री ने कहा कि उनके द्वारा जारी गौ आंदोलन का अब तक की बड़ी उपलब्धि यही रही है कि वे इस आंदोलन के कारण वे और देश जान गया है कि देश की कोई भी पार्टी गौ माता के रक्षण और गौ माता के वध रोकने के पक्ष में नहीं है।

### सात दिवसीय गौ प्रतिष्ठापन यज्ञ करेंगे

शंकराचार्य महाराज ने कहा कि हमने हर दल के प्रमुखों से इस मुद्दे पर अपनी बात स्पष्ट करने कहा, लेकिन किसी ने इस पर स्पष्टत राय नहीं दी। ऐसे में हम सरकार के भरोसे न रह कर अपने स्तर पर काम करने मजबूर हैं।महाराजश्री ने कहा कि पूरे देश में रामाधाम की स्थापना के साथ ही वे सप्त दिवसीय गौ प्रतिष्ठापन यज्ञ का आयोजन भी करेंगे। आज इस बारे में शहर के लोगों से चर्चा होगी। इस यज्ञ के माध्यम से लोगों को गौ रक्षा का संकल्प दिलाया जाएगा।

### गौ रक्षा मतदाता बनें

शंकराचार्य महाराज ने ये भी कहा कि वे गौ समर्थित सरकार या दल की चिंता छोड़ अब गौ समर्थित मतदाता तैयार करेंगे। संकल्प दिलाया जाएगा कि वे उसी दल की सरकार चुनें जो गौ हत्या बंद करने की बात कहे।

### वक्फ बोर्ड केन्द्र सरकार की नूरा कुश्ती

वक्फ को लेकर हुई चर्चा में महाराजश्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी एक वीडियो में मुस्लिम समाज के लोगों से कह रहे हैं कि छह सालों तक मुस्लिमों के प्रतिष्ठित जनों से चर्चा के बाद ये बिल लाया गया है। उनकी बात ये साबित करती है कि ये वक्फ बिल मुस्लिम समाज के साथ सांठगांठ करके ही लाया गया है। इससे हिंदू समाज को कोई फायदा नहीं होने वाला। वक्फ बिल पास हो गया,राष्ट्रपति के हस्ताक्षर हो गए अब तक एक इंच भूमि भी वक्फ बोर्ड से वापस ली हो तो बताएं।

### बाबा बागेश्वर के पीएम से मिलने के बाद क्यों बदले सुर-

पत्रकार वार्ता में शंकराचार्य महाराज ने बाबा बागेश्वर पर हिन्दू राष्ट्र के बजाए हिन्दू गांव बनाने की बात पर सवाल किया है। उन्होंने कहा जो व्यक्ति हिन्दू राष्ट्र बनाने की बात कर रहा था, पीएम मोदी से मिलने के बाद उनके सुर क्यों बदल गए, अब ऐसा क्या हो गया कि वे हिन्दू गांव बनाने की बात करने लगे। ऐसा क्या हो गया? ये तो वही बात हो गई कि हाथी बनाने चले थे और अब चूहा बनाने लगे। पीएम से मिलने के बाद यह परिवर्तन क्यों आया, उनसे दो सवाल पूछा जाना चाहिए पहले आप हिन्दू राष्ट्र बनाने की बात कर रहे थे और अब हिन्दू गांव क्यों बना रहे हैं। जिस गांव में बाबा बागेश्वर रहते हैं, वहां बागेश्वर बाबा हैं, वह आपका गांव है और क्या आपके गांव में हिन्दू नहीं रहते? ये उनसे पूछा जाना चाहिए।



झुलसा देने वाली धूप से जन जीवन परेशान

# पारा फिर पहुंचा 42 डिग्री पर

हरिभूमि जबलपुर।

गर्मी अप्रैल के अंतिम सप्ताह में अपने प्रचंड रूप में आ गई है। मंगलवार 22 अप्रैल को पारे ने फिर 42 डिग्री की उछाल बनाई।

मौसम विभाग की मानें तो दक्षिणी पश्चिमी हवाओं के संगम से पारे में एकदम तेज उछाल आई। अप्रैल में ही ये हाल हैं तो मई के महीने में क्या होगा। आमतौर पर 41-42 डिग्री तापमान मई के महीने में जाता है। इस बार अप्रैल में ही गर्मी ने रिकार्ड तोड़ दिया। मंगलवार को आसमान से आग उगल रही थी। हवाओं में नमी खत्म हो जाने से मौसम शुष्क हो चला है, जो तापमान को बढ़ने का मौका दे रहा है। अप्रैल के पहले पखवाड़े में गर्मी अपना जोरदार असर दिखा रही है। अप्रैल के सीजन में पहली बार पारा 42 डिग्री के करीब पहुंचा। कल दिन में धूप के थपेड़े बदन पर मार कर रहे थे। सड़कें दोपहर में वीरान नजर आ रही थीं। शादी व्याह वाले परिवार के लोग पसीना बहाते गमछा लपेट कर शीतल पेयों के सहारे किसी तरह अपना काम निपटा रहे थे। काम से थके लोगों को छांव की तलाश और शीतल हवाओं की दरकार महसूस हो रही थी।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार हवा में नमी एकदम घट गई है। आसमान पूरी तरह साफ है। गर्म राज्यों दक्षिणी और पश्चिमी दिशा से आ रही गर्म हवाओं के कारण तापमान को मनमानी करने का मौका मिल गया। फिलहाल मौसम शुष्क बना हुआ है। कोई अप्रत्याशित स्वभाव मौसम का नहीं बदला तो अब गरमी अपना असर दिखाएगी। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले २४ घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 42.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 47 प्रतिशत और सायंकाल 33 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.42 बजे और सूर्यास्त शाम 8.34 बजे हुआ। उत्तर पश्चिमी हवायें 5-6 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे अधिक 44.6 डिग्री तापमान सीधी जिले में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 35.6 और न्यूनतम तापमान 25.9 डिग्री सेल्सियस रहा। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा।

भेड़ाघाट तेवर में आफिस से चांदी की मूर्तियां ले गये चोर

# विद्युत कनिष्ठ अभियंता के सूने घर में चोरी

**जबलपुर।** माढोताल थाना अंतर्गत स्टार सिटी फेस टू में विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर डेढ लाख



रुपये जेवर और 8 हजार रुपये नगदी चोरी कर ले गये. इसी प्रकार भेड़ाघाट थाना अंतर्गत तेवर में एक आफिस में सेंधमारी कर चांदी मूर्तियां चोरी हो गईं. घटना के संबंध में माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्टार टू फेस 2 करमेता निवासी कनिष्ठ अभियंता 9 अप्रैल की सुबह 7.30 बजे घर में ताला लगाकर सपरिवार बिहार अपने गांव गये थे. इस दौरान 17 अप्रैल सुबह 8 बजे उन्होंने अपने घर के सीसीटीवी कैमरे को आनलाईन मोबाईल पर देखा तो पूरा घर अस्त व्यस्त दिखा और मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। उसने तत्काल अपने पड़ोसी पवन यादव को फोन कर घटना की जानकारी दी और उसका घर चैक करने के लिये कहा।

चोर उसके घर की आलमारी मे रखे सोने चांदी के जेवर जिसमें सोने की 1 बेंदी, 1 नथ चैन लगी हुयी, एक जोड़ी बाली, एक जोड़ी सुई धागा , 4 नग लोंग, 2 लाकेट, चांदी की 6 जोड़ी पायल, 8 सिक्के तथा नगदी 8 हजार रूपये चुरा कर ले गये. पुलिसे ने रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### आफिस से चांदी की मूर्तियां चोरी

इसी प्रकार भेड़ाघाट थाना अंतर्गत तेवर में स्थित एक ट्रक डीलरशिप के आफिस में पीओपी की सीलिंग तोड़कर केबिन के अंदर घुसे चोर चांदी की चार मूर्तियां, एक कलश जिनकी कीमती लगभग 45 हजार रूपये के चोरी रुपये है. पुलिस ने आफिस के मालिक नेपियर टाउन निवासी राजकुमार जैन की रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## 12 वर्ष पूर्व अनिवार्य सेवानिवृत्त कर्मी को पुनः सेवा में वापस लें हाई कोर्ट का आदेश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने12 वर्ष पूर्व अनिवार्य सेवानिवृत्त कर्मी को वापस सेवा में लेने का राहतकारी आदेश पारित किया। जस्टिस विवेक जैन की कोर्ट ने अनिवार्य सेवानिवृत्ति के आदेश को विधि विरुद्ध पाते हुए निरस्त कर दिया। याचिकाकर्ता पन्ना निवासी चंद्रेश वाल्मीक की ओर से अधिवक्ता रमाकांत अवस्थी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता को वर्ष 2012 में मनमाने तरीके से अनिवार्य सेवानिवृत्त कर दिया गया था। वह स्टोर कीपर के पद पर कार्यरत था। इस रवैये के विरुद्ध आवेदन-निवेदन का कोई असर नहीं हुआ। लिहाजा, हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है। कोर्ट ने मामले की अंतिम सुनवाई करते हुए अपने आदेश में साफ किया कि याचिकाकर्ता को सुनवाई का समुचित अवसर दिए बिना सेवा से पृथक किया गया था। इस वजह से वह अवसाद तक में चला गया। ऐसा इसलिए भी क्योंकि उसे अनिवार्य सेवानिवृत्ति होने के बावजूद पेंशन व अन्य लाभ प्रदान नहीं किए गए। इसलिए अनिवार्य सेवानिवृत्ति का आदेश अनुचित पाकर निरस्त किया जाता है।

कलेक्टर व आदिवासी कल्याण विभाग सहित अन्य को नोटिस

## गैर वनवासियों को समितियों में शामिल करने पर जवाब तलब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने गैर वनवासियों को समितियों में शामिल करने पर राज्य सरकार व अन्य से जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने आदिवासी कल्याण विभाग, बुरहानपुर कलेक्टर सहित अन्य को नोटिस जारी किए । छह सप्ताह बाद अगली सुनवाई होगी। इस बीच सभी को जवाब प्रस्तुत करने निर्देश दिए गए । बुरहानपुर निवासी जितेन्द्र रावतोले ने याचिका दायर की है। उनकी ओर से अधिवक्ता सूर्यप्रकाश पाठक ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि वनवासियों के उत्थान के लिए गठित होने वाली जिला स्तरीय कमेटी में नियम विरुद्ध तरीके से गैर वनवासियों को शामिल कर मनमाने तरीके से पट्टे आवंटन कर दिए गए हैं। नेशनल कमीशन फार एसटी द्वारा वन भूमि में निवास करने वाले वनवासियों के उत्थान के लिये हर जिले में जिला स्तरीय कमेटी गठित की गई है, जो कि उन्हें समय-समय पर रहने के लिए पट्टों का आवंटन व उनके विकास के कार्य करती है। इसके लिए वर्ष 2008 में नोटिफिकेशन जारी किया गया था। जिसके तहत जिला स्तरीय कमेटी में जिला कलेक्टर, वन अधिकारी व तीन पंचायत सदस्य होंगे, जिसमें एक पद महिला व दो पदों पर आदिवासी होंगे। सितंबर, 2024 में डायरेक्टर नेशनल कमीशन फार एसटी ने मनमाने तरीके से जिला स्तरीय कमेटी गठित कर दी। जिसमें कलेक्टर, वन अधिकारी को तो शामिल किया गया। लेकिन पंचायत के तीन सदस्यों में अन्य जाति के लोगों को शामिल कर दिया गया, उसमें आदिवासियों को शामिल नहीं किया गया। इतना ही नहीं एक भी महिला सदस्य भी नहीं है। इसी मनमाने रवैये को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट की शरण ली गई है। मामले में राहत चाही गई है कि उक्त कमेटी को भंग कर नियमानुसार कमेटी का गठन किया जाए।

विदाई समारोह में बोले जस्टिस सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी

# इंद्रधनुषी यादों की सौगात लेकर जा रहा हूं

हरिभूमि जबलपुर।

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट से केरल हाईकोर्ट स्थानांतरित हुए जस्टिस सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारीअपने विदाई समारोह में भावविह्वल हो गए उन्होंने कहा कि यहां से इंद्रधनुषी यादों की सौगात लेकर जा रहा हूं। यहां बार और बेंच, दोनों का भरपूर सहयोग मिला। इसलिए, कृतज्ञता ज्ञापन अपना परम धर्म समझता हूं। वे हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सिल्वर जुबली आदर्श सभागार में अपने सम्मान में आयोजित विदाई समारोह में बोल रहे थे।




इस दौरान चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत, प्रशासनिक न्यायाधीश संजीव सचदेवा, एमपी स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन राधेलाल गुप्ता, अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत रूपराह, हाई कोर्ट बार अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, सचिव परितोष त्रिवेदी, हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार सचिव निखिल तिवारी और जिला बार एसोसिएशन, जबलपुर के अध्यक्ष मनीष मिश्रा मंचासीन थे। वक्ताओं ने कहा कि सात अप्रैल, 2016 को मप्र हाई कोर्ट को न्यायमूर्ति सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी के रूप में उपहार मिला था। अब यह उपहार केरल हाई कोर्ट की झोली में चला गया है। उम्मीद है कि न्यायमूर्ति धर्माधिकारी अपनी चिरपरिचित ऊर्जा के साथ वहां भी सबसे प्रिय हो जाएंगे। हाई कोर्ट बार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित जैन, उपाध्यक्ष प्रशांत अवस्थी, सह सचिव योगेश सोनी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, पुस्तकालय सचिव रजनीश उपाध्याय, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुशवाहा, सपना तिवारी, विनोद मिश्रा, गमि तिवारी, रविंद्र प्रताप सिंह, प्रियंक चंसौरिया, स्मिता केहरी ने स्वागत किया।

हाई कोर्ट की फुल बेंच ने आबकारी अधिनियम की धारा को असंवैधानिक घोषित किया

# अब अपराध में शामिल वाहन राजसात करने का अधिकार कलेक्टर नहीं, ट्रायल कोर्ट को होगा

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने आबकारी अधिनियम की उस धारा को असंवैधानिक घोषित कर दिया, जिसके अंतर्गत अवैध शराब आदि अपराधों में शामिल वाहन को राजसात करने का अधिकार कलेक्टर के पास था।चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत, जस्टिस सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी व जस्टिस विवेक जैन की फुल बेंच ने यह महत्वपूर्ण निर्णय दिया। इस महत्वपूर्ण आदेश के पारित किए जाने के साथ ही राजसात करने का अधिकार अब ट्रायल कोर्ट को मिल गया है। हाई कोर्ट ने इस आदेश के साथ ही उस समस्या को निर्मूल कर दिया गया है,



जो ट्रायल पूरी होने के बाद वाहन मालिक के दोषमुक्त होने की दशा में पैदा होती थी। नवीन व्यवस्था के अंतर्गत अब वाहन वापस हासिल करने के लिए अपेक्षाकृत विधिसम्मत प्रक्रिया अपनाई जा सकेगी। ट्रायल कोर्ट इस सिलसिले में सुनवाई का अवसर मुहैया कराएगी।

### गोवंश अधिनियम में कलेक्टर को राजसात का अधिकार

हाई कोर्ट की फुल बेंच ने अपने आदेश में एक और महत्वपूर्ण व्यवस्था दी है। इसके अंतर्गत गोवंश अधिनियम के अंतर्गत होने वाले अपराध में कलेक्टर वाहन को तब राजसात कर सकेंगे जब ट्रायल कोर्ट आरोपित को सजा सुना देगी और वाहन का उपयोग होना साबित हो जाएगा। हाई कोर्ट का यह आदेश उन सभी विचाराधीन प्रकरणों पर प्रभावी होगा जिसमें आज की तिथि तक जिला दंडाधिकारी ने राजसात या जब्ती का आदेश नहीं दिया है।

### यह है मामला

सागर निवासी राजेश विश्वकर्मा, तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर निवासी रामलाल झारिया व अन्य की ओर से अधिवक्ता विवेक रंजन पांडे, जयंत नीखरा, संजीव नीखरा सहित अन्य ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आबकारी अधिनियम-1915 की धारा 47-ए की संवैधानिकता वैधता चुनौती के योग्य है। वर्तमान में इस धारा के अंतर्गत वाहन को राजसात करने का अधिकार कलेक्टर के पास है। इसी भांति गोवंश अधिनियम-2004 का वह प्रविधान भी चुनौती के योग्य है, जिसके अंतर्गत अपराध में शामिल वाहन को राजसात करने का अधिकार कलेक्टर को है। अलग-अलग बेंच में लगे इन मामलों में उठाए गए वैधानिक प्रश्न के निराकरण के लिए फुल बेंच को रेफर किया गया था। मैराथन सुनवाई के दौरान अधिवक्ता विवेक रंजन ने दलील दी कि कई बार मालिक की मर्जी बिना भी वाहन का उपयोग होता है। लंबी ट्रायल के चलते राजसात वाहन कंडम हो जाते हैं और उनकी नीलामी हो जाती है। कई लोग ऋण लेकर वाहन खरीदते हैं। वाहन जब्त होने से मालिक को अपूर्णीय क्षति होती है। हाई कोर्ट ने तर्कों से सहमत होकर उक्त प्रावधान को असंवैधानिक घोषित कर दिया।

## महाधिवक्ता प्रशांत सिंह के खिलाफ दायर याचिका ली वापस

**जबलपुर।** महाधिवक्ता प्रशांत सिंह पर नर्सिंग कॉलेज मामले की पैरवी के लिए अलग से फीस लेने व एजी आफिस में शासकीय अधिवक्ताओं की नियुक्ति में मनमानी सहित अन्य आरोपों संबंधी याचिका बुधवार को वापस ले ली गई। इसी के साथ प्रकरण का पटाक्षेप हो गया। इससे पूर्व भी इसी प्रकृति का एक आवेदन निरस्त कर दिया गया था। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ओबीसी एडवाकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर पक्ष रखने खड़े हुए। उन्होंने याचिका के समर्थन में विभिन्न तर्क प्रस्तुत किए। किंतु हाई कोर्ट ने तर्क दरकिनार कर साफ किया कि यह याचिका ठोस तथ्यों व दस्तावेजी आधारों के बिना दायर करने की त्रुटि की गई है। यही नहीं एक ही याचिका में विविध बिंदु समाहित कर लिए गए हैं। नियमानुसार प्रत्येक बिंदु पर आधृत पृथक याचिका दायर होनी चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने हाई कोर्ट की इस टिप्पणी के उपरांत बिना विलंब किए याचिका वापस लेने का आग्रह कर दिया, जिसे स्वीकार कर लिया गया।

सरकारी स्कूलों के लिए मोहन सरकार का आनंद प्लान

# स्कूलों में लगेगी मस्ती की पाठशाला

बच्चे सीखेंगे स्ट्रेस मैनेजमेंट के साथ जीवन जीने की कला

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र की मोहन सरकार अब सरकारी स्कूलों में मस्ती की पाठशाला लगाने जा रही है। दरसअल, सरकारी स्कूल की पढ़ाई बेहतर बनाने के साथ सराकार बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रही है। इसी के तहत मोहन सरकार शासकीय स्कूलों के लिए आनंद योजना लेकर आ रही है। इसके तहत अब स्कलों में कोर्स की पढ़ाई के साथ बच्चों को जीवन जीने की कला और स्ट्रेस मैनेजमेंट की ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

इसके लिए सरकारी स्कूलों में अलग से आनंद का एक पीरियड लगाया जाएगा, जिसमें हायर सेकंडरी के बच्चों को जीवन जीने और तनाव मुक्त रहने की कला सिखाई जाएगी। दरअसल, स्कूली बच्चों में स्ट्रेस और प्रतिस्पर्धा को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने आनंद विभाग के साथ अनुबंध किया है। इसमें आनंद विभाग शिक्षकों को पहले ट्रेनिंग देगा, फिर वही शिक्षक बच्चों को प्रशिक्षित करेंगे। ऐसे में इसे मस्ती की पाठशाला भी कहा जा रहा है, जो बच्चों के लिए काफी फायदेमंद भी होगी।



### इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों में भी आनंद पीरियड

सरकार की मंशा है कि जिस तरह सरकारी स्कूलों में आनंद की कक्षाएं शुरु की जा रही है। इसी तरह प्रदेश के इंजीनियरिंग, मेडिकल, एनटीटीटीआर और अन्य कालेजों में भी स्ट्रेस मैनेजमेंट और आर्ट आफ लिविंग की शिक्षा दी जाए। इसके लिए राज्य आनंद संस्थान ने पूरी तैयारी कर ली है। इधर सरकारी स्कूलों में बच्चों को ट्रेनिंग देने के लिए 4 हजार सरकारी शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। बता दें कि अभी 24 से 29 मार्च तक सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए वर्चुअल क्लासेस भी लगाई गई थी, जिसमें 3500 से 4 हजार बच्चों ने भाग लिया था।

### 2 हजार सरकारी स्कूलों से होगी शुरुआत

बता दें कि स्कूल शिक्षा विभाग पहले भी सीएम राइज और मॉडल स्कूलों में मस्ती की पाठशाला का प्रयोग कर चुका है। इसके सकारात्मक परिणामों को देखते हुए अन्य सरकारी स्कूलों में भी मस्ती की पाठशाला लगाने का फैसला लिया गया है। हालांकि, पहले चरण में 2 हजार स्कूलों में मस्ती की पाठशाला की शुरुआत होगी। इसके बाद प्रदेश के अन्य सरकारी स्कूलों के हायर सेकंडरी के बच्चों के लिए आनंद क्लास लगाई जाएगी।

### पहली बार हायर सेकंडरी स्कूलों में मस्ती की पाठशाला

राज्य आनंद संस्थान के डायरेक्टर सत्य प्रकाश आर्य ने बताया कि पहली बार सरकारी स्कूलों में आनंद की क्लास लगाई जाएगी। नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों को स्कूली शिक्षा देने के साथ उनको मानवीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा देना भी अनिवार्य है। इसी के तहत स्कूलों में आर्ट ऑफ लिविंग और स्ट्रेस मैनेजमेंट की ट्रेनिंग दी जा रही है। इसके साथ ही शिक्षकों को भी 6 दिनों का प्रशिक्षण आनंद संस्थान द्वारा किया जाएगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240